रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-236 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज

### जगदीप धनखड़ ने दिलाई पांच नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को सदन के पांच नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। राज्यसभा सचिवालय ने यहां बताया कि संसद भवन में सभापति के कक्ष में राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों भीम सिंह, परमार जसवंत सिंह सालम सिंह, संगीता, नवीन कुमार और सुधांशु त्रिवेदी को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई गई।

### बसपा ने की तीन प्रत्याशियों की घोषणा

**रायपुर।** चुनाव के पहले बसपा ने तीन और प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। कोरबा से दुजराम बौद्ध को मैदान में उतारा है। दुर्ग से दिलीप कुमार रामटेके को प्रत्याशी चुना है। रायपुर से ममता रानी साहू को टिकट दिया गया है। इससे पहले बसपा ने 2 अप्रैल को दूसरी सूचनी जारी की थी। जिसमें तीन प्रत्याशियों की घोषणा की गई थी। राजनांदगांव से देवलाल सोनवंशी को मैदान में उतारा था। महासमुंद से बसंत सिन्हा को प्रत्याशी बनाया गया था। कांकेर से तिलकराम मरकाम बसपा के प्रत्याशी बनाए गए थे। यह तीन नाम प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने घोषित किए थे।

### न्यायिक रिमांड में जेल भेजे गए अनवर ढेबर और अरविंद सिंह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार में हुए दो हजार करोड़ के कथित शराब घोटाला मामले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की गिरफ्त में आए अनवर ढेबर और अरविंद सिंह की तीसरी रिमांड को खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया गया। ईओडब्ल्यू ने न्यायिक रिमांड के दौरान अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को अलग-अलग जेल में रखने का कोर्ट के समक्ष आवेदन लगाया। फिलहाल अनवर ढेबर और अरविंद सिंह 14 दिन की न्यायिक रिमांड में जेल भेजे गए है।

# बस्तर लोकसभा सीट में मतदान आज, सुरक्षा में 60 हजार जवान तैनात

## पहले चरण में 811 मतदान केंद्रों से मिलेंगी लाइव वीडियो

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव के पहले चरण में छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा सीट पर आज होगा मतदान। इसके लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारियां कर ली है। निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने बताया कि नक्सली इलाका होने के कारण यहां पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस सीट के लिए दो अलग-अलग समय पर मतदान होगा। उन्होंने मतदाताओं को निष्पक्ष रूप से वोट करने की अपील की है। बस्तर लोकसभा चुनाव के लिए कुल 1961 मतदान केंद्र बनाया गया है, जिसमें 1957 मूल मतदान केंद्र हैं। वहीं चार सहायक मतदान केंद्र बनाया गया है। लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले छह विधानसभा में सुबह सात से तीन बजे तक मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने बताया कि बस्तर और जगदलपुर में सुबह सात से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। वहीं 800 मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की जाएगी।

### 60 हजार जवान हैं तैनात

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस सीट पर 196 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। इसके सुरक्षा को लेकर सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम कर चुकी है। बस्तर में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए पिछले एक सप्ताह से 60 हजार जवान तैनात हैं।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी वेबकास्टिंग के जरिए मतदान प्रक्रिया पर रखेंगी नजर



लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रदेश में प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में हो रहे मतदान की पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले स्वयं नियंत्रण कक्ष के माध्यम से निर्वाचन गतिविधियों की निगरानी कर रही हैं। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 1961 मतदान केंद्रों में से 811 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी। मतदान के पहले सभी केंद्रों से टेस्टिंग भी सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में स्थापित कमांड एवं कंट्रोल सेंटर में 16 बड़ी स्क्रीन पर एक साथ 144 मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग के जरिए लाइव वीडियो देखी जा सकेगी। जिलावार एवं विधानसभावार हर 30 सेकंड में मतदान केंद्र स्क्रीन पर बदलेंगे जिससे सभी मतदान केंद्रों से आ रहे वीडियो को बारी-बारी से देखा जा सके। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए वेबकास्टिंग के माध्यम से कुल मतदान केंद्रों में से आधे मतदान केंद्रों से सीधी तस्वीरें प्राप्त की जा रही हैं। निर्वाचन के दौरान मतदान केंद्रों से सीधी तस्वीरें प्राप्त करने के लिए कैमरे स्थापित किए गए हैं। यह पहली बार है कि मतदान केंद्र के अंदर के साथ ही बाहर भी कैमरे लगाए गए हैं जिससे मतदाताओं की कतारों तथा बाहर की अन्य गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। लोकसभा निर्वाचन के दौरान पहले चरण में जहां 811 मतदान केंद्रों से सीधी तस्वीरें प्राप्त की जाएंगी, वहीं दूसरे चरण में होने वाले तीन लोकसभा क्षेत्रों के लिए 3243 मतदान केंद्रों से तथा तीसरे और अंतिम चरण में सात लोकसभा क्षेत्रों में मतदान के दौरान 7856 मतदान केंद्रों से लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। इस प्रकार तीनों चरणों में कुल 11 हजार 910 मतदान केंद्रों पर वेब-कास्टिंग के जरिए मतदान की गतिविधियों पर नजर रखी जाएंगी। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन को लाइव वीडियो के माध्यम से जिला स्तर के साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय तथा भारत निर्वाचन आयोग के मुख्यालय स्तर पर देखा जा सकेगा।

### आम चुनाव के पहले चरण में 102 सीटों पर मतदान की तैयारी पूरी, आज मतदान



**नयी दिल्ली।** आम चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में 102 संसदीय सीटों के लिए सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा। जिसके लिए चुनाव अधिकारी मतदान केन्द्रों पर पहुंचा दिये गये हैं। पहले चरण में लोक सभा के साथ साथ अरुणाचल प्रदेश और सिक्कि म विधानसभा कुल 92 सीटों के लिए भी मतदान कराये जाएंगे। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं और उम्रदराज और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। लोक सभा के पहले चरण के चुनाव में 16.63 करोड़ मतदाता केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल सहित कुल आठ केन्द्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल 1605 प्रत्याशी के चुनावी भविष्य का फैसला करेंगे। आयोग की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार मतदान कल सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान कराया जाएगा। आयोग के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर मतदान के समय अलग-अलग भी हो सकते हैं। इसके लिए सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव कराने वाली अधिकारियों की टीमें ईवीएम मशीनों के साथ पहुंचा दी गयी हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आम चुनाव-2024 के पहले चरण के मतदान दिवस की पूर्व संध्या पर देश के 97 करोड़ मतदाताओं के नाम संदेश में कहा, आप अपना वोट डालें और 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' के उत्सव में भाग लें।

# मोदी के हाथों में पहुंची, अनूठी कॉफी टेबल बुक 'सबके राम'

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया कि श्रीराम जन्मभूमि के मंदिर के लिए सदियों के संघर्ष, बलिदान, समर्पण, त्याग, विजय एवं सामाजिक चेतना के उद्घोष की कहानी पूरे विश्व के भारत वंशियों तक पहुंचनी चाहिए। मोदी ने यहां भारत प्रकाशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरुण गोयल एवं पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर के हाथों पांचजन्य द्वारा एक कॉफी टेबल बुक 'सबके राम' के रूप में प्रकाशित 500 वर्षों के श्री राम जन्मभूमि के संघर्ष की गाथा को ग्रहण करने के बाद उक्त उद्गार व्यक्त किये। खास बात यह है कि इस पुस्तक को पढ़ने के साथ साथ हिंदी और अंग्रेजी में सुना भी जा सकता है। इस पुस्तक में भगवान राम और उनकी अयोध्या के बारे में वैज्ञानिकता से देखने का प्रयास किया गया है। यह किताब साक्ष्यों के आधार पर लोगों के अनेकों अनसुलझे प्रश्नों का उत्तर देगी। डिजीटल सुविधा से संपन्न इस अनूठी कॉफी टेबल बुक को हाथ में जैसे ही प्रधानमंत्री ने लिया, वैसे ही सुंदरकांड की चौपाई 'रामकाज कीन्हे बिनु मोहि कहां विश्राम' गूंजी। इसे सुन कर प्रधानमंत्री मोदी भावुक हो गये। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सभी प्रमुख विभूतियों और अलग-अलग देश में सभी भारतवंशियों तक सदियों के संघर्ष और सत्य की जीत की यह गाथा अवश्य पहुंचे। हितेश शंकर ने पुस्तक की विषयवस्तु पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत के कण कण में राम हैं। आध्यात्म, इतिहास, मिथक या विज्ञान क्या है। 'सबके राम', राम जन्म भूमि और जन्म तिथि का सच, अयोध्या के इतिहास को उसके वर्तमान से जोड़ता अध्याय, ऐसी तमाम बातों को कहती एक अनूठी पुस्तक है। अयोध्या में राम मंदिर के लिए 500 वर्षों का संघर्ष अब सार्थक हो गया है। दुनिया भर के करोड़ों रामभक्तों का अपने आराध्य की जन्मभूमि पर मंदिर का सपना साकार हो चुका है। इस पुस्तक में राम मंदिर की नींव में दबे समर्पण, त्याग, बलिदान और सामाजिक चेतना के उद्घोष की अनकही कहानियां हैं। उन्होंने कहा कि संघर्षों की कहानियों, प्रभु राम से जुड़ी आस्थाओं, पौराणिक कथाओं से जुड़े इतिहास और तथ्यों को इस पुस्तक में ज्ञान की प्रामणिकता के साथ एक नए स्वरूप में लाया गया है। इस किताब में आडियो के रूप में प्रभु राम से जुड़ी वह सारी जानकारी मिलेगी जो उनके विराट रूप को सिर्फ भारत में नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श का प्रतीक बनाता है।

# चुनाव आयोग ईवीएम-वीवीपैट संबंधी आशंकाएं दूर करे-उच्चतम न्यायालय

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल की पर्चियों के 100 फीसदी मिलान या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिका पर गुरुवार को चुनाव आयोग से वर्तमान व्यवस्था में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के शामिल होने, छेड़छाड़ रोकने सहित तमाम चुनावी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों से संबंधित तमाम आशंकाओं को दूर करने को कहा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका पर सुनवाई के दौरान उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास से पूछा, आप हमें पूरी प्रक्रिया बताएं कि उम्मीदवारों के प्रतिनिधि कैसे शामिल होते हैं और छेड़छाड़ कैसे रोकी जाती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए।पीठ ने कहा, 'हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए. यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है। शीर्ष अदालत के समक्ष चुनाव अधिकारी ने ईवीएम, इसकी नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपैट की प्रक्रिया को समझाया। शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि वीवीपैट और ईवीएम के बीच कोई विसंगति तो नहीं है?

# कांग्रेस कार्यकर्ता हैं पार्टी की रीढ़ : राहुल गांधी

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए एक वीडियो जारी किया और कहा की कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ तथा कांग्रेस का असली डीएनए हैं। गांधी ने लोक सभा चुनाव के पहले चरण के एक दिन पहले जारी एक वीडियो संदेश में कहा ÷मेरे प्यारे कार्यकर्ता साथियों' आप हमारी पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। मैंने सोचा चुनाव का समय है, मैं आपसे थोड़ी सी सीधी बात कर लूं। ये आम चुनाव नहीं है। ये संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है जिसमें आप जैसे 'बब्बर शेर' कार्यकर्ताओं के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस की सोच और विचारधारा आपके अंदर है, आपकी रगों में हैं। 'उन्होंने कांग्रेस की घोषणा पत्र की तारीफ करते हुए कहा' कांग्रेस का मेनिफेस्टो एक बेहतरीन मेनिफेस्टो है। इसमें हमारी कुछ महत्वपूर्ण गारंटी हैं- गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपए, अप्रेंटिसशिप का अधिकार- सभी ग्रैजुएट्स और डिप्लोमा होल्डर्स को एक साल की अप्रेंटिसशिप और एक लाख रुपए। किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी। मनरेगा श्रमिकों का मेहनताना कम से कम 400 रुपए। कॉन्ट्रैक्ट मजदूरी को खत्म करेंगे। 30 लाख सरकारी नौकरियां देंगे। अग्निवीर को खत्म करेंगे। जीएसटी व्यवस्था को ठीक करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा हमने जनता की बात सुनकर यह मेनिफेस्टो तैयार किया है। आप इसके बारे में देश की जनता को बताइए। उन्हें बताइए कि भाजपा हिंदुस्तान की सोच पर हमला कर रही है, हिंदुस्तान की विचारधारा को खत्म कर रही है, संविधान को मिटाने की कोशिश कर रही है।

## आदिवासी, अनुसूचित जाति, ओबीसी किसी का आरक्षण खत्म नहीं होगा

# जब तक प्रदेश में हमारी सरकार, नहीं बंद होगी महतारी वंदन योजना : विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर/कोरबा
www.dailypioneer.com



महतारी वंदन योजना को लेकर कांग्रेसी भ्रम फैला रहे हैं कि चुनाव के बाद ये योजना बंद हो जाएगी। लेकिन मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूँ कि जब तक प्रदेश में हमारी सरकार रहेगी ये योजना कभी बंद नहीं होगी। योजना का निरंतर लाभ महिलाओं को मिलता रहेगा। कोरबा में एक जन सभा को संबोधित करते हुए विष्णु देव साय ने लोगो को आश्वस्त किया कि आदिवासी, अनुसूचित जाति, ओबीसी किसी का आरक्षण खत्म नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि आरक्षण कभी भी खत्म नहीं होगा। कोई भी ताकत आरक्षण को खत्म नहीं कर सकती। गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि जब तक भारतीय जनता पार्टी राजनीति में है आरक्षण कभी खत्म नहीं हो सकता, न होने देंगे। साय ने कहा कि कांग्रेसियों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है तो अब वे आरक्षण खत्म होने का भ्रम फैला रहे हैं। सीएम साय ने जनता से अपील की कि कांग्रेसियों की बातों में नहीं आना है, उसको सबक सिखाना है और इस चुनाव में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलने देना है। विष्णुदेव साय ने कहा कि किसी को कांग्रेसियों के बहकावे में आने की जरूरत नही है। आजादी के बाद कांग्रेस ने देश में 55 वर्षों तक राज किया, अनेकों राज्य में वर्षों-वर्षों तक राज किया। लेकिन आदिवासियों का हित कभी नहीं किया। आदिवासियों को केवल अपना वोट बैंक समझा। यहां तक कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण भी नहीं किया। अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और आदिवासियों का समुचित विकास हो इसके लिए आदिम जाति कल्याण मंत्रालय भी बनाया। आदिवासियों का असली हित और सम्मान भाजपा करती है, भाजपा की सरकार करती है। साय ने कहा कि एक आदिवासी परिवार की बेटी द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में पहला आदिवासी मुख्यमंत्री बनाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। ये सब भाजपा में ही संभव है। साय ने कहा कि कांग्रेसी जगह-जगह फार्म भरवा कर जनता को ठग रहे हैं कि उनकी सरकार बनी तो महिलाओं को हर महीने 8 हजार और साल में एक लाख देंगे। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं होने वाला है। साय ने कहा कि प्रदेश की जनता ने पहले ही छत्तीसगढ़ की सत्ता भाजपा को सौंप दी है और केंद्र में कांग्रेस के आने की कोई संभावना ही नहीं है। ये सब जानते हुए भी कांग्रेसी जनता को ठगने का नया पैंतरा ले कर आए हैं, जिसका जनता करारा जवाब देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है, ये बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव देश के देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। मोदी जी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए सबका विकास किया, सबको समृद्ध बनाया। साय ने कहा कि मोदी ने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया, भारत का डंका बजाया। मोदी जी ने अपनी दूरदृष्टि से भारत को आर्थिक स्थिति की दृष्टि से 11वें स्थान से 5वें स्थान पर लाया। उन्होंने कहा कि 2029 तक हमें भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना है इसलिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। विष्णु देव साय ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 4 महीने उनकी सरकार को हुए हैं। उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति उन्होंने दी।

### संविधान बदलने और वोट का अधिकार छीनने के लिए मोदी मांग रहे 400 सीटें : आप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के लिखे संविधान और जनता को मिले वोट के अधिकार को छीनने के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीटें मांग रहे हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं और देश की जनता के मन में लगातार यह बात मजबूत हो रही है कि 2024 का चुनाव अंतिम चुनाव है। अगर गलती से भी भाजपा की सरकार आ गई तो फिर ये लोग संविधान बदल देंगे, चुनाव और आरक्षण खत्म कर देंगे। किसानों, युवाओं और महिलाओं के अधिकार के छीन लेंगे। अब यह आशंका हर दिन और मजबूत होती जा रही है। इसके एक नहीं कई उदाहरण है जिससे लोगों में संविधान बदलने की धारणा और मजबूत कर रही है। सिंह ने कहा कि देश के लोगों के लिए बाबा साहब अंबेडकर ने भारत का संविधान लिखा है लेकिन भाजपा के लिए आरएसएस के प्रमुख संविधान लिखते हैं। आरएसएस को देश के संविधान में आस्था नहीं है इसीलिए वह इसको बदलना चाहते हैं। आप नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के सांसद और नेता घूम-घूमकर 400 सीटें मांग रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इलेक्टोरल बॉन्ड और नोटबंदी के घोटाले, पूंजीपतियों का 15 लाख करोड़ रुपए माफकरने जैसे मुद्दे पर चर्चा नहीं नहीं करते हैं।

# चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए शिशुपाल शोरी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में चल रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं व विकसित भारत के संकल्प से प्रभावित होकर कांकेर के पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी सहित सैकड़ों राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा प्रवेश किया। लोकसभा के लिए प्रथम चरण में होने जा रहे बस्तर लोकसभा में मतदान से ठीक एक दिन पहले बस्तर में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। प्रदेश में भाजपा प्रवेश का सिलसिला लगातार जारी है। भाजपा प्रवेश उत्सव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवप्रवेशी भाजपा सदस्यों को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया। शिशुपाल शोरी 2013 में आईएएस को नौकरी छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। 2018 के विधानसभा चुनाव में शिशुपाल शोरी को कांकेर विधानभा से टिकट मिला और सत्ता विरोधी लहर के बीच शिशुपाल शोरी कांकेर विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए और उन्हें सरकार में संसदीय सचिव भी बनाया गया। लेकिन 2023 के विधानभा चुनाव में शिशुपाल शोरी का टिकट काट दिया गया, जिससे शोरी कांग्रेस पार्टी से नाराज चल रहे थे। इस चुनाव में शिशुपाल शोरी का टिकट काट कर पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा को कांकेर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बनाया गया, लेकिन महज 16 वोटों से कांकेर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था।

# मध्यप्रदेश में पहले चरण में छह सीटों के लिए मतदान की तैयारियां पूर्ण

वार्ता भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में छह संसदीय सीटों पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं और एक करोड़ तेरह लाख से अधिक मतदाता 88 प्रत्याशियों की किस्मत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में कैद कर सकेंगे। पहले चरण में सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्रों के 13 हजार पांच सौ 88 मतदान केंद्रों पर वोटिंग सुबह सात बजे सख्त सुरक्षा प्रबंधों के बीच प्रारंभ हो जाएगी। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा, लेकिन नक्सली प्रभावित बालाघाट संसदीय क्षेत्र के तीन विधानसभा क्षेत्रों बैहर, लांजी और परसवाड़ा में मतदान अपरान्ह चार बजे समाप्त हो जाएगा। कुल एक करोड़ तेरह लाख नौ हजार छह सौ छत्तीस मतदाताओं में 57 लाख 20 हजार से अधिक पुरुष, 55 लाख 88 हजार से अधिक महिलाएं और थर्ड जेंडर के 187 मतदाता शामिल हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पत्रकारों को बताया कि कुल 13 हजार 588 मतदान केंद्रों में से 2651 मतदान केंद्र क्रिटिकल चिंहित किए गए हैं और 8059 मतदान केंद्रों पर वेब कॉस्टिंग की व्यवस्था की गयी है। मतदान कराने के लिए 54 हजार से अधिक मतदान कर्मचारियों को तैनात किया गया है और लगभग दस प्रतिशत कर्मचारी रिजर्व रखे गए हैं। इस चरण में छिंदवाड़ा संसदीय सीट पर सभी की निगाहें लगी हुयी हैं, जहां पर कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ लगातार दूसरी बार संसद में जाने के लिए प्रयासरत हैं, वहीं सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी अपने प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के रूप में मैदान में डटकर कांग्रेस के इस गढ़ में सेंध लगाने की तैयारी में है। इसी वजह से प्रचार समाप्ति के एक दिन पहले भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह ने यहां रोड शो किया और एक रात भी बितायी। शेष सीटों में मंडला (अजजा) भी प्रमुख है, जहां पर भाजपा प्रत्याशी के तौर पर आदिवासी नेता फग्गन सिंह कुलस्ते का मुकाबला कांग्रेस के ओंकार सिंह मरकाम से है। बालाघाट में भाजपा की भारती पारधी और कांग्रेस के सम्राट सरस्वार आमने सामने हैं। जबलपुर में कांग्रेस के दिनेश यादव और भाजपा के आशीष दुबे, सीधी में भाजपा के डॉ राजेश मिश्रा और कांग्रेस से पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल तथा शहडोल (अजजा) में भाजपा की हिमाद्री सिंह और कांग्रेस के फुंदेलाल मार्को मुकाबले में हैं। पहले चरण की सभी छह सीटों पर कुल 88 प्रत्याशियों में सात महिलाएं भी शामिल हैं। राज्य में कुल 29 संसदीय क्षेत्र हैं और सभी में कुल चार चरणों में मतदान होगा। दूसरे चरण में टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। तीसरे चरण में सात मई को मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, बैतूल और राजगढ़ संसदीय क्षेत्रों मतदान होगा।

# मतदान कर्मियों की पहली रेंडमाइजेशन का आयोजन

एजेंसी शिमला
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की उपस्थिति में मतदान कर्मियों की पहली रेंडमाइजेशन उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला के कुल 1058 मतदान केंद्रों में तैनात किये जाने वाले पीआरओ, एपीआरओ और पीओ के लिए 7231 कर्मियों के डाटा की पहली रेंडमाइजेशन में कर्मियों के डाटा को मिक्स करने के बाद शॉर्टलिस्ट किया गया और अंत में उसे लॉक कर दिया गया। इसके पश्चात कर्मियों की चुनाव ड्यूटी कहाँ लगी है और कहाँ उनकी रिहर्सल होनी है, इस सम्बन्ध में आदेश जारी किये जा रहे हैं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से उनके नियंत्रण में कार्य कर रहे कर्मियों को उनके चुनाव ड्यूटी आर्डर जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने तथा सभी कर्मियों को आदेशानुसार अपने चुनाव ड्यूटी आदेश प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि चुनाव कर्मियों के लिए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 24 अप्रैल 2024 से रिहर्सल आरम्भ हो रही हैं जिसके अनुसार जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 24 अप्रैल को ठाकुर राम लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुब्बल में होगी और शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 25 अप्रैल को राजकीय डिग्री कॉलेज संजौली के सभागार में दो बैच में होगी। इसी प्रकार, चौपाल विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 26 अप्रैल को तहसील ग्राउंड चौपाल तथा ठियोग विधानसभा क्षेत्र में 28 अप्रैल को राजकीय आईटीआई ग्राउंड ठियोग स्थित जैस में होगी। कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला के सभागार में और शिमला विधानसभा क्षेत्र में 25 अप्रैल को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर में होगी।

# नूरमहल सराय जालंधर 400 साल पुराने विरासती स्मारक को दर्शाने वाले वृतचित्र का अवलोकन

एजेंसी जालंधर
www.dailypioneer.com

पंजाब में जालंधर के जिला प्रशासन ने गुरुवार को 'विश्व विरासत दिवस 2024' मनाया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल ने जालंधर के आर्किटेक्चरल हेरिटेज स्मारक को दर्शाती तस्वीरें और डाक्यूमेंट्री फिल्म 'नूरमहल सराय-जालंधर में 400 साल पुरानी विरासत' की झलक देखी। उपायुक्त ने विश्व विरासत दिवस 2024 के अवसर पर कहा कि 'नूरमहल सराय-जालंधर में 400 साल पुरानी विरासत', नूरमहल सराय, जो जिला जालंधर में स्थित सबसे महत्वपूर्ण विरासत स्मारकों में से एक है, जो पंजाब के समृद्ध इतिहास के बारे में युवाओं को जागरूक करने में मददगार साबित होगी।

डाक्यूमेंट्री नूरमहल सराय मुगल काल के दौरान प्रशासनिक और न्यायिक गतिविधियों के केंद्र तौर पर काम करती नूरमहल सराय की खास मुगल वास्तुकला शैली को प्रस्तुत करती है, जिसमें सममित लेआउट, जटिल नक्काशी, विशाल आंगन और लाल ईंट की वास्तुकला शामिल है। उन्होंने कहा कि विरासत स्मारकों की संभाल को प्राथमिकता देना और युवा पीढ़ी में उनके ऐतिहासिक महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है, लेखक और विरासत प्रचारक हरप्रीत संधू ने कहा कि 'नूरमहल सराय' को उजागर करने के उद्देश्य से, तस्वीरों वाला ब्रोशर और डाक्यूमेंट्री फिल्म तैयार की है।

# सिरसा की मंडियों में एक लाख 78 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की आवक

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा जिला की अनाज मंडियों में अबतक एक लाख 78 हजार 233 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा उठान



का कार्य भी जारी है। उपायुक्त आर के सिंह ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में एक लाख 78 हजार 233 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है जिसमें से मुख्यतः खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 38 हजार 351 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 9 हजार 879 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा 30 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि सिरसा मंडी में 24 हजार 486 मीट्रिक टन, कालांवाली मंडी में 9 हजार 258 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में छह हजार 964 मीट्रिक टन, रानियां मंडी में 11 हजार 212 मीट्रिक टन, जीवन नगर मंडी में 5 हजार 709 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद मंडी में 16 हजार 110 मीट्रिक टन, बणी में छह हजार 256 मीट्रिक टन, खारिया मंडी में 5 हजार 454 मीट्रिक टन, नाथूसरी चौपटा मंडी में 4 हजार 472 मीट्रिक टन, मल्लेकां मंडी में 5 हजार 152 मीट्रिक टन व बप्प मंडी में 5 हजार 210 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। साथ ही जिला की अन्य मंडियों में भी गेहूं की आवक जारी है।

# वोटर आईडी कार्ड का डिजिटल वर्जन डाउनलोड करना हुआ सरल

एजेंसी सिरसा
www.dailypioneer.com



हरियाणा में सिरसा के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु की है। मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटर्स.ईसीआई.जीओवी.इन से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकता है। खास बात यह है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजीलॉकर में अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी करवाया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफको आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजिलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है। जिला के नए वोटर राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल ईसीआई.जीओवी.इन पर विजिट कर यह कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। नए यूजर को पहले इस पोर्टल में अपना नाम रजिस्टर करना होगा। अब ई-ईपीआईसी डाउनलोड करने के विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद ई-ईपीआईसी नंबर या फॉर्म रेफरेंस नंबर को दर्ज करें। अब आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। इसके बाद ई-ईपीआईसी डाउनलोड का विकल्प सामने होगा।

# ईडी ने झारखंड में जमीन घोटाले मामले में छापामारी के दौरान एक करोड़ 25 लाख रुपया बरामद किया




**रांची।** झारखंड के रांची में जमीन घोटाले में करीब डेढ़ साल से मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने बड़ा खुलासा व बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने अब तक 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है। वहीं 51 छापेमारी व नौ सर्वे में ईडी ने 1.25 करोड़ रुपये नकदी जब्त की व बैंकों में पड़े 3.56 करोड़ रुपये को फ्रीज भी करवाया। रांची में जमीन घोटाले में ईडी ने अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है। वहीं, अब तक 51 छापेमारी व नौ सर्वे में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर करते हुए ईडी ने 1.25 करोड़ रुपये नकदी जब्त की व बैंकों में पड़े 3.56 करोड़ रुपये को फ्रीज भी करवाया। पूरे अनुसंधान के दौरान ईडी ने 266 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों को भी अस्थाई रूप से जब्त किया है।

# एमएवी, छत्रपति संभाजीनगर और वीजापुर में कार्यकर्ताओं के साथ करेगी बैठकें

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) छत्रपति संभाजीनगर लोकसभा क्षेत्र से अपने उम्मीदवार चंद्रकांत खैरे के प्रचार के लिए अपने घटक दलों के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित करेगी। बैठकें वैजापुर और छत्रपति संभाजीनगर में आयोजित की जाएंगी। एमवीए सूत्रों ने कहा कि वैजापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए बैठक लक्ष्मी नारायण लॉन, लाडगांव रोड वैजापुर में सुबह 10 बजे आयोजित होगी, जबकि संभाजीनगर सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र के लिए बैठक शाम 6 बजे केंद्रीय अभियान कार्यालय, समर्थनगर में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, मराठवाड़ा सचिव अशोक पटवर्धन, लोकसभा समन्वयक प्रदीप कुमार खोपड़े, पूर्व विधायक भाऊसाहेब चिकगांवकर और अन्य प्रमुख एमवीए नेता शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) अध्यक्ष शरद पवार शाहनूरमिया दरगाह के पास श्रीहरि मंडप में खैरे के समर्थन में 20 अप्रैल को जनसभा करेंगे।

# वोटर आईडी कार्ड का डिजिटल वर्जन डाउनलोड करना हुआ सरल

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु की है। मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटर्स. ईसीआई. जीओवी.इन से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकता है। खास बात यह है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजीलॉकर में अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी करवाया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफको आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजिलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है।

# मोदी ने देश में महिलाओं के लिये बहुत काम किया है: दीयाकुमारी

वार्ता अजमेर
www.dailypioneer.com



राजस्थान की उप-मुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में महिलाओं के लिये बहुत काम किया है, इसलिये महिलाओं का मोदी को समर्थन है और देश और प्रधानमंत्री के लिये वोट करेंगी। दीयाकुमारी गुरुवार को यहां भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के समर्थन में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि मोदी के दोनों कार्यकाल में महिलाओं के उत्थान के लिये उल्लेखनीय काम हुये हैं। महिलाओं की मोदी और भाजपा के प्रति आस्था है, ऐसे में देश और राजस्थान की महिलाओं का समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में जो विकास हुआ, इससे पहले कभी नहीं हुआ। देश का आधारभूत ढांचा मजबूत हुआ है, जिससे मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनकर ऊभरेगा। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मुख्य चुनाव कार्यालय पर आयोजित मातृ शक्ति सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चुनाव आयोग मोदी के खिलाफ माकपा की शिकायत पर नहीं कर रहा कार्रवाई: येचुरी

एजेंसी कोझिकोड़
www.dailypioneer.com



मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा है कि चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कथित रुप से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन करने वाले बयानों के खिलाफ दर्ज शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की है। येचुरी ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों का उद्देश्य साम्प्रदायिक ध्रूवीकरण को तेज करना है और यह भाषण में स्पष्ट सुनायी दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में दो दिन पहले माकपा ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बुधवार से ''दूरदर्शन लोगो'' को भगवा रंग में बदलने के केंद्र सरकार के कदम की भी आलोचना की।

उन्होंने भाजपा सरकार पर भारतीय झंडे का रंग बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया। माकपा महासचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में माओवादी समस्या एक राजनीतिक मुद्दा है और उनकी विकास समस्याओं को राजनीतिक रूप से हल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसे कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं माना जाना चाहिए और माओवादियों से बंदूक की नोक से नहीं लड़ा जाना चाहिए। येचुरी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केरल यात्रा से लोकसभा चुनाव के नतीजों पर कोई असर नहीं पड़ेगा और भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन केरल में खाता भी नहीं खोल पायेगा। यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) और माकपा के नेतृत्व वाले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के बीच है। उन्होंने कथित यूडीएफकार्यकर्ताओं द्वारा के के शैलजा के खिलाफसाइबर हमले के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में साइबर हमले की निंदा की और कहा, ''वडकारा संसदीय क्षेत्र के एलडीएफउम्मीदवार केके शैलजा के खिलाफसाइबर हमले को लोकसभा चुनावों में उनकी जीत का प्रमाण माना जाता है।

# इनेलो ने अंबाला से गुरप्रीत सिंह को बनाया पार्टी उम्मीदवार

एजेंसी चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने अंबाला लोकसभा से सरदार गुरप्रीत सिंह (28) को पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। गुरप्रीत सिंह पेशे से वकील हैं और मजहबी सिख बाल्मिकी समुदाय से संबंध रखते हैं। गौरतलब है कि अंबाला लोकसभा सिख बहुल क्षेत्र है और यह पहली बार है कि किसी भी पार्टी द्वारा सिख समुदाय से किसी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया गया है। सिख समुदाय ने इनेलो पार्टी का आभार जताते हुये कहा कि अंबाला लोकसभा क्षेत्र से सभी पार्टियों ने उनकी अनदेखी की है और यह पहली बार है कि इनेलो पार्टी ने सिख समुदाय का महत्व समझते हुये उन्हें टिकट दिया है।

साथ ही सिख समुदाय ने इनेलो नेता को यह भरोसा भी दिलाया कि अबकी बार अंबाला से एक मात्र किसान हितैषी पार्टी के प्रत्याशी को जीता कर भेजेंगे। इस मौके पर अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो पार्टी की तरफ से कुरूक्षेत्र लोकसभा से वह स्वयं उम्मीदवार हैं, हिसार से सुनैना चौटाला और अंबाला से सरदार गुरप्रीत सिंह समेत तीन उम्मीदवार मैदान मे आ चुके हैं। बाइस अप्रैल को बाकी बचे सात उम्मीदवारों की विधिवत घोषणा कर दी जायेगी और उस समय सभी 10 के 10 उम्मीदवार मौजूद रहेंगे। अभय सिंह चौटाला ने कुरूक्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नवीन जिंदल और आम आदमी पार्टी के सुशील गुप्ता पर बड़ा हमला करते हुये कहा कि फसल की कटाई और मंडी में अनाज की बोरी ढोने का दिखावा करने से कोई किसान और मजदूर का हितैषी नहीं बनता। उन्होंने कहा कि जिंदल और गुप्ता ऐसी नौटंकी करके किसान और मजदूर का अपमान कर रहे हैं। सभी को पता है कि जिंदल और गुप्ता बहुत बड़े पूंजीपति हैं और यह नौटंकी सिर्फ गरीब और भोले-भाले किसान और मजदूर के वोट लेने के लिये की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के समय दोनों कहां थे। गुप्ता छह साल तक राज्यसभा के सदस्य रहे, वहां उन्होंने एक बार भी किसानों का मुद्दा नहीं उठाया।

# हाईकोर्ट ने पूर्व डीजीपी गुप्ता को दी राहत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने पूर्व पुलिस महानिदेशक मुकेश गुप्ता को राहत प्रदान करते हुए उनके खिलाफकी जा रही लोक आयोग की कार्रवाई पर रोक लगा दी। छत्तीसगढ़ के डीजीपी (सेवानिवृत्त) मुकेश गुप्ता के लिए काफी राहत भरा रहा। उनके खिलाफ की जा रही लोक आयोग की कार्रवाई पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी। साथ ही आयोग को उनके विरुद्ध दर्ज प्रकरण निरस्त करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने शिकायतकर्ता माणिक मेहता को छूट दी है कि वे नए सिरे से इस मामले में विधिवत शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मुकेश गुप्ता के खिलाफ माणिक मेहता ने वर्ष 2020 में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने मिक्की मेहता मेमोरियल ट्रस्ट के नाम पर राज्य शासन से तीन करोड़ रुपये का अनुदान लिया। उक्त अनुदान की राशि से गरीबों को मोतियाबिंद के मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध करानी थी।

# सागर में अब तक 13 नाम निर्देशन पत्र जमा

एजेंसी सागर
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के सागर में लोक सभा निर्वाचन के अंतर्गत सागर संसदीय क्षेत्र में चौथे दिन सात नाम निर्देशन पत्र कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के समक्ष जमा किए गए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी लता वानखेड़े ने आज अपने दो नामांकन पत्र जमा किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, सागर संभाग क्लस्टर प्रभारी नरोत्तम मिश्रा, उपस्थित रहे। बहुजन समाज पार्टी की ओर से भगवती जाटव ने अपने दो नाम निर्देशन जमा किये जबकि भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी सुरेश धानुक ने भी अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। इसी प्रकार निर्दलीय प्रत्याशी राम भजन बंसल एवं तोषमानी पंथी के द्वारा भी नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। इसके पहले 6 नाम निर्देशन पत्र जमा किए जा चुके हैं। इस प्रकार अब तक कुल तेरह नाम निर्देशन पत्र जमा हो चुके हैं। नाम निर्देशन पत्र जमा करने का शुक्रवार 19 अप्रैल अन्तिम दिन है।

# रामनवमी पर पखांजूर बजरंग बली मंदिर से पूरे नगर में श्रीराम जी का भव्य शोभायात्रा निकली




पायनियर संवाददाता ≺ पखांजूर
www.dailypioneer.com

रामनवमी के अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति के द्वारा पखांजुर पुराना बाजार चौक स्थित बजरंग बली मंदिर में परलकोट क्षेत्र के राम भक्त के द्वारा पूजा पाठ, महा यज्ञ के अलावा विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम किया गया, शाम 6 बजे पुराना बाजार बजरंग बली मंदिर से श्री श्रीराम जी का शोभायात्रा निकाला गया। नगर एवं आसपास के गांव के महिला, पुरुष, बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए आयोजन के लिए नगर को भव्य रूप से सजाया गया शोभायात्रा में सबसे आगे डीजे के धुन पर राम भक्त द्वारा भक्तिमुल्क गानों पर डांस व आतिशबाजी करते हुए पूरे नगर में परिक्रमा किया । जिसमें महिलाओं युवा छोटे छोटे बच्चे एवं उसके पीछे श्रीराम का भव्य का रथ जिस रथ के दोनों तरफ झूमर वाली लाइट लगी रहा श्रीराम के रथ के पीछे में महिलाएं शामिल, रथ पर सवार जिसमें जीवंत स्वरूप में श्री रामायण के पात्र अपनी विभिन्न भावभंगिमा के साथ शामिल थे। शोभायात्रा के साथ-साथ सभी पुरूष वर्ग धोती कुर्ता या कुर्ता पायजामा के साथ शामिल थे। उसके पीछे डी जे, जिसमें सिर्फ श्री राम से संबंधित भजन के साथ छोटे बच्चे नृत्य करते शोभायात्रा पुराना बाजार नेताजी चौक से होते हुए नया बाजार पिव्ही 116 होते हुए हनुमान मंदिर में पहुच, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। शाम 4 बजे से फल प्रसाद एवं खिचड़ी प्रसाद वितरण रात 9 बजे तक हुआ। शोभायात्रा का हनुमान मंदिर पखांजूर में समापन किया गया, श्री रामनवमी शोभायात्रा समिति के सभी सदस्यों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शोभा यात्रा में शामिल हुए।

## किरन्दुल में रामनवमीं के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ≺ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरंदुल नगरी में इस बार भी रामनवमी पर बुधवार रात भव्य शोभायात्रा निकाली गई । सनातन हिन्दू समाज व राम जन्मोत्सव समिति द्वारा उक्त शोभायात्रा का आयोजन किया गया था।रामलला की शोभायात्रा रिंग रोड नम्बर 04 से प्रारंभ हुई जिसका जगह जगह विभिन्न संगठनों एवम मातृशक्तियों द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु भगवा वस्त्र से सुसज्जित होकर सम्मिलित हुए एवम जय श्री राम, जय हुनमान, हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए बंगाली कैम्प, रामपुर कैम्प, धरमपुर कैम्प, घड़ी चौक, बसस्टैंड से बैंक चौक होते हुए नाचते गाते श्री राघव मंदिर पहुंचे जहां रामलला की आरती उतारी गई एवं शोभायात्रा का समापन हुआ। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

## साईं मंदिर में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



पायनियर संवाददाता ≺ किरंदुल
www.dailypioneer.com

श्री राम जन्मोत्सव एवं रामनवमीं के पावन अवसर पर किरंदुल रेलवे कॉलोनी स्थित साईं मंदिर प्रांगण में साईं समिति के तत्वाधान में बुधवार विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री राम जी एवं साईं बाबा का महाआरती किया गया। जिसके बाद अभिषेक हुआ। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया जिसमें किरन्दुल नगर एवम आसपास के सैकड़ों श्रद्धालुगणों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## श्रीरामनवमी के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति हर्षोल्लास से मनाया गया



**दल्ली राजहरा।** श्रीरामनवमी के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सिया राम जी की सेना की टीम द्वारा गाजे-बाजे , आतिशबाजी के साथ निकाली गयी। प्रभु श्री राम जी की भव्य शोभा यात्रा पुराने थाने स्थित श्री हनुमान मंदिर में पूजन के बाद क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया की उपस्थित में ब्राह्मण समाज चौक से निकली यात्रा बस स्टैंड चौक से होते हुए पुराना बाजार और फिर वापिस माइन्स आफिस रोड से होते हुए नगर के हृदय स्थल जैन भवन चौक में महा-आरती में समस्त नगरवासियों के सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना के साथ इस शोभायात्रा का समापन हुआ। जिसके तत्पश्वात बड़ी संख्या में उमड़े भक्तगणों ने महाप्रसादी ग्रहण कर प्रभु श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त किया ।

## सेवा संकल्प समिति एवं बजरंग दल द्वारा संयुक्त रूप से श्रीराम चंद्र की भव्य शोभायात्रा धूम धाम से निकाली गई

पायनियर संवाददाता ≺ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



सेवा संकल्प समिति कुम्हारी एवं बजरंग दल कुम्हारी द्वारा राम नवमी के उपलक्ष्य में दशरथ नंदन रघुकुल शिरोमणि प्रभु श्रीराम चंद्र जी का बाजार चौक सेवा भव्य शोभायात्रा पूजा अर्चना कर निकाली गई जिसमें श्रीराम जी 15 फिट ऊंची मूर्ति, देवी, देवता, वानर, नारद, भूत, पिशाच, एवम 50 फिट ऊंचा राक्षस आकर्षण का केंद्र रहा साथ ही राम रथ, डीजे साउंड, धुमाल ग्रुप साउंड सिस्टम, लाइटिंग शो के साथ भव्य आतिश बाजी दर्शनीय बन रहा था, जय श्री राम के नारों से नगर गुंजायमान हो उठा समिति के सदस्य एवं बजरंग दल कुम्हारी के संयोजक प्रणव श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा में इस बार लोग भारी मात्रा में सम्मिलित हुए। शोभायात्रा बाजार चौक से निकलकर प्रभात चौक, छोटी कॉलोनी, बड़ी कॉलोनी, वार्ड 14, वार्ड 05 होते हुए बाजार चौक में पूजन अर्चन कर सम्पन्न किया गया। इस शोभा यात्रा में मुख्य रूप से विशेष आमंत्रित में राजू निषाद, संजय बघेल, निश्चय वाजपेयी, शुभम शर्मा भी उपस्थित रहे। गिरीश सोनी, सुनील पटेल, अश्वनी देशलहरे, दीपक बैस, विकास सोनी, प्रकाश जैन, विकास सोनकर, गोविंद बघेल, रामेश्वर सोनकर, अनुराग गुप्ता, राकेश पांडेय, संदीप चंद्राकार, रामाधार शर्मा, जेपी सिंह बैस, सौरभ पाण्डेय, राजकुमार सिंह, हरिदास वैष्णव, गोविंद यादव, गोविंद देवांगन, शुभम पांडेय, विश्व हिंदू परिषद से हरीश सोनी, बजरंग दल से भूपेंद्र मानिकपुरी, एवं अमित नंदेश्वर, जैकी डोडवानी, महेंद्र वर्मा, दिलीप वर्मा, संतोष वर्मा, बैजूराम साहू, राजेश सिन्हा, मनीलाल साहू के साथ नगर के श्रद्धालु भक्त जन तथा अनेक नागरिक उपस्थित थे।

## शक्ति केंद्र प्रभारी ने खुटेरी में पॉकेट मीटिंग, योजनाओं की दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ≺ बालोद
www.dailypioneer.com



शक्ति केंद्र रेंगाकठेरा, पैरी, लिमोरा एवं खुटेरी के प्रभारी प्रमोद जैन ने महतारी वंदन योजना के तहत शक्ति केंद्र रेंगाकठेरा के ग्राम पंचायत खुटेरी में पॉकेट मीटिंग लिया। जिसमें आस पास के गांवों की मनरेगा में काम करने वाली और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। और प्रत्याशी भोजराज नाग के लिए समर्थन मांगा। महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रमोद जैन ने कहा कि जिस प्रकार से मोदी की गारंटी के तहत विष्णु देव सरकार ने आप सब के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, जिसमे महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह शादीशुदा महिलाओं को 1 हजार रुपए दिया जा रहा है। जिसकी दो किस्त आपको मिल चुकी है। मनरेगा योजना के मजदूरी की राशि बढ़ाई गई है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मुफ्त में गैस सिलेंडर प्रदान किया जा रहा है। बीपीएल कार्ड धारियों को मुफ्त में चावल दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास आपको मिल रहा है। हमारी डबल इंजन की सरकार आप सभी के हित में काम कर रही है। भगवान श्री राम का मंदिर बनाया, जो सभी हिन्दुओं के आस्था का केंद्र है। उनके दर्शन के लिए श्री रामलला दर्शन योजना बनाया गया है। धान की कीमत बढ़ाकर 3100 रुपए किया गया। दो साल के बकाया बोनस की राशि का भुगतान किया गया। इन सभी कल्याणकारी योजनाओं को ध्यान में रखते हुए आप सभी 26 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में वोट देकर लोकसभा कांकेर से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजयी बनाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आने वाले 26 तारीख को लोकसभा कांकेर से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को तीसरे नंबर पर कमल छाप के बटन को दबाकर भारी मतों से विजयी बनाना है। इसके लिए आप सभी 26 तारीख को पहले मतदान फिर जलपान के नियम को अपना पूरे परिवार के साथ जिनका नाम वोटर लिस्ट में है उनके साथ जाकर मतदान करिए। इस चुनई त्योहार में अपना बहुमूल्य वोट देकर राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य पूरा करना है। इस कार्यक्रम में सरपंच नविता साहू, पृथ्वी साहू, नरेश साहू, केशवरी साहू, विमल सोनकर, मोहन साहू, झुमुक, कौशल ठाकुर, गिरेंद्र साहू, रूपेश्वरी साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## केक काटकर मनाया गया कवि का जन्मदिन

पायनियर संवाददाता ≺ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



ऋतंभरा साहित्य समिति कुम्हारी के तत्वावधान में आयोजित सादे किंतु गरिमामयी आयोजन में वरि. कवि लखनलाल साहू को 'ऋतंभरा सम्मान-2024' प्रदान किया गया। सम्मान में संस्था की ओर से कवि को सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न, शाल और श्रीफल प्रदान किया गया। प्रेस क्लब सभागार कुम्हारी में सम्पन्न इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमलाल साहू 'निमोही' ने कहा -'संस्था के चौथे दशक के लम्बे सफर में संस्था से जुड़े कई रचनाकारों ने अपनी पहचान बनाई है। आज कवि लखनलाल साहू की तृतीय कृति 'फाग गीत माला' का विमोचन हुआ। विलुप्त होते फाग गीतों पर कलम चलाने हेतु उन्हें हार्दिक मंगलकामनाएं। ऋतंभरा साहित्य समिति के अध्यक्ष नारायण वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा -'प्रत्येक वर्ष संस्था द्वारा साहित्यिक योगदान के लिए चयनित रचनाकार को प्रतिष्ठित 'ऋतंभरा सम्मान' प्रदान किया जाता है। साहित्य के लिए समर्पित कवि लखनलाल साहू को इस वर्ष का 'ऋतंभरा सम्मान 2024' प्रदान करते हुए हम उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं।'

विशेष अतिथि चिंतामणि साहू 'अध्यात्मशोधक' ने विमोचित कृति पर बात रखते हुए कहा -'हमें अपनी संस्कृति और भाषा को हर स्तर पर बचाये रखना है। लखनलाल साहू की कृति 'फाग गीत माला' से उम्मीद जागी है कि इस दिशा में प्रयास निरंतर हो रहा है।'

कवि ने अपने सम्मान पर आभार प्रकट करते हुए कहा - 'यह प्रतिष्ठित सम्मान पाकर मैं अभिभूत हूं। इससे मुझमें नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस हेतु मैं संस्था का आजीवन ऋणी रहूंगा।' उन्होंने अपनी किताब से चुनिंदा गीतों का पाठ भी किया।

विशिष्ट अतिथि प्रेस क्लब के अध्यक्ष विक्रमशाह ठाकुर ने अपने स्वागत वक्तव्य में कहा - 'अगले वर्ष लखनलाल साहू के जन्मदिन की डायमंड जुबली मनाई जाएगी। मुझे उम्मीद है कि तब तक कवि की एक और किताब हमारे बीच होगी। विमोचित किताब 'फाग गीत माला' से अंचल का साहित्य जगत और समृद्ध हुआ है।'

इस अवसर पर कवि लखनलाल साहू का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया। अंत में उपस्थित कवियों ने अपनी-अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी, जिनमें प्रमुख रूप से नारायण वर्मा, लखनलाल साहू, हेमलाल साहू 'निमोही, चिंतामणि साहू 'अध्यात्मशोधक', बिसरूराम कुर्रे, रघुनाथ देशमुख, भूपेंद्र साहू आदि शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन सुरेश वाहने ने और आभार प्रदर्शन रविन्द्र कुमार थापा ने किया।

### आपसी बहस से आवेश में आकर आरोपी ने तेजधार हसिए से की हत्या

## पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, कोरगुड़ा हत्या का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ≺ बालोद
www.dailypioneer.com



पुलिस व सायबर की टीम ने कोरगुड़ा के खेत में हुई वृद्ध की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं। घटना में इस्तेमाल हसिया (हथियार) को जप्त कर लिया गया हैं। आरोपी और कोई नही गांव का ही निकला हैं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे कोंडागांव से पकड़कर बालोद लाया गया। जिसका खुलासा गुरुवार को एडिशनल एसपी अशोक जोशी ने कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता में किया। एएसपी ने बताया कि दुर्ग रेंज आईजी द्वारा चलाये जा रहे त्रिनयन (कैमरा जोड़ो) एप्प के माध्यम से आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम कोरगुड़ा निवासी प्रार्थी भारत लाल देवांगन ने बालोद थाने में 12 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पिता फगुवा राम देवांगन जो मृत अवस्था में अपने ही खेत में पड़े है, जिसकी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 221/2024 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। फिर मामले को गंभीरता को देखते हुए सायबर सेल टीम एवं बालोद थाना टीम के द्वारा ग्राम कोरगुड़ा में जाकर घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर विशेष संसूचना एवं डॉग स्क्वाड, फिंगर प्रिंट टीम, तकनीकी साक्ष्यो के माध्यम से महत्वपूर्ण मास्टर प्लान तैयार कर टीम के द्वारा अलग अलग क्षेत्रों में जाकर घटना की सम्पूर्ण जानकारी एवं अज्ञात आरोपी के संबध में गांव मे लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर घटना के संबध में जानकारी प्राप्त किया जा रहा था।

### घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी

एएसपी ने बताया कि सयुंक्त टीम द्वारा गांव में कैम्प कर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि घटना के बाद से गांव का एक युवक गायब है उसकी जानकारी लेने पर वह पूवऱ् में भी किसी महिला पर हसिये से वार का प्रयास कर चुका है और कई बार अपने घर वालों को भी हसिया, टंगिया लेकर दौड़ा चुका है। कि जानकारी पर टीम द्वारा उसकी पतासाजी किया जा रहा था। लगातार संदेही के संबध में जानकारी प्राप्त किया जा रहा था कि मुखबिर से सूचना मिला कि संदेही टिकेश तुमरेकी जो कि कोंडागांव में अपने किसी रिश्तेदार के यहा छिपा है, जिसकी सूचना पर तत्काल टीम द्वारा कोंडागांव रवाना हुई। वहां पहुंचकर संदेही टिकेश तुमरेकी को घेरा बंदी कर पकड़कर बालोद लाया गया।

### आपसी बहस से आवेश में आकर चलते की हत्या

एएसपी अशोक जोशी ने बताया कि संदेही टिकेश तुमरेकी से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने कथन में बताया गया कि वह सुबह अपने घर से गांव के खेत तरफ गया था जहा खेत में मृतक फगुवाराम देवांगन अपने खेत से धान का पैरा लेकर आ रहा था कि दोनो में आपसी बहस हुई जिससे संदेही टिकेश तुमरेकी आवेश में अपने पास रखे हसिये से मृतक फगुवाराम देवांगन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे मृतक फगुवाराम देवांगन की घटना स्थल पर ही मौत हो गया। आरोपी टिकेश तुमरेकी के निशानदेही पर ग्राम कोरगुड़ा जाकर उसके बताये जगह से घटना में इस्तेमाल हसिया बरामद किया गया है। आरोपी को गुरुवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिंमाड पर भेजा जा रहा है। अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने व आरोपी की गिरफ्तारी में एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक जोगेन्द्र साहू, सउनि धरम भूआर्य, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर मरकाम, विवेक शाही, आरक्षक भोप सिंह साहू, राहुल मनहरे, आकाश सोनी, आकाश दुबे, विपिन गुप्ता, संदीप यादव, पूरन देवांगन, बनवाली साहू, रवि साहू, मनीष ठाकुर, रवि गंधर्व की सराहनीय भूमिका रही है। तकनीकी टीम में प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेन्द्र, आरक्षक मिथलेश यादव, योगेश पटेल व गुलझारी साहू रहें।

## मानक लाल ढेलडिया का निधन



**दल्ली राजहरा।** नगर के सरल व्यक्तित्व के धनी धर्मनिष्ठ वरिष्ठ सुश्रावक मानक लाल ढेलडिया का 17 अप्रैल की सुबह 6 बजे 98 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया है। 17 अप्रैल की शाम इनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान जैन समाज के लोग एवं विभिन्न परिचित उपस्थित होकर दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित किए। स्वर्गीय मानक लाल जी कचरमल, रमेश कुमार अरुण कुमार राकेश कुमार एवं अशोक कुमार जैन के पिता थे।

# विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल ने मकई चौक में रामनवमी शोभायात्रियों का पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल जिला धमतरी द्वारा रामनवमी के अवसर पर जलविहार कॉलनी रुद्री में शिव मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित हुए। धूमधाम से भोले बाबा की पूजा अर्चना हुई उसके उपरान्त रत्नबाँधा ग्राम स्थित पंचमुखी हनुमान नगर में श्री राम पर्रिकर मन्दिर में हवन पूजन भोग प्रसाद का कार्यक्रम करवाया। विश्व हिन्दू परिषद के कार्याध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, मा अंगारमोती धाम तुमबुजुर्ग स्थित श्री राम परिकर मन्दिर में पूजा अर्चना कर भोग भंडारे में सम्मिलित हुए। बजरंग दल के सभी कार्य कर्ता समाजसेवी मोहन साहू के नेतृत्व पर मकई चौक में जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, पीयूष जैन, डाकेश्वर




साहू, चित्रेश, प्रिंस जैन, सत्यम सिन्हा, गोल्डी जैन,बिट्टू ग्वालानी एवम विजय मिश्रा एवम कार्यकर्ताओ द्वारा रामनवमी शोभा यात्री के स्वागत कार्यक्रम हेतु मंच स्थापना की गई। जिला कार्याध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने समस्त कार्यकर्ताओं से आग्रह किया की पुष्पवर्षा की व्यवस्था की जाए ताकि शोभा यात्रा में सम्मिलित सम्माननीय सनातनी भाइयों एवं रथ पर विराजमान राम परिकर की पुष्पवर्षा कर स्वागत सत्कार किया जा सके। पूरे शोभा यात्रा के दौरान अपने मंच से विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के समस्त पदाधिकारियों द्वारा जय श्री राम के नारे लगाकर पुष्पवर्षा की गई एवं शोभायात्रा को भगवामय कर भगवान से अखण्ड आर्यावर्त भारतवर्ष में पुनः रामराज्य के स्थापना की प्रार्थना की। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल धमतरीके कार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर रामनवमी के इस पावन पर्व पर समस्त जिले वासियों से हाथ जोडकर यह अपील करता है किए पूरा समाज नशा मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध होएलोकल व्यापार को बढावा देने के लिए ऑनलाइन मार्केट का बहिष्कार करे, गौ माता की सेवा करे और उन्हें राजमाता का दर्जा दिलाने हेतु सहयोग करे, अन्धविश्वास का सहारा लेकर मतांतरण कराने वाले लोगों से सावधान रहें और उनकी शिकायत प्रशासन से करे, और सभी नागरिको से अपील राष्ट्रहित चिंतन कर शत प्रतिशत मतदान कर राम राज्य की स्थापना के लिए संकल्प करें।

# जिला प्रशासन ने रूकवाया बाल विवाह

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन व जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के निगरानी में मिशन वात्सल्य योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं चाईल्ड लाईन 1098 के टीम द्वारा 16 अप्रैल को गरियाबंद ब्लॉक अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम, नशा मुक्ति, स्पॉन्सरशिप वा बाल अधिकार के प्रचार प्रसार किये जाने के दौरान बाल विवाह होने की जानकारी प्राप्त हुई। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के टीम द्वारा बालिका के घर जाकर उनके पालक से पूछताछ किया गया एवं बालिका के अंकसूची से आयु का सत्यापन किया गया, जिसमें उसकी आयु 17 वर्ष 06 माह होना पाया गया। विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार वधु की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु से कम आयु में विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आते हैं, जिन्हें 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 01 लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। मिशन वात्सल्य योजना, महिला एवं बाल विकास गरियाबंद एवं चाईल्ड लाईन 1098 के टीम द्वारा बालिका को उनके पालक के साथ बाल कल्याण समिति गरियाबंद में प्रस्तुत किया गया और उन्हे समझाईश दिया गया कि बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने पश्चात् ही विवाह करें जिसमे उनके परिजनो ने बाल कल्याण समिति की समझाईश पर सहमति जताई।

# घर-घर जाकर दिया जा रहा मतदाता सूचना पत्र एवं मतदान आमंत्रण पत्र

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 26 अप्रैल को जिले में मतदान होगा। जिला प्रशासन की ओर से इसकी सभी तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में मतदाताओं को मतदान तिथि, समय और उनके संबंधित मतदान केंद्र की जानकारी युक्त पर्ची उनके घर-घर जाकर दी जा रही है। मतदाता सूचना पत्र में मतदान और मतदाता से संबंधित सभी जानकारी सरल रूप में मौजूद है। इससे मतदाताओं को मतदान करने में आसानी और सहज होगी। इसी के साथ मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करने अपील सह आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को 26 अप्रैल को संबंधित मतदान केंद्र में जाकर अवश्य मतदान करने की अपील की जा रही है। साथ ही अपने आस पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने के बारे में आग्रह किया जा रहा है। अपील सह आमंत्रण पत्र देने के साथ लोगों को यह भी बताया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों में सुलभ मतदान की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्र भवनों के भू तल पर ही बनाए गए है। बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की सहूलियत के लिए रैंप भी बनाए गए है। साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों में पानी, छायादार शेड, मतदाता मित्र आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा मतदान केंद्रों में दिव्यांग, बुजुर्ग एवं गर्भवती - शिशुवती मतदाताओं को भी किसी तरह की परेशानी न हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जायेगा।

# श्री महावीर देव मंदिर में की गई रामलला की भव्य आरती एवं भजन



पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर के हृदय स्थल स्थित श्री महावीर देव मंदिर बजरंग चौक में राम नवमी पर प्रभु श्री राम के जन्म समय दोपहर 12 बजे भव्य आरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन महिला पुरूष बच्चे एवं विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्त्ता सम्मिलित हुए इसके पश्चात् संगीतमय भजन की प्रस्तुति राजेश साहू, मिथिलेश पद्मवार, लखन जायसवाल, विनय गुप्ता एवं अन्य साथियों एवं बच्चों के द्वारा की गई जिसका श्रोताओं ने आनंद उठाया हनुमान चालीसा एवं प्रसाद वितरण के पश्चात् मध्यान्न आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ राम नवमी के अवसर पर प्रातः से ही मंदिरों में भक्तों का ताँता लगा हुआ है नगर का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है गांव गांव में आज सर्व हिन्दू समाज के साथ मिलकर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल मातृशक्ति दुर्गावाहिनी के सदस्यों द्वारा शोभायात्रा भजन कीर्तन आरती प्रसाद वितरण के कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

# श्री राम नवमी उत्सव समिति द्वारा आयोजित बाइक रैली एवं महा आरती में शामिल हुए मंत्री टंक राम

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदा बाजार जिस तरह पूरे देश में श्री रामनवमी एवं राम जन्म उत्सव मनाया जा रहा है इसी तरह बलोदा बाजार नगर में भी श्री रामनवमी उत्सव समिति के द्वारा रामनवमी एवं राम जन्म उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर उत्सव समिति द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया आयोजन एवं एकत्रीकरण नगर के अंबेडकर चौक में किया गया बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग अपनी अपनी बाइक लेकर अंबेडकर चौक पहुंच रैली में शामिल हुए इस धार्मिक आयोजन में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्री टंक राम वर्मा भी शामिल हुए इस धार्मिक रैली में स्वयं मंत्रि टंक राम वर्मा बाइक पर सवार होकर नगर के सदर



रोड महात्मा गांधी रोड होते हुए मुख्य मार्ग से गार्डन चौक श्री राम के जय कारों के साथ रैली के साथ पहुंचे जहां माहा आरती का आयोजन किया गया इस माह आरती में भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी एवं श्री रामचंद्र जी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर महा आरती प्रारंभ हुई इस आरती में नगर सहित आसपास के गांव के लोग भी हजारों की संख्या में शामिल हुए या आयोजन सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित किया गया था यह कार्यक्रम में सभी धार्मिक संगठन के लोग व बड़ी संख्या में राजनीतिक दल के लोग भी शामिल हुए इस भक्ति मय कार्यक्रम में उपस्थित छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने प्रदेश वासियों को श्री राम नवमी एवं राम जन्मोत्सव के इस महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा की रामनवमी के दिन भगवान श्री विष्णु के सातवें अवतार भगवान श्री राम का जन्म हुआ था रामनवमी का त्यौहार चैत्र नवरात्रि के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर पड़ता है और इस बार राम जन्मभूमि अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामनवमी पर भगवान श्री राम का जन्म उत्सव भी मनाया जा रहा है मां भगवती का पूजन अष्टमी व नवमी को करने से कष्ट दुख मिट जाते हैं और शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है यह तिथि परम कल्याणकारी पवित्र सुख को देने वाली और धर्म की वृद्धि करने वाली होती है भगवान राम की दिव्या कृपा आप सभी पर आनंद शांति और समृद्धि बरसाए रामनवमी के इस शुभ अवसर आईये हम भगवान राम के आदर्शों पर चलें आप सभी को राम नवमी व राम जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर बलौदा बाजार नगर के गणमन नागरिक भी उपस्थित हुए जिनमें प्रमुख रूप से नगर के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी जिला अध्यक्ष सनम जांगड़े नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल खोड्स राम कश्यप नगर पालिका अध्यक्ष पूर्व अशोक जैन जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी राज नारायण केसरवानी धनंजय साहू कपिल कश्यप मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव योगेश अग्रवाल राकेश ध्रुव राजेश वर्मा शालीन साहू रोमी साहू राहुल सोनी आलोक अग्रवाल मुकेश पाल पवन जायसवाल संजय पंजवानी नीरज सोनी वेदांत रजक विनय गुप्ता शिव नरेश मिश्रा हरिश्चंद्र वर्मा इंदु पंजवानी तरुण वर्मा लाला निषाद हेमंत निषाद राजू यादव योगेश वर्मा दिनेश बाजपेई संजय श्रीवास शहित हजारों की संख्या में राम भक्त इस महा आरती एवं महा आयोजना के साक्षी बने।

# आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित ऑनलाईन शिकायत

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों की ऑनलाईन रिपोर्टिंग हेतु आम नागरिकों के लिए सी-विजिल मोबाईल एप्प तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निराकरण 100 मिनट के अंदर किया जाता है। इस प्रकार सी-विजिल एप्प आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण का एक सशक्त माध्यम है। इस सी-विजिल मोबाईल एप्प के माध्यम से आम नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायत ऑनलाईन रिपोर्टिंग अधिक से अधिक कर सकेंगे। उक्त शिकायत इमेज, ऑडियो व वीडियो के माध्यम से कर सकते हैं।

# महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने का वादा और भरवाया जा रहा फार्म झूठा : रूपकुमारी

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी और पूर्व संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी ने कांग्रेस पर करारा कटाक्ष करते हुए महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने के वादे और उसके लिए भरवाए जा रहे फार्म को झूठा और फर्जी बताया है। कांग्रेस द्वारा महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने के नाम पर जो फार्म भरवाया जा रहा है, उसे बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने झूठा बताया है। चौधरी ने कहा कि बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा जगदलपुर में अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी (एमसीसी) को लिखे गए और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक पत्र से कांग्रेस का झूठ सबके सामने आ गया है। भाजपा प्रत्याशी व पूर्व संसदीय सचिव चौधरी ने कहा कि



एक लाख रुपए सालाना देने के नाम पर कांग्रेस के लोगों द्वारा भराए जा रहे फार्म को लेकर कांग्रेस के बस्तर के अध्यक्ष ने यह माना है कि जो फॉर्म भरवाया जा रहा हैं, वह फर्जी है। बस्तर कांग्रेस अध्यक्ष मौर्य ने अपने हस्ताक्षरित पत्र में कारण बताओ नोटिस के जवाब में यह भी लिखा है कि कांग्रेस ने सरकार बनने पर एक लाख रुपए देने घोषणा की है, पर इस हेतु कोई अधिकृत फार्म जारी नहीं किया गया है और न ही भरवाया गया है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा फार्म जारी कर भरवाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई किए जाने पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को कोई आपत्ति नहीं है। चौधरी ने कहा कि दरअसल, इन दिनों कांग्रेस के पास कोई मुद्दा उठाने क़ो नहीं बचा तो वह केवल जनता क़ो भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। पिछले कई दिनों से सब देख रहे हैं कि कांगेस के नेता गली-गली जाकर महिलाओं क़ो भ्रमित कर रहे हैं और एक लाख रुपए के नाम पर महिलाओं से फॉर्म भी भरवा रहे हैं। अब इसी फ ॉर्म क़ो बस्तर कांग्रेस के अध्यक्ष फर्जी बता रहे हैं। इससे सिद्ध हो रहा है कि फॉर्म भी फर्जी हैं, और जो कांग्रेस के नेता ये फॉर्म भरवा रहे हैं, वह भी फर्जी है। चौधरी ने कहा कि जनता ऐसी फर्जी लोगों क़ो विधानसभा चुनाव में करारा सबक सिखा चुकी हैं और अब लोकसभा चुनाव में भी सबक सिखाने जा रही है।

# एक साथ चार पशुओं की सड़क दुघर्टना में मौत





पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम कचना कुरुद में मध्यरात्रि में सड़क किनारे बैठे लगभग एक दर्जन मवेशियों को अज्ञात वाहन व्दारा घायल कर दिया गया है जिसमें चार मवेशियों का घटना स्थल पर मौत हों गयी है। बाकी मवेशियों का स्थानीय पशु चिकित्सा व्दारा ईलाज किया जा रहा है। बसपा नेता आशीष रात्रे ने जिला प्रशासन से मांग कि है कि गांव कचना में आये दिन सड़क दुघर्टना होती रहती है कभी इंसान तो कभी मवेशियों का। प्रशासन से पूर्व में भी मांग की जा चुकी है कि चौराहे पर बेरीकेट्स लगाया जाये ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। ज्ञात हो कि जब से पुराने धमतरी रायपुर रोड़ सड़क निर्माण हुआ है तब से आवाजाही इस रोड़ पर तेजी से बढ़ रही है रात्रि में तो बेधड़क ट्रकों का आवाजाही रहती है प्रशासन का कोई हस्तक्षेप नहीं रहता ऐसे ही प्रशासन का रवैया रहा तो आने वाले समय में ग्रामीणों का गुस्सा प्रशासन के खिलाफ कभी फूट सकता है। जल्द बेरीकेट्स नहीं लगाया जाता है तो ग्रामीण चक्काजाम करने की चेतावनी शासन प्रशासन को दी है।

# स्काउट गाइड के विद्यार्थियों ने जल वितरण कर सेवा कार्य किया

## भीषण गर्मी में शीतल जल पिलाना पुण्य का कार्य-डॉ मंजूषा साहू

### स्काउट गाइड छात्र.छात्राएं कलेक्ट्रेट रोड में प्याऊ घर का संचालन कर सेवा दे रहे है

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

वर्तमान में भीषण गर्मी पड रही है ऐसी तपती धूप में राहगीरों के लिए मटका का शीतल व स्वच्छ जल का वितरण धमतरी विकासखंड के स्काउट गाइड छात्र.छात्राएं कलेक्ट्रेट रोड में प्याऊ घर का संचालन कर सेवा दे रही हैं। सेजेश गोकुलपुर विद्यालय के यह स्काउट गाइड प्राचार्य शैलजा पांडे के मार्गदर्शन में प्रभारी शिक्षक वायके सोनवानी, अभिषेक मसीह, ऋषभ देवांगन, अभिषेक कंवर के साथ प्रभारी निरीक्षणकर्ता जिला संगठन आयुक्त डॉ मंजूषा साहू




ने भी विद्यार्थियों की प्रशंसा की व कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को जल पिलाना पुण्य का कार्य है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अमित तिवारी व स्काउट गाइड जिला उपाध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू ने बताया कि 8 अप्रैल से 22 जून तक यह प्याऊ घर का संचालन किया जा रहा है। जिसमें धमतरी शहर के अलग.अलग स्कूलों के बच्चे चार.चार दिवस सेवा प्रदान कर शीतल जल का वितरण कर रहे हैं। नारा के माध्यम से संदेश दे रहे हैं कि पानी एक, लाभ अनेक जल ही जीवन है, जल का हम समझे मोल-.मिले सहज पर है अनमोल, पानी की रक्षा है- देश की सुरक्षा, जल बचाओ-कल बचाओ का सुंदर संदेश भी दे रहे हैं । इस पुनीत कार्य में यश, युवराज, सागर, भेकराम, प्रफुल्ल, सुष्मिता, भूमिका आदि विद्यार्थी अपना सेवा व सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# व्यय प्रेक्षक ने एसएसटी, एफएसटी एवं एमसीएमसी नोडल अधिकारियों की ली बैठक



पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के संपादन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक राम प्रभु उदय आर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में स्थैतिक निगरानी दल, उड़नदस्ता दल एवं मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के नोडल अधिकारी गरियाबंद के एनआईसी कक्ष से ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। बैठक में व्यय प्रेक्षक राम प्रभु उदय आर ने निर्वाचन के मद्देनजर आवश्यक निगरानी रख कर सभी टीमों को सक्रियता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने जांच नाकों के माध्यम से आने जाने वाले वाहनों पर 24 घंटे निगरानी बनाए रखने तथा अवैध सामग्री, धन एवं मादक पदार्थों के परिवहन पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के सीमावर्ती इलाकों के जांच नाकों पर अधिक सुरक्षा एवं जांच व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी समिति को भी समाचार पत्रों, टेलीविजन एवं सोशल मीडिया में प्रसारित राजनीतिक विज्ञापन एवं पैड न्यूज की निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर द्वय नवीन भगत एवं पंकज डाहिरे सहित एफएसटी, एसएसटी एवं एमसीएमसी के नोडल अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ई.व्ही.एम एवं वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग कार्य का दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कमीशनिंग कार्य के संबंध में मास्टर ट्रेनर एवं सेक्टर अधिकारियों को जिला पंचायत के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा भी मौजूद थे। इस दौरान प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एवं सेक्टर ऑफिसर को मतदान प्रक्रिया के लिए कमीशनिंग की आवश्यकता के साथ ही ईवीएम और वीवीपैट मशीन को तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अधिकारियों को उनके दायित्व और जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में उनके द्वारा बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपेट के संचालन करने के साथ ही प्रत्येक




मशीनों को एक दूसरे से केबल कनेक्शनों से कनेक्ट करना, एड्रेस टैग लगाना, पिंक पेपर सील करना, पेपर रोल, मतदान पत्र लगाना, लॉक करना, सील करना, मॉक पोल, विभिन्न प्रपत्रों सहित अन्य गतिविधियों से विस्तार से अवगत कराया गया। कलेक्टर अग्रवाल ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए, पहले से ही पूर्व तैयारी रखें। निर्वाचन कार्य की जिम्मेदारी सावधानीपूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि मतदान केन्द्रों का पुनः अवलोकन कर लें और सारी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों ने अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का अवलोकन नहीं किया है, वे शीघ्र अवलोकन कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य के सुचारू संचालन के लिए ज्यादा से ज्यादा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी होनी चाहिए। प्रशिक्षण में सभी सेक्टर ऑफिसर्स को ईवीएम और वीवीपैट के तकनीकी पक्षों के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से पूरी जानकारी दी गई। इसकी प्रशासनिक प्रक्रिया, प्रोटोकॉल के बारे में बताया गया। इसके साथ ही मतदान दलों को भी इस संबंध में अद्यतन रखने कहा गया। बैठक में बताया गया कि मॉक पोल आदि की प्रक्रियाओं के बारे में पूरी जानकारी रखें। सेक्टर ऑफिसर्स को पूरी तरह तकनीकी रूप से दक्ष होना चाहिए। ईवीएम एवं वीवीपैट, बैलेट यूनिट, बैलेट पेपर के तकनीकी को बारीकी से समझाया गया। जिससे मतदान करते समय किसी प्रकार की समस्या न हो। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स बंटी राय, छन्नूलाल तारक और गौतम कुर्रे सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 चुनाव का पर्व देश का गर्व अंतर्गत जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रावल के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान



लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के प्रतिभागियों से 20 मार्च से 05 अप्रैल तक पेंटिंग, नारा लेखन तथा फोटोग्राफी की आनलाईन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल और स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुमारी हिमांशी त्रिपाठी, द्वितीय निधि विश्वकर्मा एवं त ृतीय स्थान पर दीक्षा साहू रही। इसी प्रकार नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर उमेश्वरी साहू, द्वितीय स्थान पर रामानंद अग्रवाल एवं तृतीय स्थान पर केश्वर्या सिन्हा रही। इसके अलावा फोटो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर उमेश्वरी साहू एवं द्वितीय स्थान पर खोमन सिन्हा रहे। इस अवसर पर कलेक्टर अग्रवाल ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को मतदाता संकल्प हैंड बैंड पहनाकर मतदान करने तथा अपने घर-परिवार एवं पड़ोसियों को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा सहित मौजूद थे।

# श्री राम दरबार की ऐतिहासिक शोभायात्रा में 14 झाकियों के हूजूम से नगर भगवा रंग में तबदिल

पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com





चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी के अवसर पर श्री रामनवमी महोत्सव आयोजन समिति के द्वारा नगर में श्री राम दरबार की ऐतिहासिक शोभायात्रा मध्य बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से निकाली गई, इस दौरान नगर सहित आसपास गांव के लोगों का जन सैलाब उमड पड़ा। शोभा यात्रा की भव्यता देखते बन रही थी शोभा यात्रा में जहां परंपरागत नर्तक दल सम्मिलित थे वहीं दर्जनों राम दरबार की एक से बढ़कर एक झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। शोभा यात्रा के स्वागत में पूरा नगर उमड पड़ा। गौरतलब है कि रामनवमी महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में विगत एक माह पूर्व से व्यापक स्तर में रामनवमी की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई थी रामनवमी आयोजन को लेकर कई दौर की चर्चा योजना बैठक भी आयोजित की गई थी। अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद आयोजित हो रहे रामनवमी आयोजन को बृहद एवं भव्य स्वरूप देने को लेकर नगर वासियों के मनसा अनुरूप श्री राम मंदिर में संध्या बेला में भव्य महाआरती, श्री राम जन्मोत्सव के समय रामायण पाठ एवं भंडारे के साथ साथ कई तरह के आयोजन संपन्न कराय गए। श्री राम दरबार के शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख चौक चौराहे से होते हुए गांधी मैदान पहुंचा जहाँ पूजा अर्चना आरती भजन संध्या एवं भंडारे के साथ शोभा यात्रा का समापन हुआ। गांधी मैदान में पंद्रह सदस्यीय निर्णायक मंडली के द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर आयोजन समिति की ओर से सुभाष जायसवाल, आर.के. पटेल, एस.पी.निगम, शैलेष गुप्ता,सुभाष केशरी, अरुण केशरी, अशोक जायसवाल, मुकेश जायसवाल, राजेश सोनी, विजय रावत सहित अन्य अतिथियों के द्वारा श्री राम दरबार की झांकियों एवं शहर के विभिन्न स्थानों में झांकी दल का स्वागत करने वाले श्री राम भक्तों की टोली को सम्मानित किया गया। इस दौरान रामनवमी आयोजन समिति के संयोजक नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने नगर वासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए रामनवमी आयोजन के लिए विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों एवं पुलिस प्रशासन सहित आम जनमानस का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम पूरे शहर का है और जिस प्रकार से नगर वासियों ने पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन में अपनी सहभागिता दी है निश्चित रूप से आने वाले समय में यह आयोजन और भी भव्य रूप से हो सकेगा। उपरोक्त संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में टी.आर.शर्मा, अजय तूतू गुप्ता,श्री राम मंदिर पुजारी, यशपाल दुबे,विनय चौरसिया पांडे, दीपक दूबे, अजय केशरी, ओमप्रकाश जयसवाल, रामाशंकर दूबे, डा.सत्यम गुप्ता,महेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल रामाशिश मेहता,जदुनी रवि,अनूप कश्यप,छद्दू गुप्ता,रवि रंजन पाल सहित बडी संख्या में सभी वर्ग से श्री राम भक्त धर्म प्रेमी नागरिकगण सक्रिय रहे।

## जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं जलपान से झाकियों का किया स्वागत

रामनवमी आयोजन को लेकर पूरे नगर वासियो में उत्साह देखते ही बन रहा था नगरवासीयो ने स्व प्रेरणा से जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं आरती उतार कर शोभा यात्रा का स्वागत किया वहीं नगर में दर्जनों जगह जलपान की व्यवस्था की गई थी। व्ही सुप्रसिद्ध गायक राजेश जायसवाल एवं उनकी टीम के द्वारा भगवान श्री राम एवं हनुमान जी का एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुती ने देर रात तक उपस्थित लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

### झाकियों में बाबा नर्मदेश्वर महादेव समिति रहा प्रथम

नगर वासियों को रामनवमी महोत्सव से अधिकाधिक जोड़ने के उद्देश्य से श्री रामनवमी महोत्सव आयोजन समिति के द्वारा श्री राम दरबार झांकी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। जिसमें नगर के 15 वार्डो में से 14 वार्ड के लोगों ने राम दरबार झांकी प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बाबा नर्मदेश्वर महादेव समिति के श्री राम दरबार की झांकी को 31000 रूपये द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रगति वन महिला समूह के श्री राम दरबार की झांकी को 21000 रूपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले चार संगति महिला ग्रुप,ओंकारेश्वर महादेव मंदिर,दुखहरेश्वर महादेव मंदिर,श्री साई महिला समूह के श्री राम दरबार की झांकीयो को 11000 रूपये नगद एवं सील्ड जहां प्रदान किया गया वहीं श्री राम दरबार झांकी प्रतियोगिता में शामिल सभी झांकी दलों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 7100 रूपये नगद एवं सील्ड प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

# नहर के तेज बहाव में बहे युवक की दूसरे दिन भी गोताखोरों की टीम जुटी तलाश में

## घटना के दूसरे दिन भी नहीं मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले के राताखार के पास से गुजरे नहर में बह गए युवक का बुधवार को दूसरे दिन भी पता नहीं चल सका है। मूल रूप से पड़ोसी राज्य झारखंड का रहने वाला बताया जा रहा युवक मंगलवार को नहाते समय पानी के तेज बहाव में बहकर लापता हो गया। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, राताखार बस्ती में मूलतः झारखंड निवासी मजदूर शमशाद अली (26) किराए से रहता था। वह मजदूरी करके अपना भरण-पोषण कर रहा था। शमशाद सोमवार को नहाने के लिए राताखार के पास से गुजरे नहर में पहुंचा था। यहां पानी का बहाव बहुत अधिक तेज था, जिसके चलते वो बह गया। आसपास नहर में मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मिला।

मजदूर के लापता होने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नहर में गोताखोरों को उतारा, लेकिन युवक का पता नहीं चल सका। इसके बाद नहर का पानी कम करवाकर भी लापता व्यक्ति की तलाश की जा रही है, हालांकि अभी तक उसे ढूंढने में सफलता नहीं मिल सकी है। सिटी कोतवाली प्रभारी एम.बी. पटेल ने बताया कि पुलिस की टीम संजय नगर सीतामढ़ी-उरगा मुख्य मार्ग पर नहर किनारे बस्ती और गांव में आसपास मुनादी कराकर भी युवक की तलाश में जुटी है। नहर के किनारे से शमशाद के कपड़े और चप्पल मिले हैं। गोताखोर लगातार युवक की तलाश में जुटे हैं, जल्द ही उसे ढूंढने में सफलता मिल जाएगी।

# दावानल की चपेट में गजमार का जंगल, सुबह से देर रात तक देखी गई पहाड़ के जंगल में आग, गर्मी बढ़ते ही दावानल की घटनाएं बढ़ने लगी

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



गर्मी बढ़ते ही जंगल में दावानल की घटनाएं देखने को मिलती है, लेकिन पिछले दिनों मौसम के बदलाव के कारण जंगल में आग लगने की घटनाएं कम हो रही थी, पर अब तापमान लगातार बढ़ते जा रहा है। ऐसे में दावानल की घटनाएं फिर से सूनने व देखने को मिल रही है। बुधवार की सुबह से गजमार पहाड़ के जंगल में आग की लपटे देखी गई, लेकिन वह शाम होते होते बढ़ गई और दूर से पहाड़ के जंगल में लगे आग को देखा जा रहा था। वहीं आग की सूचना मिलते ही भले ही वनकर्मी मौके पर पहुंच गए, लेकिन आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था, जिसके कारण गुरूवार की सुबह भी आग के कारण निकलने वाला धुंआ देखा जा रहा था। हांलाकि इसे बुझाने का प्रयास किया जा रहा था और विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। इसके अलावा जमांगा सर्किल में भी दावानल की घटना घटित होने की बात कही जा रही है। लगातार इस तरह दावानल की घटनाओं से विभाग के दावों की भी पोल खुलती नजर आ रही है।

**यह होता है नुकसान**-विभागीय जानकारों की माने तो जंगल में आग लगने से कई तरह के नुकसान होते हैं। जिसमें प्रमुख रूप से यह होता है कि छोटे बड़े वन्यप्राणी आग की वजह से विचलित हो कर आसपास के आबादी क्षेत्रों तक पहुंच जाते हैं फिर वे शिकारियों का शिकार भी बन सकते हैं। इसके अलावा पक्षियों के अंडे व छोटे कीड़े इसकी चपेट में आ जाते हैं। साथ ही पेड़ व बांस भी झुलस जाते हैं और मिट्टियों की उर्वरा षक्ति भी प्रभावित होती है।

## अधिकारी नहीं जाते जंगल: माझापारा समिति अध्यक्ष

माझापारा वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यादराम का कहना है कि जंगल में बुधवार से गजमार पहाड़ में आग लगा है, लेकिन इसकी सुध लेने के लिए न तो रेंजर जंगल जाते हैं और न ही विभाग के कोई अन्य अधिकारी। ऐसे में जंगल जलते रहता है। रात में भी जंगल का आग दूर से देखा जा रहा था। वहीं उनका यह भी कहना है कि पूर्व में समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों की पूछपरख होती थी। कार्यशाला में सभी को बुलाया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। बल्कि विभाग ने वन प्रबंधन समिति से दूर बना ली है।

### आग पर पा लिया गया काबू: डीएफओ

वन मंडलाधिकारी स्टायलो मंडावी से जब गजमार पहाड़ में दावानल की घटना के संबंध में हमने मोबाईल पर चर्चा किया, तो उन्होंने बताया कि आग की सूचना मिलने के बाद तत्काल उसे बुझाने का प्रयास किया गया और आग पर काबू पा लिया गया है। घासफुस ही जले हैं और कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# पसंद करता हूं, शादी करूंगा कहते हुए लूट ली आबरू, इंस्टाग्राम में हुई दोस्ती

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



इंस्टाग्राम में एक युवक के द्वारा युवती से दोस्ती कर उसे मेला घुमाने ले जाने के बहाने पसंद करता हूं, शादी करूंगा कहते हुए जबरन उसके साथ अनाचार करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले की लैलूंगा पुलिस ने युवती से दुष्कर्म मामले के आरोपी शुभम चक्रवर्ती 22 साल निवासी तांबामुडा थाना फरसाबहार जिला जशपुर को उसके घर पर दबिश देकर पकड़ा है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने लगातार फरार चल रहा था। पीड़िता ने घटना को लेकर 11 अप्रैल को युवती अपने परिजनों के साथ थाना आकर शुभम चक्रवर्ती के विरूद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। युवती ने बताया कि शुभम चक्रवर्ती से इंस्टाग्राम के जरिये जान परिचय हुआ था दोनों बातचीत करते थे। शुभम चक्रवर्ती ने पसंद करता हूं, शादी करूंगा कहकर 22 फरवरी को गांव मिलने आया था। उसके बाद 08 मार्च को शुभम गांव आकर माडो मेला दिखाने ले जाने के बहाने गांव से लेकर गया और गांव बस्ती के बाहर सुनसान जगह में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। युवती ने बताया कि उसके बाद शुभम उसके फोटो घरवालों को भेजकर बदनाम करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था। युवती की शिकायत के बाद आरोपी शुभम चक्रवर्ती पर धारा 376 आईपीसी 67 (।) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लैलूंगा पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिये उसके घर में दबिश दिया गया लेकिन उससे पहले ही आरोपी फरार था। लैलूंगा थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगडे ने आरोपी के गांव आने पर सूचना देने मुखबीर लगाकर रखा था। इसी बीच सुबह थाना प्रभारी राजेश जांगडे को मुखबीर से आरोपी के गांव आने की सूचना मिली जिसके बाद तत्काल पुलिस टीम आरोपी के घर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया जिसे दुष्कर्म और आईटी एक्ट के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों का आंतक जारी, 05 किसानों की धान की फसल, 105 पौधे व 54 फेसिंग पोल को क्षति

## अलग-अलग दल में 105 हाथियों का दल कर रहा विचरण

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले के जंगलों में विचरण करने वाले गजराजों का आतंक लगातार जारी है। धरमजयगढ़ वन मंडल में ही इन दिनों 105 हाथी अलग अलग रेंज में विचरण कर रहे। जहां बीती रात हाथियों के द्वारा 5 किसानों के धान की फसलों के साथ- साथ 180 पौधे के अलावा 54 नग फेंसिंग पोल को नुकसान पहुंचाया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों केवल धरमजयगढ़ वन मंडल में ही अलग-अलग रेंज में 105 हाथी विचरण कर रहे हैं। जिसमें 22 नर, 51 मादा व 32 बच्चे शामिल हैं। हाथियों के इस दल में धरमजयगढ़ के सेमीपाली बीट में सर्वाधिक 32 हाथी, बाकारूमा के जमाबीरा बीट में 22 हाथी, छाल के पुरूंगा बीट में 22 हाथी, कापू के कुमरता बीट में 11 हाथी, छाल के हाटी बीट में 9 हाथियों के अलावा धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग बीट में हाथियों का दल विचरण कर रहा है। वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार हाथियों के मूवमेंट पर ड्रोन कैमरे के जरिये निगरानी रखते हुए हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथी से सावधानी बरतने लगातार अपील की जाती रही है। ताकि उनके क्षेत्र में हाथी के हमले से किसी प्रकार की जनहानि की घटना घटित न हो। बीती रात हाथियों के एक दल ने बाकारूमा के जमाबीरा बीट के सोखामुडा गांव में 03 किसानों की धान की फसल, छाल के कीटा व तेंदुमुडा गांव में दो किसानों की धान की फसल, छाल के पुरूंगा बीट में 1 किसान की धान की फसल के अलावा पुरूंगा में ही जोरदार आंतक मचाते हुए 180 नग पौधों को बुरी तरह तहस-नहस करते हुए पौधों को सुरक्षित रखने उसके आसपास लगाये गए 54 फेसिंग पोल को नुकसान पहुंचाया है।

इस घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर हाथियों के द्वारा किये गए नुकसानी का आंकलन करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वन विभाग के द्वारा क्षेत्र में लगातार हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए गांव के ग्रामीणों को जंगल की तरफ नही जाने की सलाह भी दी जा रही है। साथ ही साथ आसपास के गांवों में मुनादी कराते हुए हाथी से सावधानी बरतने की बात कही जा रही है।



## मॉ भुवनेश्वरी देवी मंदिर में जयघोस के बीच मॉ भुवनेश्वरी की प्राण प्रतिष्ठा की गई

**मुंगेली।** ग्राम झलियापुर मुंगेली में मॉ भुवनेश्वरी देवी मंदिर में जयघोस के बीच मॉ भुवनेश्वरी की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मॉ महामाया भुवनेश्वरी मंदिर सेवा समिति झलियापुर के द्वारा आयोजित महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रध्दालु शामिल हुये। इस अवसर पर श्रध्दालुओं ने भजन कीर्तन कर माता का गुणगान किया। 5 दिवसीय यज्ञ भी संपन्न हुई। इसमें विश्व शांति सुख समृध्दि के लिए आहुतिया दी गई। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद महाआरती हुई। पूर्व आहूती अज्ञांन स्नान, वर्सोधारा, सहस्त्रधारा, ब्राम्हण भोज के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

**नहीं हो सकती मुझ पर कोई कार्यवाही**

# रिसॉर्ट संचालक का दावा, जिले के अधिकारी मेरी मुट्ठी में

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com




रविशंकर सागर परियोजना से पानी चोरी करने वाले रिसॉर्ट के संचालक पर विभाग ने नोटिस जारी कर रकम जमा करने को कहा था। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक उसने रकम जमा नहीं की। तुर्रा यह कि पानी की चोरी अभी तक जारी है जिसे लेकर विभाग के अधिकारी मौन साधे हुए हैं। गंगरेल बांध के खतरे वाले निशान पर स्थापित यह रिसॉर्ट में पिछले कई वर्षों से पानी की चोरी की जा रही है जिसकी जानकारी लगने पर विभाग ने नोटिस जारी कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। होना यह चाहिये था कि उस पर जल संसाधन नियमों के अनुसार तत्कालिक कार्यवाही कर पैसा नहीं पटाये जाने के कारण पानी सप्लाई को फौरन बंद कर देना चाहिये था। लेकिन ऐसा न कर रिसॉर्ट के संचालक को अप्रत्यक्ष रूप से विभाग सहयोग कर रहा है जिससे मिलीभगत होने का पता चलता है। रिसॉर्ट संचालक द्वारा यह दावा भी किया जाता है कि जिले के अधिकारियों को वह अपनी मुट्ठी में लेकर घूमता है और उस पर कोई कार्यवाही हो नहीं सकती। कोई कितना भी जोर लगा ले, मुझ पर कोई कार्यवाही करने की ताकत किसी में नहीं है और संचालक का यह दावा काफी हद तक सच साबित हो रहा है क्योंकि लगातार बिना डायवर्सन, बिना अनुमति, बांध से बीते कई वर्षों से पानी चोरी के बावजूद अब तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। यहां तक कि बिना अनुमति के सालों से व्यवसायिक स्वीमिंग पुल का संचालन शासन के नियमों के विपरीत किया जा रहा है जिससे लोगों को चर्मरोग जैसी बिमारियों से जूझना पड़ रहा है। महानदी पर निर्मित गंगरेल बांध के तत्कालीन कार्यपालन अभियंता ने वर्ष 1980 में गंगरेल बांध से छोड़े जाने वाले बाढ़ के पानी से निचले क्षेत्र में बसे ऐसे दुकान, मकान इत्यादि लोगों को वहां से हटाया था और बड़े-बड़े अनेक स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाकर उक्त क्षेत्र को खतरे के निशान वाला घोषित किया था। आज यह बोर्ड देखरेख के अभाव में जंग लगे हुए देखे जा सकते हैं जिसकी जानकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को भी नहीं है। लेकिन इन अधिकारियों को पुराने रिकॉर्ड का अवलोकन करना चाहिये और खतरे के निशान में रहने वाले लोगों को वहां से न सिर्फ बेदखल करना चाहिये बल्कि पानी चोरी करने वाले रिसॉर्ट के खिलाफ भी त्वरित कार्यवाही करनी चाहिये ताकि गंगरेल बांध में बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर यहां ठहरने वाले लोगों को गंभीर स्थिति का सामना न करना पड़े। प्रत्येक वर्ष बारिश के मौसम में गंगरेल बांध से पानी महानदी में छोड़ जाता है, तब यही पानी रिसॉर्ट के क्षेत्र से होकर गुजरता है। जैसा कि पूर्व वर्ष 1980 में महानदी गंगरेल बांध से 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था तब नदी के किनारे बसे लोगों की झोपड़ियां, दुकान सभी कुछ बह गया था। इसे देखते हुए ही उक्त क्षेत्र को खतरे के निशान के अंदर घोषित किया गया था। मरादेव स्थित रिसॉर्ट में चल रही पानी चोरी के संबंध में एक ओर जल संसाधन विभाग ने नोटिस मात्र जारी कर अपने कर्तव्य की इतिश्री की, लेकिन इस अधिकारी ने पैसा नहीं पटाये जाने के कारण संबंधित रिसॉर्ट के जल कनेक्शन को विच्छेद अभी तक नहीं कराया है। बताया जाता है कि यह रिसॉर्ट किसी अधिकारी का है, जो बिना अनुमति के बनाया गया है। साथ ही साथ इस रिसॉर्ट में शासन द्वारा आदिवासियों को जीविकोपार्जन के लिये आबंटित की गई सवा-सवा एकड़ भूमि में से इस रिसॉर्ट के जमीन के पट्टाधारी आदिवासी से लालच देकर उक्त स्थल को अपने कब्जे में कर दिया है। इसे लेकर राजस्व अमले पर भी उंगलियां उठ रही हैं। यह रिसॉर्ट पिछले दिनों काफी चर्चा में आया जहां होली पर्व के अवसर पर शराब के नशे में चूर युवकों द्वारा रिसॉर्ट के अंदर हुड़दंग मचाया जा रहा था जिसकी खबर पर यहां पुलिस दल पहुंचा था। उनसे भी ये युवक उलझ पड़े। हालांकि इस मामले में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही विभाग द्वारा की गई। लेकिन अवैधानिक रूप से बने रिसॉर्ट के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई। यह रिसॉर्ट सड़क से दिखता ही नहीं है जबकि करीब जाकर देखने पर ही यह रिसॉर्ट नजर आता है जहां शराब, शबाब, कबाब को भी परोसे जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय वर्ष 1980 में शासन द्वारा मरादेव स्थित कुछ आदिवासियों को जीविकोपार्जन हेतु शासकीय भूमि आबंटित की गई थी ताकि इनका परिवार उत्तरोत्तर तरक्की कर सके परंतु ऐसे कुछ लोगों ने अपनी शासकीय भूमि जिसे पट्टे की जमीन भी कहा जाता है, उसे रिसॉर्ट के मालिक को बेचा है जो कि नियम के विपरीत है। इन आबंटित भूमियों को पट्टेधारी लोग किसी भी हालत में किसी अन्य को नहीं हस्तांतरित कर सकते किंतु राजस्व विभाग इस मामले पर खामोशी अख्तियार किये हुए है। यहां स्थित रिसॉर्ट को लेकर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की दिखावटी कार्यवाही और राजस्व अमला की आदिवासियों की भूमि पर किसी अन्य के कब्जे को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण यहां ऐसे खतरे के निशान में रिसॉर्ट, दुकान, मकान इत्यादि बनते जा रहे हैं जिसकी सर्वत्र चर्चा है।

**फॉर्म नं0 आईएनसी-26**
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]

**कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में बदलने के लिए विज्ञापन**

**केंद्र सरकार से पहले (क्षेत्रीय निदेशक), उत्तर पश्चिमी क्षेत्र**

**आरओसी भवन, रूपल पार्क सोसाइटी के सामने, अंकुर बस स्टॉप के पीछे, नारनपुरा, अहमदाबाद-380013, गुजरात**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (ए) के मामले में

**और**

**फेयर रेजीडेंसी प्राइवेट लिमिटेड (सीआईएनः- U70100CT2010PTC022192)** इसका पंजीकृत कार्यालय रेलवे स्टेशन के सामने, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ -491001 में है

.......**याचिकाकर्ता**

एतद्द्वारा आम जनता को सूचना दी जाती है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, गुजरात (केंद्र सरकार) को कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन की पुष्टि के लिए आवेदन करने का प्रस्ताव करती है। कंपनी को अपने पंजीकृत कार्यालय को **"छत्तीसगढ़ राज्य"** से **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** में बदलने में सक्षम बनाने के लिए बुधवार 17 अप्रैल, 2024 को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, **वह एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल कर सकता है** अथवा उसके निचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय मे आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सुचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह (14) दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक के पते **उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, आरओसी भवन, रूपल पार्क सोसाइटी के सामने, अंकुर बस स्टॉप के पीछे, नारनपुरा, अहमदाबाद-380013, गुजरात,** के कार्यालय में जमा करे या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें:

**पताः रेलवे स्टेशन के सामने, स्टेशन रोड, दुर्ग छत्तीसगढ़-491001**

**कृते फेयर रेजीडेंसी प्राइवेट लिमिटेड**
**हस्ता/-**
**श्री शरन बिहारी अग्रवाल**
**निदेशक**
DIN: 00394548
**पताः एच. न0. 53, फ्रेंड्स कॉलोनी ईस्ट, श्रीनिवासपुरी, दिल्ली-110065**

संपादकीय

# सुखद पूर्वानुमान अधिक बरसात

**भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी** ने दशक में पहली बार पूरे देश में सामान्य से अधिक बरसात का पूर्वानुमान लगाया है। आईएमडी ने अपने दीर्घकालीन पूर्वानुमान से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। एक दशक में पहली बार उसने पूरे देश में औसत से अधिक बरसात का अनुमान लगाया है। यह पूर्वानुमान विभिन्न क्षेत्रों के लिए कई प्रकार से महत्वपूर्ण है जिनमें कृषि व जल संसाधन प्रबंधन के साथ अन्य क्षेत्र भी शामिल हैं। नीति निर्माता और किसान इस खबर का स्वागत करेंगे, हालांकि आम लोगों को भी हमेशा की तुलना में ज्यादा मानसून से तालमेल बनाना होगा। यह सभी किसानों के लिए वास्तव में राहत की सांस होगी। कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है और वह समय पर व समुचित बरसात पर अत्यधिक निर्भर है। समुचित बरसात फसलें उगाने तथा अन्य कृषि गतिविधियां जारी रखने के लिए जरूरी है। बरसात में अधिकता के पूर्वानुमान के साथ ही किसान मिट्टी में ज्यादा नमी की उम्मीद कर सकते हैं जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी। इसके साथ ही यह पूर्वानुमान उनको फसल चक्र की बेहतर योजना बनाने तथा कृषि उत्पादन अधिकतम करने का अवसर भी देता है। भारत के जल संसाधन गहन रूप से मानसून पैटर्न से जुड़े हैं। इसे देखते हुए सामान्य से अधिक बरसात जल भंडारों, झीलों तथा भूमिगत जल भंडारों को भरने के लिए अच्छी होगी। इससे जल का स्तर बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इसकी खासकर जल संकट का सामना कर रहे क्षेत्रों में बहुत आवश्यकता है। उपयुक्त बरसात से जल संसाधनों पर पड़ने वाला दबाव घटेगा तथा घरेलू, औद्योगिक व कृषि क्षेत्र के लिए सप्लाई में सुधार आएगा। अच्छे मानसून से पनबिजली उत्पादन में भी वृद्धि होगी। इस प्रकार ऊर्जा क्षेत्र भी लाभान्वित होगा।

लेकिन अभी सामान्य या सामान्य से अधिक मानसून का उत्सव मनाना उचित नहीं होगा। मौसम के पूर्वानुमान अपनी प्रकृति से ही अनुमानों पर आधारित होते हैं। देश भर में अच्छा मानसून एक विरल चीज रहा है। जहां सामान्य से अधिक बरसात से अनेक लाभ होते हैं, वहीं इससे कुछ चुनौतियां भी सामने आती हैं। ज्यादा बरसात के कारण खासकर निचले तथा जल भराव वाले क्षेत्रों में बाढ़ आ सकती है। बाढ़ से न केवल संपत्ति व ढांचागत संरचनाओं को नुकसान होता है, बल्कि इससे मानव जीवन भी खतरे में पड़ता है। इसलिए संबंधित अधिकारियों को ढांचागत संरचनायें मजबूत करने, जल निकासी व्यवस्थाओं में सुधार करने तथा प्रभावी बाढ़ प्रबंधन रणनीतियां बनाने की दिशा में पूर्वानुमान के आधार पर कदम उठाने चाहिए। भारी बरसात से मृदा क्षरण तथा भूस्खलन का खतरा खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ जाता है। इसलिए संकटग्रस्त परिस्थितिकी तंत्रों को बचाने तथा संकट कम करने के लिए उपयुक्त मृदा संरक्षण उपाय व पुनर्वनीकरण जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। संबंधित अधिकारियों को उपयुक्त जल प्रबंधन व्यवहार अपना कर पानी की बरबादी रोकने तथा जल संसाधनों को अधिकतम करने के प्रयास करने चाहिए। भारतीय मौसम विभाग- आईएमडी की भविष्यवाणी किसानों के लिए कृषि उत्पादन बढ़ाने की बेहतर संभावनायें लाई है। वह अधिकारियों के लिए पानी की कमी से निपटने में सहायक हो सकती है। तैयारी, संरक्षण तथा टिकाऊ व्यवहारों के समग्र दृष्टिकोण के आधार पर भारत को प्रचुर बरसात का लाभ उठाने की तैयारी करनी चाहिए। इससे वह अधिक बरसात के कारण होने वाले संभावित जोखिमों से बच सकता है। इससे देश के सामाजिक-आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संरक्षण का मार्ग खुलेगा।

# ईरानी हमले से स्थायित्व को खतरा

## इज़राइल पर ईरानी हमला अपनी प्रकृति से प्रतीकात्मक है, पर इससे क्षेत्र में बढ़ते तनाव का संकेत मिलता है। हालांकि, अमेरिका ने शक्ति संतुलन बनाए रखने का वादा किया है।



नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)




ईरानी हमला अपनी प्रकृति से प्रतीकात्मक है, पर इससे क्षेत्र में तनाव का संकेत मिलता है। हालांकि, अमेरिका ने शक्ति संतुलन बनाए रखने का वादा किया है। हालांकि, इज़राइल ने विश्व नेताओं के अनुरोध पर संयम बरता है, पर उसने ईरान के खिलाफ बदला लेने की असाधारण कार्रवाई के प्रति प्रतिबद्धता भी प्रकट की है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि ईरान अपने मुहरों-हमास, हिजबुल्ला व हूती के माध्यम से न केवल इज़राइल पर हमले करता है, बल्कि वह इस पूरे क्षेत्र पर अपना वर्चस्व भी कायम करना चाहता है। ऐसे समय जब दक्षिण एशिया तथा पूर्वी एशिया में अनेक देश परंपरागत नव वर्ष मना रहे थे, पश्चिम एशिया के दूसरे सबसे बड़े देश ईरान ने अपने कट्टर दुश्मन इज़राइल पर अनेक मिसाइलों से निशाना लगाया। जार्डन और सऊदी अरब ने इज़राइल का समर्थन करते हुए ईरान द्वारा दागी अधिकांश मिसाइलों को गिरा दिया। यह हमला प्रतीकात्मक लगता है क्योंकि इसका उद्देश्य फिलिस्तीन में हमास, यमन में हौती तथा ईराक और लेबेनान में ईरान-समर्थक हिजबुल्ला का हौसला बढ़ाने के लिए है। इन सबने पश्चिम एशिया में इज़राइल के खिलाफ युद्ध का समर्थन किया है।

इस हमले ने उनका उत्साह बढ़ाने का काम किया। हमले के फौरन बाद हमास ने 'कैरो समझौता' अस्वीकार कर दिया जो शक्तिशाली खुफिया एजेंसियों-सीआईए व मोसाद के बीच वार्ताओं के माध्यम से हुआ था। मिस्त्र ने इसमें सहायता की थी और इसका उद्देश्य इज़राइली बंधकों को रिहा कराना था। हालांकि, अनेक देशों ने इज़राइल को त्वरित प्रतिक्रिया के लिए प्रोत्साहित किया, पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि यदि ईरान के खिलाफ हमले किए गए तो वे उनका समर्थन नहीं करेंगे। सच्चाई यह है कि अमेरिकी प्रशासन इस समय एक और युद्ध के लिए इज़राइल की सहायता नहीं कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की छवि बहुत खराब है और बाइडेन की राजनीतिक शक्ति बहुत कमजोर हो गई है। ऐसे में यदि अमेरिका कोई मूर्खतापूर्ण निर्णय करता है ता उसे जल्द ही अभूतपूर्व नतीजों का सामना करना पड़ेगा। इलोन मस्क ने हाल में कहा है कि अमेरिका को एक और '11 सितंबर' जैसे हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे टकरावों का असर न केवल वाशिंगटन या न्यूयार्क पर होगा, बल्कि इससे दुनिया भर में अमेरिकी सैनिक ठिकानों पर संकट पैदा हो सकता है। इतिहास ने सिद्ध किया है कि महाशक्तियां अंततः ध्वस्त हो जाती हैं। अपने जीवनकाल को देखते हुए मानव सभ्यता के दृष्टिकोण से अमेरिका महान साम्राज्यों के पतन की तुलना में युवा महाशक्ति है।

इतिहास पर गौर करें तो शक्तिशाली साम्राज्यों का उत्थान और पतन हुआ है। इनमें रोमन साम्राज्य, आटोमन साम्राज्य, मंगोल साम्राज्य तथा ब्रिटिश साम्राज्य शामिल हैं। 16वीं से 20वीं शताब्दी तक अस्तित्व में रहे ब्रिटिश साम्राज्य को आर्थिक दबावों तथा राष्ट्रवादी आंदोलनों का सामना करना पड़ा और अंततः यह आंतरिक कमजोरियों तथा बाहरी दबावों के सामने ध्वस्त हो गया। राजनीतिक, सैनिक तथा सामाजिक-आर्थिक तत्वों के कारण इन साम्राज्यों के ध्वस्त होने से दुनिया को नया स्वरूप मिला। इससे सत्ता का परिवर्तनशील चरित्र तथा आधुनिक भू-राजनीति व सभ्यता पर इतिहास का स्थाई प्रभाव स्पष्ट होता है। लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका के 'डीप स्टेट' ने निश्चित रूप से अनेक अन्य देशों की तुलना में विश्व इतिहास को बेहतर ढंग से समझा है। इसी कारण अमेरिका की मूल रणनीति शांति की बात करते हुए नये युद्धों का सृजन करना है और अनिश्चितताओं पर नियंत्रण के लिए इन युद्धों को दीर्घकालीन त्रासदियों में बदलना है। इस रणनीति से वह अपने विरोधियों को कमजोर करते हुए अपनी सत्ता लगातार बनाए रखने में सफल रहता है। अनेक टकरावों को उनके राजनीतिक और आर्थिक संदर्भ में देखने पर इन टकरावों के बारे में बेहतर समझदारी पैदा होती है।

इज़राइल द्वारा ईरान के खिलाफ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार प्रचारित विचारधारा एक राय या इज़राइल की प्रतिद्वंद्विता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक दीर्घकालीन रणनीति है जिसमें तथ्यों व लक्ष्यों को अमेरिका के साथ मिल कर सावधानी से तय किया जाता है। दूसरी ओर वह इन देशों पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगवा कर वहां आंतरिक संकट पैदा करता है। यह रणनीति पश्चिम का स्थाई व्यवहार बन गई है। यह तथ्य भुलाया नहीं जाना चाहिए कि ईरान का हमला बदले की कार्रवाई है। यह सीरिया में ईरानी कौंसुलेट पर इज़राइल के उकसावे भरे हमले की प्रतिक्रिया है। उसकी कार्रवाई वियेना सम्मेलन का घोर उल्लंघन थी जिसमें ईरानी क्रांतिकारी गार्ड कार्पर्स की मौतें हुई थीं। कुछ विश्लेषकों के अनुसार, ईरान ने सोचा था कि यदि वह प्रतिक्रिया नहीं करेगा तो इज़राइल उसे और पीछे धकेलने तथा क्षेत्र में प्रतिरोध को कमजोर करने का प्रयास करेगा। लेकिन यह अनुमान लगाना उचित नहीं होगा कि इज़राइल ने सीरिया में ईरानी राजनयिक ठिकाने पर अपने हमले के परिणामों का अनुमान नहीं लगाया होगा।
इज़राइल की खुफिया एजेंसी ने सीरिया में हिजबुल्ला व आईआरजीसी में अच्छी घुसपैठ की है और इन नेटवर्कों को इज़राइली हमलों के लिए आसान बना दिया है। ईरान को अपने सहयोगियों में अपना सम्मान बनाए रखना है तथा आंतरिक राजनीतिक संकट से प्रभावी ढंग से निपटना है। इसलिए अपने मुहरों के माध्यम से वह हमलों को प्राथमिकता देता है, भले ही कभी-कभी दोनों पक्षों के बीच सीधे टकराव हो जाता हो। इसके साथ ही ईरान सरकार की घरेलू नीतियों के कारण तनाव बना हुआ है।

ईरान में कुछ राजनेता और अधिकारी खुलेआम ईरान की अंतर्निहित कमजोरियों का उल्लेख करते हैं। वे ईरान सरकार के समक्ष मौजूद अनेक संकटों को उजागर कर चेतावनी दे रहे हैं कि वह महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित किए बिना इज़राइल से सीधे टकराव न मोल ले क्योंकि इससे स्थिति और खराब हो सकती है। उन्होंने व्यावहारिक प्रशासन तथा प्रभावी संकट प्रबंधन पर जोर दिया है तथा वे व्यवस्था को ध्वस्त होने से बचाने के लिए वर्तमान संकट का समाधान खोजने पर जोर दे रहे हैं। समाज में आर्थिक चुनौतियां तथा मनोवैज्ञानिक अस्थिरता ऐसे तात्कालिक मुद्दे हैं जिनको तत्काल संबोधित किया जाना चाहिए। ऐसा न होने पर वे दुश्मनों को फलने-फूलने का उपजाऊ मैदान देते हैं। ईरान के अनेक राजनेताओं ने तनाव घटाने के लिए सुलह-समझौते वाली नीतियां अपनाने तथा ईरानी समाज में सद्भावना व संवेदनशीलता बढ़ाने का अनुरोध किया है। सरकार की दमनकारी घरेलू नीतियां, खासकर अनिवार्य 'हिजाब अभियान' ने समाज में व्यापक निराशा और गुस्सा पैदा किया है जिससे सरकार की वैधता पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। हालिया इज़राइल-विरोधी कार्रवाइयों, जैसे एक मालवाहक जहाज पर कब्जे ने ईरानी बाजारों पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। ईरानी राष्ट्रीय मुद्रा में ऐसी कार्रवाइयों के कारण रिकार्ड गिरावट आई है। बड़ी संख्या में ईरानियों द्वारा आर्थिक संकट का सामना करने के कारण राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी की कटु आलोचना हुई है और उन्होंने इनसे निपटने के लिए कैबिनेट में परिवर्तन का निर्णय किया है।

पिछले वर्षों में इज़राइल ने ईरानी नाभिकीय वैज्ञानिकों और उसकी नाभिकीय ढांचागत संरचना पर हमला करने की अपनी क्षमता का लगातार प्रदर्शन किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका तथा इज़राइल द्वारा संयुक्त रूप से संचालित 'स्टक्सनेट साइबर हमले' ने ईरान की नाभिकीय महत्वाकांक्षाओं को गहरा झटका दिया है। इससे सिद्ध होता है कि घरेलू राजनीतिक मुद्दों के कारण राष्ट्रीय हितों से कभी समझौता नहीं किया जाता है। ईरानी नाभिकीय क्षमताओं पर 'स्टक्सनेट' हमला एक महत्वपूर्ण कदम था। इससे साइबर-युद्ध का नया युग शुरू हो गया है जिसका एकमात्र उद्देश्य भू-राजनीतिक परिदृश्य को पुनः बदलने के लिए सत्ता प्राप्त करना और उसे बनाए रखना है। 'स्टक्सनेट' का प्रभाव सारी दुनिया में दिखाई पड़ा क्योंकि इससे युद्धों की बदलती प्रकृति तथा आधुनिक युद्धों में तकनीक का महत्व उजागर होता है। ऐसी स्थिति में ईरान लगातार मौन नहीं रह सकता है। इसलिए ईरान का हालिया हमला इज़राइल के खिलाफ युद्ध की घोषणा न होकर अपनी इज्जत बचाने का एक कदम है।

# उत्तराखंड में महिलाओं की परिवर्तनकारी भूमिका



शीतल आर्या
(लेखिका, शोधकर्ता हैं)

उत्तराखंड में महिलाएं अपनी असाधारण लचीलेपन और कड़ी मेहनत के लिए प्रसिद्ध हैं, ये विशेषताएं उनकी हिमालयी विरासत में गहराई से निहित हैं। इस बीहड़ इलाके में जीवन की चुनौतियों से जूझने के बावजूद, उत्तराखंड की महिलाएं लगातार सामाजिक और पर्यावरणीय आंदोलनों में सबसे आगे रही हैं, जो चिपको आंदोलन की गौरा देवी और शराब विरोधी आंदोलन का नेतृत्व करने वाली टिंचरी माई (दीपा नौटियाल) जैसी शख्सियतों का प्रतीक हैं। आंदोलन। इन महिलाओं ने उत्तराखंड की भावना को मूर्त रूप देते हुए निडर होकर अन्याय का सामना किया है। यह लेख उत्तराखंड में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को रेखांकित करने और लोकतंत्र को मजबूत करने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालने का प्रयास करता है।

उत्तराखंड में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को दो प्राथमिक क्षेत्रों में विभाजित किया जा सकता है- पहला, महिलाएं राजनीतिक क्षेत्र में नेतृत्व की स्थिति संभाल रही हैं और दूसरा, महिलाएं मतदाता के रूप में अपने चुनावी अधिकारों का प्रयोग कर रही हैं।

राज्य की स्थापना के बाद से, विधान सभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में धीरे-धीरे महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। पहली विधानसभा में चार महिला सदस्यों से, 2022 के चुनावों में संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो एक सराहनीय प्रगति है। हालाँकि, इस प्रगति के बावजूद, महिलाएं विधानसभा में अल्पसंख्यक बनी हुई हैं, जो कुल सदस्यों का केवल एक अंश है। वर्तमान में, विधान सभा में तीन दलित महिलाओं सहित आठ महिला सदस्य हैं, जो उत्तराखंड के इतिहास में सबसे अधिक संख्या है। विशेष रूप से, श्रीमती. रितु खंडूरी वक्ता के रूप में कार्य करती हैं, जबकि श्रीमती। रेखा आर्य कैबिनेट में अकेली महिला मंत्री हैं. इन प्रगतियों के बावजूद, राजनीतिक प्रतिनिधित्व में असमानता बनी हुई है, जो राजनीतिक सत्ता तक पहुँचने में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को रेखांकित करती है।



जबकि संसदीय क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है, आठ में से केवल दो महिला सांसद हैं, महिला आबादी (49 प्रतिशत) और उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व के बीच विसंगति स्पष्ट है। जमीनी स्तर के आंदोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी के बावजूद, औपचारिक राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति अनुपातहीन रूप से कम है। उत्तराखंड में महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो प्रवासन, पर्यावरणीय गिरावट और अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवाओं जैसे मुद्दों से जूझ रही हैं। हालांकि, सामाजिक मानदंड और आर्थिक बाधाएँ अक्सर उनकी राजनीतिक भागीदारी को रोकती हैं। इसके अलावा, राजनीतिक दलों की महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की अनिच्छा इस असमानता को और बढ़ा देती है। उदाहरण के लिए, आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों में, कांग्रेस ने किसी भी महिला उम्मीदवार को नामांकित नहीं किया है, जबकि भाजपा ने केवल एक, श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह को नामांकित किया है। फिर भी, उत्तराखंड में महिला मतदाता हाल के चुनावों में पुरुषों से आगे निकल कर एक ताकतवर ताकत के रूप में उभरी हैं। उनकी बढ़ती राजनीतिक जागरूकता, उनके जीवन को सीधे प्रभावित करने वाले मुद्दों से प्रेरित, उच्च साक्षरता दर और आरक्षण कोटा जैसी सरकारी पहलों ने उनकी भागीदारी को प्रेरित किया है। सरकारी नौकरियों में 30त्न क्षैतिज आरक्षण और पंचायतों में 50त्न आरक्षण जैसी नीतियों ने महिलाओं की राजनीतिक एजेंसी को मजबूत किया है, जिससे उन्हें जमीनी स्तर पर नेतृत्व की भूमिका निभाने में सक्षम बनाया गया है।

2024 के संसदीय चुनावों से पहले, दोनों प्रमुख पार्टियाँ विभिन्न रणनीतियों को अपनाते हुए महिलाओं के समर्थन के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। कांग्रेस ने महिला सुरक्षा और न्याय पर जोर देते हुए महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता और नौकरी में आरक्षण का वादा किया है। इसके विपरीत, भाजपा जमीनी स्तर पर लामबंदी के प्रयासों के साथ-साथ महिलाओं के अधिकारों के लिए एक मील का पत्थर के रूप में समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन पर प्रकाश डालती है। महिला मतदाताओं के बीच प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अपील, उनके जमीनी स्तर के जुड़ाव और महिला आरक्षण विधेयक जैसी पहल के कारण, भाजपा की चुनावी संभावनाओं को और मजबूत करती है। मोदी फैक्टर उत्तराखंड की महिलाओं में प्रतिध्वनित हुआ है, जिसने 2017 से भाजपा के निरंतर प्रभुत्व में योगदान दिया है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए, राज्य सरकार ने 2024-25 के लिए पर्याप्त लैंगिक बजट आवंटित किया है, जो लैंगिक असमानताओं को दूर करने और समानता को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित है। इसके अतिरिक्त, मतदान केंद्रों की निगरानी के लिए महिला कर्मचारियों को तैनात करना और गर्भवती महिलाओं को मतदान केंद्रों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करना जैसे उपाय समावेशी शासन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। निष्कर्षतः, डॉ. अम्बेडकर का यह कथन कि किसी समुदाय की प्रगति महिलाओं की उन्नति पर निर्भर है, उत्तराखंड के लिए सत्य है। जबकि महिलाएं ऐतिहासिक रूप से सामाजिक आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं, औपचारिक राजनीति में उनका कम प्रतिनिधित्व एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। महिलाओं का राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और राज्य के विकास में तेजी लाने के लिए इन चुनौतियों का समाधान करना जरूरी है। जैसा कि उत्तराखंड आगामी चुनाव कौथिग के लिए तैयार है, जिसमें 48.1 प्रतिशत मतदाता हैं, उनकी बढ़ी हुई भागीदारी राज्य में लोकतंत्र की जीत का अग्रदूत होने का वादा करती है।

आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल

pioneer.editorial@gmail.com

पर भी भेज सकते है।

# भारत में मुस्लिम महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाना

रेशम फातिमा

भारत की उपलब्धियों की समृद्ध सूची में, तीन उल्लेखनीय महिलाओं के नाम हैं। लखनऊ की चिकनकारी कलाकार नसीमबानो, अपनी कला से जटिल कहानियाँ बुनती हैं, जस्टिस एम फातिमाबीवी, सुप्रीम कोर्ट में सेवा देने वाली पहली मुस्लिम महिला और तकदीरा बेगम, बंगाल की सिलाई कारीगर हैं। हालांकि इन सभी महिलाओं की जीवन कहानी पहले से ही लाखों मुस्लिम महिलाओं को प्रेरित कर रही है, लेकिन पद्म पुरस्कार 2024 के माध्यम से सरकार द्वारा उनकी हालिया मान्यता ने फिर से महिला सशक्तिकरण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित कर दिया है। ये महिलाएं लचीलापन, विविधता का प्रतीक हैं और उनके योगदान ने भारत की प्रगति और समानता की कहानी को आकार देने का काम किया है।

लखनऊ शहर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में एक विशिष्ट अंग है। इस विरासत के केंद्र में 62 वर्षीय महिला नसीमबानो हैं, जिन्होंने नाजुक कपड़ों को कला के कार्यों में बदल दिया है। नसीम की यात्रा को हाल ही में सरकार द्वारा सम्मानित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के साथ राष्ट्रीय मंच पर मान्यता मिली। इन वर्षों में, नसीम 1985 में राज्य पुरस्कार और 2019 में शिल्प गुरु पुरस्कार सहित विभिन्न पुरस्कारों की प्राप्तकर्ता रही हैं। ये सम्मान उनकी स्थायी प्रतिबद्धता और जगह बनाने की कोशिश कर रही कई मुस्लिम महिलाओं के लिए एक पथ-प्रदर्शक के रूप में उनकी भूमिका के प्रमाण के रूप में खड़े हैं।

साथ ही, भारत के सर्वोच्च न्यायालय में पहुंचने वाली पहली मुस्लिम महिला, न्यायमूर्ति एम फातिमा बीवी की कहानी का उल्लेख करोड़ों हाशिये पर पड़ी मुस्लिम महिलाओं की प्रेरणा के रूप में किया जा सकता है। 1927 में केरल के एक छोटे से गाँव में जन्मी वह एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में पली बढ़ीं। सामाजिक मानदंडों और अपने समुदाय में महिलाओं के लिए सीमित अवसरों के बावजूद, उन्होंने असाधारण शैक्षणिक कौशल का प्रदर्शन किया और राज्य की पहली महिला वकीलों में से एक बन गईं। इन वर्षों में, उन्होंने कई ऐतिहासिक मामले लड़े, जिनमें प्रसिद्ध शाहबानो मामला भी शामिल है, जिसने मुस्लिम पर्सनल लॉ में तत्काल तलाक की भेदभावपूर्ण प्रथा को चुनौती दी थी। उनकी निडर और सैद्धांतिक वकालत ने उनके कई प्रशंसक और समर्थक बनाए। 1989 में, उन्होंने इतिहास रचा जब उन्हें भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया, और वह प्रतिष्ठित पद संभालने वाली पहली महिला और पहली मुस्लिम बनीं। उनके कार्यकाल को कई ऐतिहासिक निर्णयों द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसमें ऐतिहासिक विशाखा मामला भी शामिल था, जिसने कार्यस्थल में महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए दिशानिर्देश स्थापित किए थे। न्यायमूर्ति फातिमा बीवी की यात्रा लचीलेपन, दृढ़ संकल्प और साहस की थी। उनका जीवन और विरासत महिलाओं और पुरुषों की पीढ़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती रहती है।

धैर्य और दृढ़ संकल्प का एक ऐसा ही उदाहरण तकदीरा बेगम की कहानी में देखा जा सकता है। बंगाल में जन्मे और पले-बढ़े तकदीरा ने तराशा कांथा सिलाई में लगभग तीन दशकों से अधिक का कौशल। इस पारंपरिक कढ़ाई तकनीक में उनकी महारत ने न केवल उनकी प्रशंसा अर्जित की है, बल्कि उनके समुदाय की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत के रूप में भी काम किया है। हाल ही में, तकदीरा को कांथा सिलाई की कला में उनके योगदान के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक, पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। इस मान्यता ने उनकी कहानी को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाया है, जिससे उनकी प्रतिभा और महिलाओं द्वारा अपने समुदायों में निभाई जा सकने वाली मूल्यवान भूमिका पर प्रकाश पड़ा है। अपनी कलात्मकता के माध्यम से, तकदीरा लचीलेपन और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रदर्शित करती है जो उन महिलाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जो अपने जीवन में बाधाओं और चुनौतियों का सामना करती हैं। उनकी कहानी महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण है, जो दर्शाती है कि कड़ी मेहनत और समर्पण से कुछ भी संभव है।

यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि भारत बाहरी दबावों और नफरत भरे प्रचार के बावजूद समानता का प्रतीक है। सरकार द्वारा नसीम बानो, न्यायमूर्ति एम फातिमा बीवी और तकदीरा बेगम के प्रयासों को मान्यता देना दर्शाता है कि कड़ी मेहनत और प्रतिभा ही सफलता के सच्चे चालक हैं। इस तरह के काम भारतीय मुस्लिम महिलाओं की विविधता, दृढ़ता और अडिगता को बढ़वा देते है।

# हॉलमार्क के पंजीयन बगैर सराफा कारोबारी कर रहें जेवर बेचने का अवैध कारोबार

## जिले में 90 से ज्यादा कारोबारी, पंजीयन महज इक्के दुक्के का



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के अधिकांश सराफा कारोबारी हॉलमार्क का पंजीयन कराए बिना ही पिछले साल भर से खुलेआम जेवर बेचने का अवैध कारोबार कर रहे हैं 1 साल बाद भी जिले के 90 से अधिक कारोबारीयों में से महज कुछ ही इक्के दुक्के ने अब तक पंजीयन कराया है, जिसमें कुछ बड़े ही कारोबारी शामिल है। लेकिन छोटे कारोबारी जिनका कारोबार 50 लाख से कम है और जो जीएसटी के दायरे में भी नहीं आते, वो पंजीयन कराने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जबकि पिछले साल 1 अप्रैल से हर तरह की सोने की ज्वेलरी पर हॉलमार्क जरूरी कर दिया गया है। जिन कारोबारी ने पंजीयन नहीं कराया है, वह जेवर और सोना नहीं बेच सकते, लेकिन फिर भी बिना रोक-टोक ऐसे कारोबारी अवैध कारोबार कर रहे हैं। इन पर कार्यवाही न होने के कारण ये खुलेआम बिना पंजीयन के कारोबार कर रहे हैं। पंजीयन कराने का कोई शुल्क न होने के बाद भी जेवर बेचने वाले कारोबारी इस उम्मीद में पंजीयन कराने से बचते रहे हैं कि सरकार जेवर बेचने वाले कारोबारीयों के लिए पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त कर देगी। इसके लिए, बीते साल केंद्रीय मंत्री को भी पत्र भी लिखा गया था, लेकिन सालभर में इस पर कोई फैसला न होने के बाद भी कारोबारी पंजीयन ही नहीं कर रहे हैं।

### 85 फीसदी से अधिक का पंजीयन ही नही

जेवर बेचने वालों के लिए भी हॉलमार्क में पंजीयन कराना जरूरी होने के बाद भी अपने बालोद जिले में 85 फीसदी से अधिक ने अपना पंजीयन कराया ही नहीं हैं। यनि महज 15 प्रतिशत से भी कम का ही पंजीयन हो सका है। जिसमें भी बड़े सराफ कारोबारी हैं। बालोद जिला सराफ एसोसिएशन में अध्यक्ष सोहन जैन से मिली जानकारी अनुसार जिले में 90 से अधिक छोटे बड़े सराफ कारोबारी है। जो सोने के जेवर बेचने का काम करते हैं। जिला मुख्यालय बालोद में 22, दल्लीराजहरा में 28, डौंडीलोहारा में 15, गुरुर में 6, गुंडरदेही में 8, अर्जुन्दा में 5 और डौंडी में मिलाकर 90 से अधिक हैं। हॉलमार्क का पंजीयन प्रायः प्रायः करवा रहें हैं। हम जिले से बाहर है, कंल्पसरी में नही हैं। फिर भी पंजीयन करवा रहें हैं। जिस जिले में हॉलमार्क सेंटर रहेगा, उसी जिले के लिए कम्पलसरी है, हमारे जिले में हॉलमार्क सेंटर नही है, तो हम ऐसे ही बाहर हो गए। लेकिन फिर भी करवा रहें है। बालोद जिला सराफ एसोसिएशन के अध्यक्ष सोहन जैन ने आगे बताया कि बालोद जिले में एक भी हॉलमार्क सेंटर नही हैं। छत्तीसगढ़ में बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव में हॉलमार्क सेंटर हैं। कुछ सराफ कारोबारी हॉलमार्क पंजीयन करवा रहे है, क्योकि जेवर ला वही से रहे है तो उन्हें पंजीयन करवाना जरूरी हो गया है। कई लोग जेवर यही बना रहे है तो उनको जरूरी नही है बनाना।

### प्रदेश में 4 जिलों में 10 सेंटर-

आपको बता दे कि इसके अलावा भी ग्रामीण अंचलो में कई ज्वेलर्स ऐसे है जो एसोसिएशन के सदस्य नही है, और अपना कारोबार करते हैं। वे पंजीयन कराने में भी गंभीर नही हैं। इसी तरह की स्तिथि पूरे राज्य में हैं। हॉलमार्क के प्रदेश में चार जिलों में दस सेंटर हैं। राजधानी रायपुर में 6, दुर्ग में दो, और राजनांदगांव एवं बिलासपुर में एक-एक सेंटर हैं। इन सेंटर के सौ किलोमीटर के दायरे में आने वाले सराफा कारोबारी अपना पंजीयन करा सकते हैं। जबकि बालोद जिला राजनांदगाँव व दुर्ग जिले के दायरे में हैं। दोनों जिलों की दूरी बालोद से 60-65 किमी ही है।

### अवैध कारोबार की आशंका

जिले में पंजीयन न कराने वाले कारोबारियों द्वारा अवैध कारोबार किये जाने की आशंका से सराफ एसोसिएशन में पदाधिकारी भी इंकार नही कर सकते। इनका कहना है कि प्रदेश के में हर कारोबारी को अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना चाहिए। क्योंकि पंजीयन का जब कोई शुल्क नही है, तो फिर पंजीयन कराने में हर्ज क्या है..? पंजीयन न कराने वालों पर अब तक कोई कार्यवाही नही हुई हैं। लेकिन हॉलमार्क से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि देर सवेर बिना पंजीयन वाले कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इन अधिकारियों के पास भी इस बात की कोई जानकारी नही है कि वास्तव में बालोद सहित प्रदेश में कितने कारोबारी हैं।

### हॉलमार्क क्यो है अनिवार्य

-सोने की शुद्धता होगी सुनिश्चित
-नकली और अशुद्ध सोने का कारोबार होगा बंद
-हॉलमार्क से खत्म होगी उपभोक्ताओं की शंका
-ज्वेलर्स की बढ़ेगी विश्वनीयता, और ग्राहक की बढ़ेगी संतुष्टि

# हम सौभाग्यशाली हैं की राम मंदिर निर्माण के संकल्प से सिद्धि के साक्षी बनने का अवसर मिला : भावना बोहरा

## पंडरिया में रामनवमी पर शोभा यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब, हर तरफगूंजे जय श्रीराम के जयकारे



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

रामनवमी के अवसर पर पंडरिया विधानसभा भी जय श्रीराम के जयकारे के साथ भक्तिमय दिखा। पंडरिया में भव्य शोभा यात्रा एवं भजन संध्या के आयोजन में हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए और जय श्रीराम के जयकारे के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव बड़ी ही धूम-धाम से मनाया गया। पंडरियावासियों के विशेष सहयोग एवं विधायक भावना बोहरा जी के नेतृत्व में पंडरिया में रामजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से रामभक्त शामिल हुए। इसके साथ ही राजमहल चौक में अंचल शर्मा ग्रुप द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया जहाँ रामभक्त संगीतमय संध्या में राम जी के भजन पर हर्षोल्लास के साथ नाचते-गाते दिखाई दिए। इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा के ग्राम कुम्ही, धोबघट्टी, चारभाठा खुर्द, परसवारा एवं पलानसरी में जनसंपर्क किया और केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जानकारी देते हुए 26 अप्रैल को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा का प्रतिफल अयोध्या में श्रीराम जी के नव्य-भव्य-दिव्य मंदिर के रूप में हमें मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प और हजारों कार सेवकों के बलिदान से आज हमें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि रामलला आज भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं मैं उन सभी को कोटि-कोटि प्रणाम करता हूँ। आज श्रीराम के प्रति रामभक्तों का उत्साह और भी बढ़ गया है हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम जी की महिमा को पूरा विश्व देख रहा है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि ऐसे ही प्रभु श्रीराम की महिमा को आगे बढ़ाने और हमारे धार्मिक स्थलों, सभ्यताओं और सभ्यताओं के संरक्षण के लिए लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेते हुए भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड मतों से जीत दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हों। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज इस आयोजन में आए सभी रामभक्तों और पंडरिया विधानसभा के मेरे सभी परिवारजनों को रामनवमी की शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ। रामलला के प्रति आपकी आस्था और विश्वास से आज का यह आयोजन भव्य और सफल हुआ है। यह अवसर हम सभी के लिए गौरवशाली भी रहा है कि अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर में श्रीराम जी के विराजमान होने के बाद यह पहली रामनवमी है और इस सुअवसर पर सूर्य तिलक का अलौकिक अवसर का साक्षी बनने का अवसर हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। आज पूरा विश्व प्रभु श्रीराम की यह अलौकिक व दिव्य अवसर को देखकर आनंदित है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से फलीभूत हुई है। सूर्यकुल भूषण श्री रामलला के ललाट पर सुशोभित भव्य 'सूर्य तिलक' अखिल राष्ट्र को अपने सनातन गौरव से आलोकित कर रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जो भगवान राम के अस्तित्व पर ऊँगली उठाते थे उनके लिए भी यह दिव्य अवसर कभी न भूलने वाला होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्थक प्रयासों और हजारों कार सेवकों के बलिदान से हमें यह शुभ अवसर देखने को मिला है। इस शुभ अवसर पर पंडरिया में भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई इस दौरान हजारों की संख्या में आए रामभक्तों और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। अपने आराध्य श्रीराम जी के प्रति जन-जन की यह आस्था देखकर अत्यंत ही हर्ष हो रहा है और मैं उन सभी का आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने इस आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई है।

# महाष्टमी में किया गया 108 प्रकार के औषधि से महा हवन

## अभिजीत मुहूर्त में हुवा देव विदाई पश्चात ज्योति कलश विसर्जन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मां महामाया धाम हसदा जिला बेमेतरा में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर में आयोजित शत चंडी महायज्ञ में अष्टमी विशेष में यज्ञा चार्य प तरूण शास्त्री जी के नेतृत्व में प्रातः काल महागौरी देवी की पूजा और गौरी माता का अर्चन किया गया पश्चात अन्नपूर्णा रूप में अन्न से विशेष अर्चन पार्थिव शिव महाअभिषेक में किया गया साथ ही सायं काल संपूर्ण दुर्गा सप्तशती के माध्यम 108 प्रकार के औषधि से महा हवन किया गया सर्व जन हितार्थ के माध्यम से जन कल्याण हेतु रोग नाशक हवन आयुवृद्धि कारक हवन सौभाग्य दायक हवन धन वृद्धि कारक हवन तथा भगवती महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती की महामंत्र नावर्ण मंत्र से हवन किया गया दिन भर भक्तो का ताता लगा रहा भक्त जस गीत के माध्यम से देवी मां की आराधना करते रहे हवन पश्चात छप्पन भोग मां को अर्पण किया गया नवमी में पूर्णाआहुति अभिजीत मुहूर्त में हुवा और देव विदाई पश्चात ज्योति कलश विसर्जन किया गया पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन किया गया मा महामाया सेवा समिति के अध्यक्ष भगवती परगनिहा ने कार्यक्रम में अपने तन मन धन से श्रद्धा पुष्प समर्पित कर मां की सेवा में सेवा रत सभी सेवादारों ग्रामवासियों एवम मुख्य यजमानो सहित समस्त ग्राम वासी के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में सचिव दिनेश वर्मा ब्रम्हांद वर्मा तुलाराम पाल शत्रुहन पाल रामखिलावन वर्मा सुदामा पाल जनकु सिन्हा महादेव सिन्हा भूषण वर्मा भुप्पु वर्मा नारंतक पाल धनेशवर साहू निलेश प्रगनीहहा राजू साहू देवलाल सिन्हा राजकुमार प्रगनीहा प्रकाश वर्मा संध्या परगनिहा मदन सिंहा अनिल वर्मा अवध नायक अवध नायक ओम सिन्हा रविंद्र वर्मा प्रवीन वर्मा हरीराम साहू विनय वर्मा संतोष साहू शंभू साहू पंड़ा परमानंद वर्मा,अवध छेदैया जनक निर्मलकार निलेश परगनिहा भूपेंद्र प्रगनिह दुर्गेश साहू सतीश शर्मा आदित्य वर्मा,दीपक वर्मा,विनय वर्मा,शेखर सिन्हा महेश साहू आदि का सहयोग रहा।

# चैनगंज से खलारी जाने वाले मार्ग में कृषि योग्य भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग

## गुंडरदेही सहित आसपास का क्षेत्र धड़ल्ले से की जा रही अवैध प्लाटिंग



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बालोद के बाद गुंडरदेही मुख्यालय और उसके आसपास के क्षेत्र में कृषि योग्य भूमि पर जमकर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। गुंडरदेही से धमतरी जाने वाले मुख्य मार्ग पर चैनगंज व खलारी के मध्य कृषि भूमि पर मुरुम बिछाकर प्लाटिंग की गई हैं। पटवारी डेमेंद्र कुमार ठाकुर ने बताया कि चैनगंज से खलारी मार्ग में किसी कुमारी बाई पति घनाराम की जमीन खसरा नम्बर- 95 जो कि 85 डिसमिल से अधिक है, और खसरा नम्बर- 99 में 21 आरए यानि 52 डिसमिल से अधिक की भूमि में प्लाटिंग की गई हैं। इतना ही नही ठीक तहसील कार्यालय के सामने भी प्लाटिंग की गई हैं। पटवारी डेमेंद्र ने बताया कि गुंडरदेही एसडीएम का आदेश है कि अवैध प्लाटिंग स्थानों को चिन्हांकित कर प्रतिवेदन बनाकर भेजना है, जिसके बाद उन खसरा नम्बर पर रजिस्ट्री में रोक लगाई जाएगी। वही कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग में नकल जारी करने पर भी पूरी तरह से रोक हैं। जानकारी के मुताबिक उक्त स्थानों पर कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जिसके द्वारा की जा रही हैं, उनका रेरा में पंजीयन तक नहीं हैं। खेती की जमीन का सौदा हो गया है। बगैर डायवर्सन प्लाट की टुकड़े में बिक्री के बाद सौदे की पूरी राशि दी जाएगी। फ्लिहाल खुद का प्रोजेक्ट बताकर धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का नक्शा खीचा जा रहा है। इसके लिए मुरुम की सड़कें भी बनवाई गई हैं। इस अवैध कारोबार में कथित रूप से राजस्व विभाग के कुछ अधिकारी व कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध है। हालांकि एसडीएम सुरेश साहू ने गुंडरदेही अनुविभाग अंतर्गत कृषि भूमि पर अवैध से रूप से प्लाटिंग की जानकारी प्रतिवेदन बना पटवारियों से मंगाई है, जिसके बाद नियमानुसर कार्यवाही के संकेत एसडीएम ने दिए हैं। वही नगर पंचायत सीएमओ कुलदीप झा ने भी कार्यवाही करने की बात कही है।

### गुंडरदेही में अवैध पार्टी करने वालों की आई बाढ़

गुंडरदेही मुख्यालय एवं अनुविभाग अंतर्गत इन दोनों कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग करने वालों की बाढ़ आ गई है। भूमाफिया किसानों की खेतिहर जमीनों को खरीद उसपर प्लाटिंग कर अनाप शनाप रेट में बेच रहे हैं। जिसमें कई छूटभैया नेता भी शामिल है। तहसील कार्यालय के सामने, चैनगंज, टेकापार, कचांदुर व अर्जुन्दा मार्ग, सहित कई क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग किया गया हैं। कुछ लोग तो अपना यह अवैध कारोबार बढ़ाने और खुद को सुरक्षित रखने के लिए आम आदमी पार्टी से भाजपा में शामिल हो गए हैं, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार का डर न रहे। इतना ही नहीं गुंडरदेही ब्लॉक के एक गांव का एक छत्तीसगढ़ी फिल्म का कलाकार भी अवैध रूप से प्लाटिंग कर रहा है। बताया जाता है कि उस कलाकार के द्वारा भाजपा के आयोजनों में जाकर बड़े नेताओं के साथ खुद की फोटो खिंचवाकर स्वंय का उनका करीबी होने का भी दावा किया जाता हैं। फिर अधिकारियों को भी अपने रसूख का हवाला देता है। उक्त छत्तीसगढ़ी फिल्म का कलाकार बालोद जिला मुख्यालय के एक मोबाइल दुकान के संचालक के साथ मिलकर गुंडरदेही क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्र में कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर रहा है। बताया जाता है कि मोबाइल संचालक का भाई भी एक भूमाफिया हैं।

### कार्यवाही से गुरेज

आपको बता दें कि जिले में इन दोनों कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग करने वालों की बाढ़ सी आ गई है। बालोद जिला मुख्यालय के बाद गुंडरदेही मुख्यालय एक ऐसा क्षेत्र है, जहां पर अवैध प्लाटिंग करने वालों की भरमार है। गुंडरदेही मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में कृषि योग्य भूमि पर जमकर अवैध रूप से प्लाटिंग की गई है। किसानों से कौड़ियों के दाम खरीद कर उसे अनाप-शनाप रेट में बेचा जा रहा है। इस पर वहां का स्थानीय निकाय एवं राजस्व विभाग लगाम लगाने में असमर्थ साबित हो रहा है। या सीधा यू कहा जाए तो भूमाफियाओं को राजस्व और निकाय के अधिकारियों का पूरा-पूरा संरक्षण प्राप्त है। तभी तो स्थानीय प्रशासन के नाक के नीचे भूमाफियाओं के द्वारा योग्य किसी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है और जिम्मेदार अधिकारी निषि य बन कार्यवाही करने से गुरेज कर रहे हैं।

### खेती की जमीन सिर्फ खेती के लिए ही

नियमों पर गौर करें तो कोई भी खेती की जमीन को खरीद तो सकता है, लेकिन इसका उपयोग सिर्फ खेती के लिए ही किया जा सकेगा। कृषि की जमीन का उपयोग कॉलोनी विकास या अन्य कार्यो के लिए नहीं किया जा सकता।

### जमीन की खरीद-बिक्री में भू माफिया हो रहे मालामाल

अवैध प्लाटिंग कर जमीन की खरीद बिक्री में भू माफिया मालामाल हो रहे है। कम पढ़े लिखे किसानों को झांसे में लेकर कम दाम में जमीन का सौदा कर बगैर प्रशासनिक अनुमति के अवैध प्लाटिंग की जा रही है। इन प्लाटों के लिए कोई रास्ता निर्धारित नहीं हैं, इसके चलते भू-माफिया खुद ही मुरुम की सड़क बनाकर इसे बेहतर प्लाट दिखाकर खरीददारों को झांसा देने में लगे हुए हैं। उक्ताशय की प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद भू-माफियाओं के खिलाफकार्यवाही नहीं हो रही हैं।

> अवैध प्लाटिंग करने और जमीन मालिक को नोटिस जारी करने इंजीनियर को निर्देशित किया गया है, चूंकि चुनाव में ड्यूटी लगी है, इसीलिए सभी व्यस्त है, चुनाव संपन्न होने के बाद नियमानुसर कार्यवाही कर बुलडोजर भी चलाया जाएगा, किसी भी प्रकार से अवैध कार्य बर्दाश्त नही किये जायेंगे।
>
> **कुलदीप झा, सीएमओ, गुंडरदेही**

# जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव में कलेक्टर ने बच्चों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे

## चयनित एक छात्र और एक छात्रा मेहसाणा जिले में आयोजित प्रेरणा कार्यक्रम में ज़िले का प्रतिनिधित्व करेंगे






पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने माँ सरस्वती के चित्र पर दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलेक्टर शर्मा ने आयोजित कार्यक्रम में बच्चों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे ।बच्चों ने सही जवाब दिये। कलेक्टर ने बच्चों को पोयम सुनाई। उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों के साथ तस्वीर खिचवाई। उन्होंने कहा कि प्रेरणा एक महत्वाकांकार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि सर्वोत्तम श्रेणी की तकनीक के साथ छात्रों के लिए एक अनुभवात्मक और प्रेरणा दायक शिक्षण कार्यकम है जहां विरासत और नवाचार का मिलन होता है। इस कार्यक्रम में भारत के प्रत्येक जिले के दो विद्यार्थी (1 बालक एवं 1 बालिका) को चयनित कर शामिल किया जाना है। एक महिला अभिभावक शिक्षक को भी इस कार्यक्रम में शामिल होना है। प्रेरणा कार्यक्रम मेहसाणा जिले के वडनगर शहर में आयोजित होगा। यह प्रायोगिक ज्ञान पर आधारित एक सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण होगा।इसलिए पूरी तैयारी करें। ज़िले में प्रेरणा में पंजीकरण के लिए ज़िले के 206 शासकीय अशासकीय विधालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 1787 के छात्रों ने prerana. education.gov.in. पोर्टल पर अपना पंजीयन किया था। पंजीयन की आख़िरी तारीख़ 31 मार्च 2024 थी। तीन चरणों में कड़ी स्पर्धा के बीच एक-छात्र और एक छात्रा का चयन किया जाएगा । विधार्थियों को तीनों चरण में विभिन्न विषय प्रतियोगिता से गुजरे है। अब ज़िले से सिर्फ़ एक-छात्र और छात्रा चयन होकर गुजरात राज्य के मेहसाणा जिले के वडनगर शहर में आयोजित प्रेरणा कार्यक्रम में ज़िले का प्रतिनिधित्व करेंगे। आज तीसरे चरण में विद्यार्थियों को रचनात्मक व क्रियात्मक अभिव्यक्ति के लिए थीम दिया गया था,प्रथम मुझे प्रेरणा की यात्रा के लिए क्यों चुना जाना चाहिए व द्वितीय मेरा दृष्टिकोण-2047, विकसित, भारत विषय था। बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताएं निबंध, कविता, चित्रकला के आधार पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रतिभाओं के मूल्यांकन के लिए विभिन्न मूल्यांकन समितियों का गठन किया गया, सभी प्रतियोगिता में चयनित 412 छात्र- छात्राओं का व्यक्तिगत वार्ता के तहत व्यक्तित्व और सांस्कृतिक जागरूकता का परीक्षण किया गया । कुल तीन राउंड में यह चयन समिति द्वारा चयन किया गया, इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो विद्यार्थियों का चयन किया जिन्हें गुजरात के अहमदाबाद जिले के वडनगर स्थित प्रेरणा स्कूल में जाने का सौभाग्य प्राप्त होगा। सभी 412 चयनित छात्र छात्रों को अथितियो व संस्था प्राचार्या द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। विशिष्ट अथिति सीईओ जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर टी.आर.महेश्वरी, एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, एल जायसवाल प्राचार्य डीएवीएमपी ,एस जांता, मधु पोरला प्रेरणा डायरेक्टर, पंकज जोशी प्राचार्य एकेडमिक, जे. के. घृतलहरे डाइट प्रचार्य उपस्थित थे।

# नवकार का जाप करो सारे पाप ताप को दूर करो





पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

गुंडरदेही जैन स्थानक भवन में श्रमण संघीय पूज्य महामती प्रियदर्शना जी म. आदि ठाणा-4 विराजमान है। उन्होंने गुरुवार के प्रवचन में नवकार महामंत्र की महिमा का बखान करते हुए कहा ये नवकार मंत्र विश्वशांति मंत्र है, मंत्राधिराज है। इस महामंत्र की सबसे बड़ी विशेषता हैं कि नमो शब्द पहले आया है, सभी गुणीजनों को नमस्कार किया गया है। ये नवपढ़ ओली पर्व चैत्र सुदी-7 से चैत्र पूर्णिमा 9 दिनों का होता है। इन दिनों एक-एक दिन में एक पद की आराधना की जाती है और श्रीपाल रास पढ़ा जाता है। श्रीपाल कुमार कुष्ठी रोगी थे, उन्होंने गुरुदेव की प्रेरणा से 9 दिनों तक आयंबिल ओली करके नवकार मंत्र की साधना की और उनका कुष्ठ रोग एकदम ठीक हो गया।

### सोच अच्छी बनाइये

पूज्य महामती विचक्षणा जी ने कहा की इंसान अपनी सोच से सुखी दुखी होता हैं। जिसकी सोच अच्छी है, वह सुखी हैं, जिसकी सोच बुरी है वह दुखी है। इंसान जीवन भर 3 चीजों के लिए मेहनत करता है, लेकिन, नहीं 3 चीजे मरने के बाद बदल जाती हैं। पहला मेरा नाम उचा रहे, मरने के बाद नाम से पहले स्वर्गीय लग जाता है। दूसरा मेरा लिबास अच्छा रहे, मरने के बाद उसको लिबास के रूप में कफन मिल जाता है। तीसरा मेरा मकान आलीशान हो, मरने के बाद मकान के रूप में श्मशान में जाना पडता है। महासती जी ने आगे कहा की जिसकी सोच अच्छी है तो वह नरक में रहकर भी सुखी है। जिसकी सोच अच्छी नहीं हैं, वह देव बनकर भी दुखी हैं। सबसे पहले अपनी सोच अच्छी बनाईए।

### 19 अप्रैल को होगा प्रवचन

साध्वी सुकृति जी ने कहा की जीव राग-द्वेष करता है, फिर दुखी भेता है। यदि वह समभाव में रहना सीख जाये तो सुखी हो सकता है। साध्वी जी ने सभी भाई बहिनों को नवकार मंत्र की साधना करने की प्रेरणा दी है। साहती जी की प्रेरणा से लगभग-15 भाई बहिनों ने एकाशन किया। आने वाली 23 अप्रैल को पूर्णिमा के दिन नवकार जाप 81 जनों के साथ तथा सब को अधिक से अधिक आर्यबिल कनने की प्रेरणा दी। 19 अप्रैल को प्रातः 8.30 बजे संगीत स्पर्धा मंच रखा गया एवं प्रवचन भी होगा।

# आचार सहिंता के दौरान अवैध शराब बिक्री करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी व दल्लीराजहरा नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में अवैध जुआ सट्टा, शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत दल्लीराजहरा थाना टाउन में अवैध शराब बिक्री एवं सट्टा पट्टी लिखने वाले 4 आरोपियों के विरूध्द कार्यवाही किया गया हैं। इन दिनों लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार सहिंता प्रभावशील है। वही जिले के ग्रामीण इलाकों समेत निकाय क्षेत्रों में अवैध शराब बेचने वाले कोचिये सक्रियता के साथ अवैध शराब बेच रहे है। वही पुलिस में अवैध शराब, जुआ सट्टा बेचने वालों के खिलाफ लगातार अभियान बना कार्यवाही कर रही हैं।

**केस-1**

दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के वार्ड-27 निवासी आरोपी कदमदास कुर्रे पिता स्व. दुखुराम कुर्रे (60 वर्ष) को घटना स्थल वार्ड क्रमांक 22 सतनाम भावन के पीछे के पास में अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक सफेद कोरे कागज में लिखा सट्टा पट्टी पर्ची, नगदी रकम 1 हजार 220 रूपये एवं एक नग डाट पेन जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 4 (क) जुआ एक्ट एवं छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत कार्यवाही किया गया।

**केस-02**

ग्राम बिटाल रोड़ के पास आरोपी दिनबंधु तारम उर्फ दिनु पिता संतराम तारम (35 वर्ष) को घटना स्थल ग्राम बिटाल रोड के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 25 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 4500 एमएल कीमत 2 हजार 250 रूपये एवं शराब बिकी की नगदी रकम 200 रूपये जुमला कीमती 2 हजार 450 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 34 (1) क, ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

**केस-03**

राजहरा निवासी आरोपी राजेन्द यादव पिता राम लाल यादव (42 वर्ष) को घटना स्थल वार्ड रेल्वे क्रासिंग पुलिया के पास में आरोपी को अधिक मात्रा में शराब रखकर बिक्री करने परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक पीला रंग के थैला में जिसमें 37 नग पीवा देशी प्लेन शराब जुमला 6,660 बल्क लीटर कीमत 3 हजार 330 रूपये एवं शराब बिक्री की नगदी रकम 400 रूपये कुल कीमत 3 हजार 730 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

**केस-04**

दल्लीराजहरा के वार्ड-15 पुराना बाजार निवासी आरोपी कमलेश कुमार यादव पिता नजरू राम (32 वर्ष) के द्वारा घटना स्थल वीर नारायण चौक के पास में स्थित चबुतरा में अवैध रूप से आम जगह पर शराब सेवन करते पकड़े जाने पर आरोपी के विरूध्द धारा 36 (च) 1 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

# महामानव बोधिसत्व डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जन्म जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाया

■ मालखरौदा के युवाओं ने भब्य बाइक रैली के साथ सक्ति नगर भ्रमण कर पुनः मालखरौदा जनपद पंचायत बाबा साहब स्टैच्यू के समक्ष समापन किए



पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

महामानव बोधिसत्व बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की 133 वीं जिला स्तरीय जन्म जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया। मालखरौदा क्षेत्र के युवा वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी नेता पत्रकार एवं सामाजिक, कार्यकर्ता बाबा साहब डा भीमराव .अम्बेडकर की जन्म जयंती उत्साह पूर्ण मनाया गया। इस रैली में मालखरौदा क्षेत्र के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों महिलाएं सभी ने हिस्सा लिया जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता चैतन्य बुद्ध भारद्वाज, बसंत खांडे, भूपेंद्र लहरे, जी.आर. बंजारे, अरुण महिलांगे, मनहरण मनहर, डॉ.जी.आर. जांगड़े, भरत नवरंग, कोषरत्न दिनकर, महिलाओं में हीरादेवी, सहेतरिन शतरंज, हेमकांता शतरंज सहित समस्त अम्बेडकर अनुयायियों द्वारा बाबा साहब की जयंती मनाया गया जिसमे यह बाइक रैली मरघटी रनपोटा बस स्टैंड चौक के पास बाबा साहब के स्टैच्यू में पूजा अर्चना फूल माला पहनाकर बाइक रैली की शुरुआत किया गया जो रनपोटा से देवगांव, बासीन, घोघरी, छपोरा, कुरदा, बड़े सीपत, छोटे सीपत, मिशन चौक से बिरभाठा सकर्रा होते हुए विशाल शोभायात्रा बाइक रैली नगर पहुँची, सक्ति नगर में बाइक कार रैली का काफिला देखते ही बन रहा था,मन को मोह लिया गया, रैली को देखने के लिए सक्ति नगर के लोग अपने अपने मकान दुकान आदि छोड़ छाड़ के रैली को देखने को निकल पड़े और कहने लगे कि वाकई सतनामी समाज के लोगो का जलवा है ऐसा जनसैलाब उमड़ा हुआ था जिसे देख हर कोई बाबा साहब के गुण गा रहे थे। बाबा साहब के जन्म जयंती रैली को देखकर हर किसी के जुबान पर तारीफ़ो के फुहारे लगने लगा था वहीँ बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की 133 वीं जन्म जयंती मानाने एवं सफल बनाने के लिए मालखरौदा क्षेत्र के युवाओं ने एक माह पूर्व से तैयारी शुरू कर दिया था जो ठीक 14 अप्रेल को विशाल रूप लेकर उमड़ा। मालखरौदा क्षेत्र के समस्त अंबेडकर अनुयायियों ने इस रैली को सफल बनाने के जीतोड़ मेहनत किया एवं सफल बनायें हैं। इस रैली में भाग लेने वाले उन सभी ने बाबा साहब के बताए गए मार्गो पर चलने एवं अपने अंदर आत्मसात करने की बात कही हैं। मालखरौदा क्षेत्र के इन युवाओं का अहम योगदान रहा है जो इस प्रकार हैं - चैतन्य बुद्ध भारद्वाज पिहरिद, बसंत खांडे नवागांव, सूरज महिलांगे अंडी, संजू लहरे बड़े सीपत, भूपेंद्र लहरे भडोरा, विजय लहरे सिंघरा, आमिर राजा बंजारे, सुशिल भारद्वाज पिरदा, हेमंत निराला मरघटी, कला बर्मन नवागांव, सतपाल चतुरे कलमी, हिरन सोनवानी चिखली, प्रकाश आजाद पिहरिद, विजेंद्रपाल शतरंज छोटे सीपत, मनोज सक्सेना छोटे सहित समस्त वरिष्ठ कनिष्ठ कोर कमेटी ग्रुप के साथियों का योगदान रहा है।

# 75 वर्ष के वृद्ध की हत्या मामले के दो आरोपियों को पुलिस ने किया चंद घंटे में ही किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




ग्राम सकर्रा में 75 वर्षीय वृद्ध का हत्या कर शव को तालाब में फेंका गया था,मालखरौदा पुलिस ने चार घंटे के भीतर मामले का किया पर्दाफाश एक नाबालिक सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार,नाम पता आरोपी-भुवनेश्वर सारथी पिता स्व. रामनाथ सारथी उम्र 21 वर्ष, निवासी सकर्रा, थाना मालखरौदा जिला शक्ति,एक 15 वर्ष का नाबालिग विधि से संघर्षरत किशोर शामिल है, मालखरौदा - दिनांक 16.04.24 को थाना प्रभारी मालखरौदा राजेश चंद्रवंशी को सुबह करीब 10:00 बजे ग्राम सकर्रा के दुलेश्वर बरेठ से मोबाइल से सूचना मिला कि, गांव के समारू सारथी उम्र करीबन 75 साल का शव जूना तालाब में पानी में उफला हुआ है। सूचना पाकर तत्काल थाना प्रभारी मालखरौदा के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपने टीम के साथ ग्राम सकर्रा पहुंचे, जहां जूना तालाब में समारु सारथी का शव पानी में उफ्ला मिला, शव को बाहर निकालने पर उसके सिर में चोट होना तथा खून निकला पाया गया, प्रथम दृष्टिया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के द्वारा मामले के गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल तथा अनुभागीय अधिकारी (पुलिस) मनीष कुंवर को घटनास्थल भेज भेजे थे, दोनों अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा पुलिस द्वारा मौके पर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया था, शव पंचनामा करवाई में मृतक की मृत्यु उसका गला घोट कर तथा सर को पटक कर चोट पहुंचाकर आने से प्रतीत हो रहा था, मृतक के पुत्र के द्वारा मौके पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का रिपोर्ट दर्ज कराने पर तत्काल मौके पर धारा 302 IPC के तहत मुकदमा पंजीकृत का विवेचना में लिया गया था तथा अलग-अलग टीम में पुलिस द्वारा आरोपियों के पिताजी किया जा रहा था, इस दौरान यह पता चला कि आरोपी भुवनेश्वर सारथी को एक नाबालिक बालक के साथ रात में मृतक के घर के आसपास देखा गया था, भुनेश्वर सारथी के द्वारा पूर्व में चोरी करना पाया गया था। संदेही भुवनेश्वर सारथी को पुलिस अभीरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उसने बताया कि रात्रि करीब 11:00 बजे वह अपने नाबालिक साथी के साथ मृतक जो कि अपने घर में अकेला रहता था उसके घर में चोरी करने का योजना बनाकर गए थे इस दौरान मृतक के साथ उनका मारपीट हुआ,भुनेश्वर सारथी के द्वारा अपने पास रखे चुन्नी/ स्कॉर्प से उसका गला घोट कर घर के बाहर निकाल कर नाबालिग साथी के साथ मिलकर मृतक के सिर को पटक कर हत्या कर दिया, और मृतक के घर से?1000 नगद तथा एक मोबाइल फोन को चोरी कर लिए। इसके पश्चात दोनों के द्वारा मृतक के शव को जूना तालाब में ले जाकर फेंक दिया गया था।

# भाजपा का 4 सौ तो दूर 180 सीट पाना अब मुश्किल हुआः सुप्रिया श्रीनेत

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के नामांकन रैली में शामिल होने पहुंची कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार पर जमकर हल्ला बोला और कहा कि भाजपा का 4 सौ पार वाले नारे की हवा निकल चुकी है और हालात बड़ा रहे है कि भाजपा का अब 180 पार होना मुश्किल है।। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए - कहा कि प्रधानमंत्री अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखा रहे हैं। अब बीजेपी 180 पार होने में भी मुश्किल है । अब लगातार उनकी सीटों की गिनती कम हो रही है वे 150-160 सीट में अटक जाएंगे । उन्होंने कहा कि हमारा देश युवाओं के देश है,लेकिन यहां रोजगार पर बात नहीं हो रही है । यहां युवाओं की बात नहीं हो रही है । महंगाई, बेरोजगारी से हर समस्या बढ़ रही है । केंद्र में 30 लाख पद खाली है उसे भरा जाएगा । सेना को ठेके पर चलाने का काम चल है, हम अग्निवीर भर्ती खत्म करेंगे । पेपर लीक पर माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि वो नारी न्याय की बात कर रहे हैं । महिला आज असुरक्षित है, कांग्रेस की सरकार आती है तो 50 त्न शासकीय नौकरी महिलाओं को दी जाएगी। गरीब महिलाओं को 1 लाख रु सालाना दिया जाएगा। किसान एमएसपी की मांग कर रहे हैं। किसान दिल्ली में आकर अपनी बात रखना चाहते थे, उनके राह में रोड़े अटकाए गए। किसानों की एमएसपी की बात हम कर रहे हैं और उनका कर्जा माफ करेंगे। कृषि को जीएसटी से मुक्त करेंगे। देश मे हो रहे सुसाइड में एक चौथाई लोग श्रमिक शामिल है, यहां 73% दलित, पिछड़ों की आबादी है, उनका प्रतिनिधित्व नहीं है।हमारी सरकार आई तो उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक और आर्थिक जनगणना जरूरी है। प्राइवेट कंपनियों में पिछड़ों की संख्या कम है। मोदी जी ने गारंटी शब्द चुरा ली है। मोदी जी कहते हैं, ये ट्रेलर है तो लोग कहते हैं, बस करो अब पिक्चर देखने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने बिलासपुर लोकसभा सीट की चर्चा करते हुए कहा कि 7 बार से बीजेपी के नेताओ ने सांसद बनकर केंद्र में प्रतिनिधित्व किया पर बिलासपुर को क्या मिला अभी पूजा का समय चल रहा था।

# जिला देवांगन कल्याण समाज में की युवा इकाई जिला अध्यक्ष की नियुक्ति

**समाज के जिला अध्यक्ष गोविंद देवांगन द्वारा युवा इकाई का अध्यक्ष बनाया गया सतीश देवांगन को**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com





जिले में जन सेवा, धार्मिक, रचनात्मक, सेवा कार्यों में अग्रणी रहने वाले जिला देवांगन कल्याण समाज के अध्यक्ष गोविंद देवांगन ने शक्ति जिले में समाज के संगठन को मजबूत करने की दिशा में जिला स्तर पर युवा इकाई का गठन करते हुए समाज के युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी है,उपरोक्त नई जिम्मेदारियो का पत्र जिला देवांगन कल्याण समाज शक्ति के सचिव उमेश देवांगन ने जिला अध्यक्ष गोविंद देवांगन की सहमति एवं स्वीकृति से जारी किया है,जिसमें सतीश देवांगन पिता मोतीलाल देवांगन को नया जिला अध्यक्ष जिला युवा देवांगन कल्याण समाज का नियुक्त किया गया है, साथ ही लक्ष्मण देवांगन पिता अर्जुन लाल देवांगन को जिला सचिव, लोकेंद्र देवांगन पिता हसत राम देवांगन को जिला कोषाध्यक्ष, डोमेन देवांगन पिता भुनेश्वर देवांगन को जिला उपाध्यक्ष एवम विजय देवांगन पिता रमेश देवांगन को जिला सह सचिव की जिम्मेदारी दी गई है, जिला देवांगन कल्याण समाज के अध्यक्ष गोविंद देवांगन ने कहा है की शक्ति जिले में देवांगन समाज निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, एवं विगत वर्षों में इस संगठन द्वारा जहां निरंतर कार्यक्रम किया जा रहे हैं, तो वहीं माता परमेश्वरी देवी की कृपा से समाज बंधुओ के हित के लिए भी यह संगठन सदैव तत्पर होकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है, वहीं शक्ति जिले में जिला देवांगन युवा कल्याण समाज के पदाधिकारीयो की नियुक्ति पर समाज बंधुओ ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ हुए नवरात्र पर्व का समापन हो गया



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ हुए नवरात्र पर्व का समापन हो गया, इन 9 दिनों तक चले इस पर्व में नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो के लोगो का देवी मंदिरो में आना जाना लगा रहा। नवरात्र के 9वे दिन से मंदिरो और घरो में जलाये ज्योति कशल और जवारा का विर्सजन किया गया। दाउपारा स्थित महायामाया मंदिर से निकले जवारा का विर्सजन आगर नदी में किया गया।जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल हुए। वही नगर के ठाकुर देव मंदिर, काली मंदिर, सहित अंगार मोती मंदिर, दुर्गा मंदिर, सोनार पारा स्थित महामाया मंदिर में जलने वाले जवरा का विर्सजन सीटी कोतवाली के पीछे बने घाट में किया गया।

# अवैध गैस सिलेंडर विक्रय की शिकायत मिलने पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा जांच किया गया



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

अवैध गैस सिलेंडर विक्रय की शिकायत मिलने पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा रामगोपाल तिवारी वार्ड मुंगेली स्थित शिवम गैस रिपेयर्स का आकस्मिक जांच किया गया। इस दौरान जांच में एचपीसीएल कंपनी का 14.2 किलोग्राम वाला 05 नग सिलेंडर भरा हुआ और 02 नग सिलेंडर खाली एवं भारत पेट्रोलियम कंपनी का 01 नग सिलेंडर खाली पाया गया। खाद्य विभाग के अधिकारी देवेन्द्र बग्गा ने बताया कि शिवम गैस रिपेयर्स के संचालक द्वारा स्वीकार किया कि 15 से 18 सौ रुपए में ग्राहकों को भरा हुआ सिलेंडर बेचते हैं।

उन्होंने बताया कि द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लघंन करते हुए पाए जाने पर संचालक से 8 नग सिलेंडर को जप्त कर रवि गैस एजेंसी मुंगेली को सुपुर्दगी कर कार्यवाही की गई। इस अवसर पर खाद्य विभाग के टीम मौजूद रहे।

# सक्ती शहर सहित पूरे अंचल में रामनवमी का पर्व मना उत्साह के साथ

■ मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र जी की हुई पूजा अर्चना, जगह-जगह हुए भंडारे

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



पूरे देश में 22 जनवरी को अयोध्या धाम में हुए भगवान श्री रामचंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 17 अप्रैल को रामनवमी के पावन पर्व पर शक्ति शहर सहित पूरे अंचल में राम भक्तों में भारी उत्साह देखा गया,जगह-जगह जहां मंदिरों में मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र जी की पूजा अर्चना हुई, तो वहीं शहर में रामनवमी के पर्व पर भव्य रैली का भी आयोजन किया गया एवं मंदिरों को भी आकर्षक साज- सज्जा एवं दीपों की रोशनी से सुसज्जित किया गया तो वहीं मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र जी की आस्था में लोग डूबे रहे एवं देर शाम शहर के श्री रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर,मां भीमेश्वरी देवी बेरीवाला मंदिर सहित अनेकों स्थानों पर सार्वजनिक भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया,वहीं शक्ति के श्री रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर में सुबह से ही रामचंद्र जी की पूजा अर्चना हुई तथा सवामनी का प्रसाद भी लगाया गया एवं भक्तों ने सह परिवार राम जी के दर्शन किए वहीं शहर के थाना चौक स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर, हरेठी स्थित श्री पंचमुखी दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर राम जी की पूजा अर्चना हुई, वहीं जांजगीर जिला मुख्यालय के कुलीपोटा में भी खेमूका परिवार द्वारा श्री धाम में भगवान राम जानकी जी की प्राण प्रतिष्ठा कर भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया तथा सार्वजनिक भंडारा प्रसाद भी रखा गया वहीं शक्ति जिले में देखा जाए तो रामनवमी का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया तथा सोशल मीडिया पर भी लोगों ने अपने स्टेटस, ट्विटर, व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम में भगवान श्री रामचंद्र जी की रामनवमी के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए भगवान राम के प्रति आस्था व्यक्त की, तथा सबसे ज्यादा शुभकामनाएं सोशल मीडिया पर रामनवमी की देखी गई,वहीं रामनवमी पर्व को लेकर वर्तमान में चल रही लोकसभा चुनाव की आचार संहिता को चलते भी प्रशासन सजग रहा तथा पुलिस प्रशासन ने भी रामनवमी की रैलियो इत्यादी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखी।

# श्री बांके बिहारी मंदिर की 3डी डिजाइन हुई अनावृत, नवनिर्माण का साक्षी बनने का अवसर मिलना ही सौभाग्य की बात : मोतीलाल साहु

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



रामनवमी के शुभ अवसर पर नयापारा सदर बाजार रायपुर स्थित 154 वर्ष पुराने श्री बांके बिहारी जी के मंदिर की 3ष्ठ डिजाइन का अनावरण करते हुए, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि, 3D डिजाइन अनावृत करने का अवसर प्रभु की प्रेरणा से ही संभव हुआ है। यह डिजाइन पुरातत्व कला का एक नायाब उदाहरण है, पूरा मंदिर बनने के पश्चात यह, क्षेत्र वासियों के लिए एक अद्भुत सौगात साबित होगी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल ने कहा कि प्रभु अपने हर कार्य, और सेवा के लिए लोगों को अवसर देते हैं, यह सेवा करने वालों का सौभाग्य है कि उन्हें निमित्त बनाया गया है।विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, राधेश्याम बंका, और कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण दुबे मंचस्थ रहे,अरुण दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि मेरा जन्म इसी मंदिर में हुआ लगभग 55 वर्षों तक मैने और मेरे परिवार ने ठाकुर जी की सेवा की है, सौभाग्यशाली हूं जो मैं अपने जीते जी, इस मंदिर का नवनिर्माण देख पा रहा हूं,साधुवाद देता हूं ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल और उनकी पूरी टीम को जिन्होंने मंदिर के पुनः निर्माण का बीड़ा उठाते हुए, इस कार्य को साकार रूप देना प्रारंभ कर दिया है। यह मंदिर, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष का जहां साक्षी रहा है, वही प्रसिद्ध फिल्मकार स्वर्गीय पृथ्वीराज कपूर ने भी यहां आकर प्रभु के दर्शन किए हैं, श्री बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि, बचपन में वे अपने पिता की उंगली थाम इस मंदिर में आया करते थे, प्रभु की इच्छा से ही वह इस मंदिर से जुड़ पाए हैं, ट्रस्ट के इकलौते जीवित तत्कालीन ट्रस्टी, वरिष्ठ अधिवक्ता गौरीशंकर अग्रवाल ने उन्हें इस ट्रस्ट से जोड़ा और कहा कि, मैंने आज तक मंदिर की सारी संपत्तियों को सहेज कर रखा है।

अब आप इसे संभाले और उनके जीवन काल में ही वे इस मंदिर का पुनर्निर्माण करके दिखाएं, प्रभु की प्रेरणा और इच्छा मानकर उन्होंने, पिछले कई वर्षों में अपने साथियों के साथ मिलकर मंदिर से जुड़ी विपरीत परिस्थितियों को दूर कर, मोहल्ले वासियों का दिल जीता है। अपने मित्रों और परीचीतों के द्वारा प्रदत्त सहयोग से मंदिर अपनी पूर्णता की ओर है, उन्होंने दृढ़ विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि, पुरातत्व कला की यह शानदार डिजाइन आने वाले समय में अपनी अद्भुत छटा के लिए जानी जाएगी।

**जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती गई, वैसे-वैसे चुनरी को पकड़ने श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती चली गई**

# मां सर्वमंगला को चढ़ाई गई 301 मीटर लंबी चुनरी, श्रद्धालु 11 किलोमीटर की पदयात्रा कर पहुंचे मंदिर

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र की महानवमी में भक्तों की भारी भीड़ रही। मां सिद्धिदात्री की विशेष पूजा-अर्चना की गई। सर्वमंगला मंदिर में श्रद्धालुओं ने 11 किलोमीटर की पदयात्रा कर माता को 301 मीटर लंबी चुनरी चढ़ाई। फूल मालाओं से सुसज्जित वाहन में मां दुर्गा की तस्वीर स्थापित की गई थी। श्रद्धालुओं ने हाथों से चुनरी को पकड़कर 11 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू की। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती गई, वैसे-वैसे चुनरी को पकड़ने श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती चली गई।

**भक्तों ने लगाए माता के जयकारे-** यह शाम यात्रा सीएसईबी चौक और टी.पी.नगर से होते हुए सर्वमंगला मंदिर की ओर बढ़ी। इस दौरान भक्ति गीत बज रहे थे। भक्त माता रानी के जयकारे लगा रहे थे। जब यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होकर गुजर रही थी, तब इसे देखने के लिए सड़क के दोनों ओर भारी संख्या में लोग खड़े नजर आए। देर रात यात्रा सर्वमंगला मंदिर पहुंची। भक्तों ने मां सर्वमंगला को चुनरी चढ़ाई और पूजा-अर्चना कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना करी।

**जसगीतों पर थिरके श्रद्धालु-** इस अवसर पर मंदिर परिसर मां आदिशक्ति के जयकारे से गुंजायमान हो गया। यात्रा में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और महिलाएं भी शामिल हुईं। यहां जसगीतों की धुन पर श्रद्धालु थिरकते नजर आए। कोरबा में नवरात्र के मौके पर मां सर्वमंगला को चुनरी चढ़ाने की परंपरा रही है। मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने भी पूजा की थाली में चुनरी और श्रृंगार का सामान रखकर माता रानी को अर्पित किया। हर बार की तरह इस बार भी कोरबा के मां सर्वमंगला मंदिर परिसर में हजारों की तादाद में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए थे। मंदिर की खास सजावट भी की गई।

**रानी धनराज कुंवर के पूर्वजों ने कराया था मंदिर का निर्माण-** सर्वमंगला मंदिर का पुरातात्विक महत्व भी काफी है। लोग बताते हैं कि ब्रिटिश शासन के दौरान कोरबा पर शासन करने वाली रानी धनराज कुंवर के पूर्वजों ने इस मंदिर को बनवाया था। ये मंदिर हसदेव नदी के तट पर स्थित है। यहीं से एक सुरंग नदी के उस पार निकलती है। आपात परिस्थितियों में रानी इस सुरंग के जरिए नदी पार करती थी।

# लोकसभा चुनाव के मददेनजर मुंगेली पुलिस द्वारा निकाली गई फ्लैग मार्च

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जी एस जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के निर्देशन व एस.डी.ओ.पी. मुंगेली एस. आर. घृतलहरे के मार्गदर्शन पर आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर संवेदनशीलता को देखते हुये शहर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रो एवं मुख्य मार्गो से थाना सिटी कोतवाली मुंगेली से रवाना होकर चैक - बलानी, पडाव चैक, सिन्धी कालोनी, मल्हापारा, चुडीलाईन, बडा बाजार, पुलपारा, दाउपारा, रेस्ट हाउस होते हुये पैदल एवं वाहनो द्वारा फ्लैग मार्च निकाल कर शहर में आगामी लोकसभा चुनाव शान्तिपूर्ण कराने हेतूएस. डी. ओ. पी. सालिक राम घृतलहरे, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मुंगेली निरीक्षक तेजनाथ सिंह, एवं फास्टरपुर, जरहागांव, लालपुर थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ की संयुक्त टीम द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गयाधर्मेंद साहू अध्यक्ष जिलाध्यक्ष छात्र युवा मंच मुंगेली, तुकेश साहू, रोशन यादव उपस्थित रहे।

# अच्छे दिन की आस में नड्डा ठहरा हुआ है 50 पर



पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

आस है बेहतर मांग की। यह इसलिए क्योंकि 50 रुपए किलो जैसे भाव पर ठहरा हुआ है नड्डा। ईकाइयां भी अच्छे दिन की राह देख रहीं हैं क्योंकि नया शिक्षा सत्र चालू हो चुका है, तो शाम की तफरीह में ऐसे उपभोक्ता बढ़ रहे हैं, जिन्हें हल्के नाश्ते के रूप में नड्डा से बनी सामग्री पसंद है। कनकी से बनता है नड्डा। चावल के साथ कनकी की कीमत बढ़ने के बाद आशंका थी कि नड्डा में भी भाव बढेंगे लेकिन बाजार और मांग दोनों शांत हैं। ऐसे में नड्डा का उत्पादन उतना ही किया जा रहा है, जितने में रोज की मांग पूरी की जा सकती है। बड़ी परेशानी इसलिए महसूस की जा रही है क्योंकि मांग के दिन चालू होने के बावजूद अपेक्षित उठाव नहीं हो पा रहा है।

### इसलिए अच्छे दिन की आस

बच्चे सबसे बड़े उपभोक्ता माने जाते हैं नड्डा के, चूंकि स्कूलों में नया शिक्षा सत्र चालू हो चुका है। ऐसे में यह वर्ग लगभग शुरूआती दौर में है। कुल मांग में 60 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाले ऐसे उपभोक्ता के नहीं होने से नड्डा बनाने वाली ईकाइयों और विक्रेता संस्थानों को तब तक प्रतीक्षा करनी होगी, जब तक स्कूलें फिर से पूरी क्षमता के साथ संचालन में नहीं आ जातीं।

संकट के साथी ग्रामीण क्षेत्रों की किराना दुकानें और साप्ताहिक हाट बाजार, मजबूत सहारा बने हुए हैं। मांग में आंशिक कमी तो देखी जा रही है लेकिन भरपाई किराना दुकानों से हो पा रही है। शहरी क्षेत्र में शाम को नियमित रूप से लगने वाले स्ट्रीट फूड काउंटर। यह भी नड्डा की खपत को गति दे रहे हैं। बच्चों की संख्या यहां कम ही है लेकिन तफरीह करने वाले उपभोक्ता, संकट के साथी बने हुए हैं।

### फिलहाल 50 रुपए

शांत माने जा रहे नड्डा की कीमत में तेजी की आशंका थी क्योंकि कनकी के भाव बढ़ने लगे हैं लेकिन यह ठहरा हुआ है 50 रुपए किलो पर। ऐसा इसलिए क्योंकि सीजन लगभग ऑन के दौर में है। यही वजह है कि स्कूलों में पूर्ण उपस्थिति की प्रतीक्षा है ताकि बेहतर मांग निकले और इकाइयों का संचालन पूरी गति से किया जा सके।

# नगर मे भक्तिमय वातावरण के साथ मनाया गया रामनवमी



पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

चैत्र नवरात्र के अष्टमी के हूम हवन के पश्चात नौवें दिन सुभाष वार्ड व धुरंधर वार्ड स्थित दुर्गा मंदिर का ज्यौत विसर्जन जसगीत के मधुरमय संगीत के भजनों के साथ किया गया। वही माता के ज्यौत को कुवांरी कन्यायें ग्रहण की हुई थी। विसर्जन के दौरान जगह जगह श्रध्दालुओं के द्वारा माता के दिव्य ज्यौत ज्वारा का पूजा अर्चना भी किया वही श्रध्दालुओं के द्वारा भीषण गर्मी के तपिश से राहत हेतु माता के मार्ग से निकलने वाले सडक मार्ग पर शीतल जल का छिडकांव भी किया गया जिससे गर्मी के तपिश से राहत मिल सके। वहीं हथनीपारा शीतला मंदिर मातादेवालय मंदिर नकक्खी बाबा मंदिर नयापारा शीतला मंदिर आदि मंदिरों मे स्थपित माता की ज्यौत ज्वारा का विसर्जन हुआ, साथ ही रामनवमीं के विशेष अवसर पर सनातनी धर्म सेना के द्वारा शोभा यात्रा का भी आयोजन रखा गया जो की सती मंदिर से आरंभ होकर छत्तीसगढ़ महत्तारी चौक पे आकर सम्पन्न हुआ। उक्त आयोजन मे भारी संख्या मे शहर के गणमान्य नागरिक व श्रध्दालुगण शामिल हुये।

# बेटी बचाओ मंच ने धूमधाम से मनाया रामनवमी



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

टिकरापारा बेटी बचाओ मंच ने रामनवमी अवसर पर टिकरापारा में राम जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया। भगवान राम की पूजा-अर्चना, आरती तथा सुमधुर संगीतमय भजन व नृत्य के साथ हर्ष व उल्लासमय वातावरण मे संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने रामनवमी पर विस्तार से बताया। भगवान श्री राम के मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप को प्रतिपादित किया। उक्त अवसर पर ललित मिश्रा, अंजली यदु, लता चंद्राकर, आशा धीवर, सुप्रिया धुवारे, किरण कर्स, सरिता यदु, रुपा यदु, नीतू साहू, उषा श्रीवास, प्रतिमा यदु, रीना ठाकुर, संगीता यदु, स्मिता अवधिया, उषा यादव, सुलोचनी ठाकुर, बसंती यादव, कमला कौशिक, पूजा सिन्हा, राजकुमारी सोनी, हनु यादव, शिव कौशिक, रीता सहित पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल थे।

# लिवर को रखें स्वस्थ: लिवर ट्रांसप्लांट के बढ़ते मामलों को कम करने के लिए पहले से सचेत रहना अत्यंत आवश्यक



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

लिवर शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। यह शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग है, जो हमारे शरीर में पांच सौ से भी अधिक कार्य करता है। स्वस्थ लिवर के बिना जीवन असंभव है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार लिवर की बीमारियां भारत में मृत्यु का दसवां सबसे आम कारण हैं। जागरूकता के उद्देश्य से एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर (नारायणा हेल्थ की एक इकाई) में स्वस्थ लिवर के महत्व को समझाने के लिए विश्व लिवर दिवस मनाया गया। नारायणा हॉस्पिटल का प्रयास रहता है कि लोगों को इलाज के साथ-साथ बचाव को लेकर भी जागरूक किया जाए। वहीं लिवर के महत्व की यदि बात की जाए तो यह हमारे शरीर में रक्त से विषाक्त पदार्थों को फिल्टर करने और पाचन में सहायता करने के लिए महत्वपूर्ण है। परंतु आजकल स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही, अनुचित खानपान व अन्य कारणों के चलते हेपेटाइटिस, सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी बीमारियाँ बढ़ रही हैं, जो दुनिया भर में लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही हैं।

### शीघ्र जांच ही आपके लिवर को स्वस्थ रखने की कुंजी है

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुरके कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, डॉ. अभिषेक जैन ने कहा कि लिवर की बीमारियों को साइलेंट किलर के रूप में भी जाना जाता है। प्रारंभिक अवस्था में कोई मुख्य लक्षण नहीं देखा जाता है। लिवर की समस्याओं के कुछ सबसे आम लक्षण हैं, जैसे-थकान, भूख न लगना, बेचैनी होना, पेट में दर्द या सूजन, पीले रंग का मूत्र और पीला मल आना, त्वचा और आँखों का पीला पड़ना (पीलिया) आदि प्रकार के लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है। लिवर की बीमारियों के आम कारणों में हेपेटाइटिस ए, बी, ई एवं सी है और आज के समय में अत्याधिक शराब सेवन तथा नॉन-एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज प्रमुख कारण बनते जा रहे है। साथ ही, डॉ. अभिषेक जैन ने बताया की आपके लिवर की सुरक्षा के लिए कुछ आदतों पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। जैसे- स्वस्थ वजन बनाए रखें, संतुलित आहार अपनाएं, शराब का सेवन ना करें, टीका लगवाएं, टीकाकरण के माध्यम से हेपेटाइटिस ए और बी से खुद को बचाएं और अपने चिकित्सक से परामर्श के बिना अनावश्यक दवाएं लेने से बचें। हमारा प्रयास रहता है कि लोगों को समय रहते उचित परामर्श मिल सके, जिससे एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।

# कोलंबिया ग्लोबल स्कूल का सातवां स्थापना दिवस




पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में सातवाँ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन तथा राज्य गीत के साथ की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के डायरेक्टर श्री रविंदर सिंह हूरा और कोऑर्डिनेटर श्रेया पाठक और रिया सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कोलंबिया ग्लोबल स्कूल और कोलंबिया जूनियर के छात्रों के द्वारा एक शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के संगीत शिक्षक रमन सैनिक और ग्रुप द्वारा मधुर संगीत की प्रस्तुति की गई। 12 वीं कक्षा के विद्यार्थी भावेश कुमार ने एक सुंदर कविता की प्रस्तुति दी। योग जो हमें निरोग रखता है इसे दर्शाते हुए हमारे स्कूल के योगा के होनहार विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर योगासन की अद्भुत प्रस्तुति दी। विद्यालय को संबोधित करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर रविंदर सिंह हूरा ने विद्यालय के स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए अपने विचार व्यक्त किये और अपने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन में स्मृति आनंद के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### कोलंबिया के स्टूडेंट्स का विभिन्न मल्टीनेशनल फार्मा कंपनियों में चयन



विगत दिनों हुए कैंपस सलेक्शन में कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी की बी फार्मेसी पाठ्यक्रम के 2023 के पास आउट स्टूडेंट्स डी रवि कुमार एवं दीपक दास का चयन क्रमशः रैली हेल्थकेयर एवं सन फार्मा में हुआ है। इसमें दीपक दास का चयन बतौर मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव एवं डी रवि कुमार का चयन प्रोडक्ट मैनेजमेंट टीम में बतौर असिस्टेंट मैनेजर हुआ है। चयनित छात्रों को महाविद्यालय प्रबंधन, प्रिंसिपल एवं प्राध्यापक गणों ने शुभकामनायें प्रेषित की है। कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी की प्लेसमेंट डिवीजन के अधिकारीयों क्रमशः अतनु भट्टाचार्य, स्वप्निल लाल, राहुल कुमार एवं शिल्पा साहू ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी। विदित हो कि प्रशिक्षण और प्लेसमेन्ट विभाग और कार्यबल के बीच सम्बन्ध बनाने के लिये निरन्तर प्रयासरत हैं। ऐसा ध्यान में रखते हुए कोलंबिया संस्थान अपने छात्रों को बेहतर प्लेसमेंट करते हुए उच्चतम कम्पनीयों में कैंपस रिक्रुट्मेन्ट और तकनीकी ट्रेनिग कराने में हमेशा तत्पर है। डी रविकुमार का चयन 4.00 लाख की सालाना वेतन तथा दीपक दास का चयन तीन लाख बीस हजार के सालाना वेतन पर हुआ है। ज्ञातव्य हो कि देश की फार्मेसी के क्षेत्र में नामचीन बहुराष्ट्रीय कंपनियों का रुझान कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी की ओर है, तथा संस्थान ने हमेशा ही उन्हें सही कैंडिडेट्स प्रदान किया है।

# बांगुर सीमेंट ने नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए लॉन्च किया नया मल्टीमीडिया कैंपेन

BANGUR

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं। इसके अलावा ब्राण्ड, अपनी वेबसाईट votekavachan.bangurcement.com पर 'वोट का वचन' के माध्यम से लोगों को मतदान की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। बांगुर सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलोग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा। बांगुर सीमेंट इस प्रयोजन के लिए एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी कर रहा है। कैंपेन के बारे में बात करते हुए नीरज अखोरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, सीमेंट ने कहा, बांगुर सीमेंट का 'वोट सोलिड देश सोलिड' कैंपेन और 'वोट का वचन' शपथ, हमारे ब्राण्ड्स, प्रोडक्ट्स एवं नेटवर्क के माध्यम से समावेशी विकास के साथ प्रगतिशील देश के निर्माण के लिए हमारी सतत प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने इंटरऑपरेबल ईको-फ्रेंडली एनसीएमसी इनेबल्ड डेबिट और प्रि-पेड कार्ड लॉन्च किए

### रूपये द्वारा पॉवर्ड एनसीएमसी इनेबल्ड कार्ड लॉन्च करने के लिए एनपीसीएल के साथ साझेदारी की

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने ईको-फ्रेंडली एनसीएमसी इनेबल्ड डेबिट और प्रि-पेड कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की। रूपये द्वारा पॉवर्ड ये इंटरऑपरेबल कार्ड लॉन्च करने के लिए बैंक ने नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया एनपीसीएल के साथ साझेदारी की है। ये कार्ड भारत के वन नेशन, वन कार्ड के उद्देश्य की ओर बैंक की प्रतिबद्धता के अंतर्गत लॉन्च किए गए हैं। बैंक ने अपने बचत खाते के ग्राहकों के लिए एनसीएमसी इनेबल्ड डेबिट कार्ड और वॉलेट के ग्राहकों के लिए एनसीएमसी इनेबल्ड प्रि-पेड कार्ड पेश किए हैं। ये दोनों कार्ड




पर्यावरण-अनुकूल ई-पीवीसी सामग्री से बनाए जा रहे हैं, जोअपनी पर्यावरणीय स्थिरता के लिए प्रमाणित है। ग्राहक देश में सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों, ऑनलाईन (ई-कॉमर्स) और मेट्रो, बस, पार्किंग आदि के लिए ऑफलाईन एनसीएमसी ट्रांज़िट विनिमय में सुरक्षित और कॉन्टैक्टलेस पेमेंट करने के लिए इनमें से किसी भी कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मेट्रो स्टेशनों पर, यात्रियों को कतार में लगने और टिकट खरीदने की परेशानी के बिना गेट पर टैप करके भुगतान करना होगा। इन कार्ड्स पर परिवहन ऑपरेटर द्वारा दी जाने वाली रियायत और मासिक पास भी मिल सकेंगे, इसलिए विभिन्न परिवहन ऑपरेटर्स के लिए अलग-अलग कार्ड संभालने की दिक्कत भी दूर हो जाएगी। इन कार्ड्स के लॉन्च के बारे में गणेश अनंतनारायणन, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने कहा, हमें अपने एनसीएमसी इनेबल्ड कार्ड्स की ईको-फ्रेंडली श्रृंखला पेश करने की खुशी है। यह कार्ड रिसाईकल्ड पीवीसी सामग्री से बने हैं। एयरटेल पेमेंट्स बैंक दायित्वपूर्ण उपभोग और उत्पादन के सिद्धांतों पर काम करता है ताकि एक सस्टेनेबल भविष्य में योगदान दिया जा सके। ये कार्ड सस्टेनेबिलिटी के लिए हमारे समर्पण का उदाहरण हैं, और एक सुरक्षित एवं सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता पर बल देते हैं। हम भारत के वन नेशन, वन कार्ड के उद्देश्य का समर्थन करते हैं, और इसकी ओर अपने प्रयास जारी रखेंगे।

# रायपुर रेल मंडल के यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की विशेष पहल

### दुर्ग-जबलपुर-दुर्ग के मध्य ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियो की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दुर्ग-जबलपुर-दुर्ग के मध्य 09 फेरों के लिए ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी दुर्ग से 23, अप्रैल से 18 जून, 2024 प्रत्येक मंगलवार को 01702 नं के साथ जबलपुर के लिए रवाना होगी 7 यह गाड़ी दुर्ग रेलवे स्टेशन से 9:30 बजे रवाना होकर रायपुर 10:10 बजे, भाटापारा 12.05 बजे, उसलापुर 13:10 बजे, पेंड्रा रोड 14.45 बजे, अनूपपुर 15:30 बजे, शहडोल 16:10 बजे, उमरिया 17.00 बजे साउथ कटनी 19.15 बजे, सिहोरा रोड 20:30 बजे जबलपुर 21:15 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार जबलपुर से 22 अप्रैल से 17 जून, 2024 प्रत्येक सोमवार को 01701 नंबर के साथ दुर्ग के लिए रवाना होगी। यह गाड़ी जबलपुर से 20:30 बजे रवाना होकर सिहोरा रोड 21:05 बजे, कटनी साउथ 21.35, बजे, उमरिया 22.55 बजे, शहडोल 00.04 बजे, अनूपपुर 00.41 बजे, पेंड्रा रोड 1:20 बजे, उसलापुर 02.50 बजे, भाटापारा 3:45 बजे, रायपुर 5:00 बजे, दुर्ग 6:15 पर पहुंचेगी। इस गाड़ी में 02 एसएलआर, 02 सामान्य, 05 स्लीपर, 11एसी थ्री इकोनामी तथा 02 एसी-2 सहित कुल 22 कोच की सुविधा रहेगी।

# पिथौरा नगर में रामनवमी उत्सव मनाया गया शोभायात्रा में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ‹ पिथौरा
www.dailypioneer.com

रामनवमी के अवसर पर भगवान रामचंद्र जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल होकर श्रीराम जी की पूजा अर्चना कर सर्वमंगल की कामना करते क्षेत्रवासियों को रामनवमी की बधाई दिये। शोभायात्रा इतनी लंबी थी कि यह शाम 5 बजे जब मंदिर चौक से यात्रा प्रारंभ हुई इसका आखरी छोर दिखाई नहीं पड़ रहा था। जहां-जहां से शोभा यात्रा गुजरी वहां पर फूल बरसा कर स्वागत किया गया, श्रीराम जन्मोत्सव शहर में पूरे धूमधाम से मनाया गया। शहर में अलग अलग सामाजिक संगठन के द्वारा नींबू पानी, खीर, गन्ने का जूस रामभक्तो को वितरण की गया।सबसे पहले शाम को मंदिर चौक में एकत्रित हुए, जहां से रैली के रूप में निकली, इस बार रामनवमी से पूरा नगर राममयी था। इस शोभायात्रा में शामिल होंने के लिए शहर के गली मोहल्लों से लेकर ग्रामीण इलाकों के भी लोग इसमें हिस्सा लेने के लिए दोपहर से पहुंचे हुए थे। इस शोभायात्रा विशेष बात यह रही कि जिसकी भव्यता देखते ही बन रही थी। वही पूरे नगर को भगवा झंडे से सजाया गया था, इसी को देखने के लिए आम लोगों का हुजूम लगा था। महाराष्ट्र से ताशा और अघोरियों ग्रुप का प्रर्दशन आर्कषण का केन्द्र बना रहा। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, मण्डल अध्यक्ष नरेश सिंघल, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, विधायक प्रतिनिधि विक्की सलुजा, जतिन ठक्कर, आकाश अग्रवाल, दुर्गेश सिन्हा, देवेश निषाद, मनमीत सिंह छाबड़ा, सरजू तिवारी, मन्नू ठाकुर, राजेश चौधरी, विजय पटेल सहित हजारों की संख्या नगरवासी शोभायात्रा में शामिल हुए।

# मां रुद्रेश्वरी मंदिर में 21 कुंडीय महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली अंचल के प्रसिद्ध मां रूद्रेश्वरी मंदिर सिंघोड़ा में रामनवमी के शुभ अवसर पर 21 कुंडीय महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल द्वारा आयोजित किया गया था । आचार्य सुभाष जी महाराज के सानिध्य में 21 कुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ विधि विधान तथा मंत्रोच्चारण कर किया गया । 21 हवन कुंड में 21 जोड़ी जिसमें प्रमुख रूप से शालिनी प्रखर अग्रवाल , रोशनी डिग्रीलाल नायक, अनुपमा गणेशराम, मंजू मनीष तिवारी, कौशल्या कुशो राणा, चमेली माधव पांडे, क्षीराद्री नंदलाल प्रधान, झापो परीक्षित राणा, संतोषीनी नवीन कुमार साहू, कोमल पुरुषोत्तम अग्रवाल, कुसुमलता अशोक, रजनी अशोक पटेल, संतोषीनी देवराज साहू, हेमकुमारी भोजराम पटेल, शांता शंकर यादव, मीना मनोज विशाल, गीत खीरसागर चौधरी, कल्पना बिरंचि बेताल, सौदामिनी सिवान प्रधान, संतोषी जया पटेल, ममता विनोद पटेल विराजित रहे। 21 कुंडी महायज्ञ हवन समाप्ति पश्चात कथा वाचिका डॉक्टर प्रियंका त्रिपाठी के मुखारविंद से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी एवं उनके सेवक पवन पुत्र वीर बजरंगबली हनुमान के जीवन पर आधारित अनेक प्रसंगों का वर्णन कर श्रोताओं को विस्तार से समझाया गया। कथा वाचिका डॉक्टर प्रियंका त्रिपाठी ने संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल को 21 कुंडिय महायज्ञ एवं श्रीराम कथा आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस तरह से प्रखर अग्रवाल द्वारा धर्म प्रचार एवं समाज सेवा के क्षेत्र में जो कार्य किया जा रहा है बहुत ही प्रशंसनिय है । मैं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र से प्रार्थना करते हुए कहा की सदैव प्रखर अग्रवाल पर अपनी कृपा बनाए रखना ताकि उनके द्वारा सदैव भगवान के प्रति श्रद्धा बना रहे । गौरतलब है कि प्रखर अग्रवाल संगम सेवा समिति के संचालक द्वारा पिछले 22 जनवरी 2024 को श्रीधाम अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कार्यक्रम को ऐतिहासिक व भव्य बनाने के लिए सरायपाली नगर पालिका परिषद अंतर्गत सभी 15 वार्डो सहित आसपास के गांवों में घर-घर जाकर दीपक वितरण किया गया था, ताकि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दीपोत्सव की तरह मनाया जा सके । श्रीराम कथा में उपस्थित भक्तों को संगम सेवा समिति के प्रखर अग्रवाल द्वारा संबोधित करते हुए कहा आज जो यह 21 कुंडिय महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन हो रहा है सब मां जगदंबा एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र की आशीर्वाद से ही संभव हो रहा है । और मैं आप लोगों को कहना चाहूंगा की संगम सेवा समिति द्वारा जो भी चाहे धार्मिक अनुष्ठान हो समाज सेवा के क्षेत्र में जो भी कार्य किया जा रहा है सब भगवान की इच्छा अनुसार हो रहा है , और मैं इसका श्रेय हमारे संगम सेवा समिति के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों को देना चाहूंगा । अग्रवाल ने आचार्य सुभाष जी महाराज का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि आज का यह कार्यक्रम महाराज जी के मार्गदर्शन एवं विशेष सहयोग से ही संभव हुआ है , श्रीराम कथा वाचिका डॉक्टर प्रियंका त्रिपाठी का भी आभार जताया जिन्होंने कार्यक्रम में पधार कर श्रीराम भक्तों को श्रीराम कथा का श्रवण कराकर पुण्य के भागी बनाया। भारी मात्रा में उपस्थित माताएं बहनों को श्री अग्रवाल द्वारा धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोग धन्यवाद के पात्र है इतनी तपती धूप में भी उपस्थित होकर हमारी इस कार्यक्रम की शोभा बड़ाने में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से संगम सेवा समिति के संचालक प्रखर अग्रवाल, (अधिवक्ता) तुषार सेन,(पत्रकार) आयुष साहू, सांसद प्रतिनिधि आशीष सेन,तरुण गड़तिया,प्रखर शर्मा,अभिनय शाह,विजय नाग,अमन ठाकुर,सोमू साहू ,धनुर्जय यादव, फिरोज पटेल, प्रकाश पटेल का विशेष सहयोग रहा ।

# भूपेश बघेल को राजनांदगांव क्षेत्र में वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं : संतोष पांडे

## क्षेत्र की घोर उपेक्षा करने वाले भूपेश बघेल को सबक सिखाने का समय आ गया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडे ने राजनांदगांवविधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का दौरा करते हुए कहा की कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को क्षेत्र में वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं है। वे पांच वर्षों तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहें। इस दौरान वे राजनांदगांव क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार करते रहें। डा. रमन सिंह सरकार के दौरान विकास कार्यों के लिए भेजी गई धन राशि को उन्होंने वापस बुला लिया था और उसके बाद विकास कार्यों के लिए फूटी कौड़ी नहीं दी, विकास कार्य करना तो दूर रहा उल्टे क्षेत्र के अनेक सरकारी विभागों को दुर्ग लेकर चले गए। विकास के नाम पर पूरा क्षेत्र पाँच वर्षों तक उपेक्षित रहा। विकास के लिए तरसता व तड़पता रहा पर भूपेश बघेल के कान में जूँ नहीं रेंगी। जितना हो सकता था यहाँ के नागरिकों द्वारा डा. रमन सिंह को विधायक चुने जाने के कारण उनसे बदला लिया। अब वे किस मुंह से वोट मांग रहें हैं, ये समझ से परे हैं।

अपने आरोपों को स्पष्ट करते हुए पांडे ने आगे कहा की सेतु विकास निगम का कार्यालय यहाँ से षड्यन्त्र पूर्वक दुर्ग स्थानांतरित कर दिया गया। इसी तरह छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के कार्यालय को भी अपने गृह जिले दुर्ग ले गया तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) को स्थानांतरित किया गया इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यालय को भी अपने पसंदीदा क्षेत्र में ले गए और तो और महुआ का प्रसंस्करण केंद्र को भी अपने निर्वाचन क्षेत्र पाटन ले जाने का असफल प्रयास किया। पांडे ने अपने आरोपों की झड़ी में आगे कहा कि मध्यप्रदेश के जमाने से प्रदेश का इकलौता सरकारी मुद्रणालय राजनांदगाँव में स्थित हैं, यह यहाँ की सबसे पुरानी सरकारी संस्था थी जो पूरे प्रदेश में राजनांदगाँव की पहचान हैं इसे भी यहाँ से अन्यत्र स्थानांतरित करने का षड्यन्त्र रचा गया था किन्तु भारी विरोध के चलते यह संभव नहीं हो पाया। इसी तरह छत्तीसगढ़ क्षेत्र का गौरव खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्व विधायले जो संगीत के क्षेत्र में भारत का पहला व एशिया का दूसरा विश्व विद्यालय हैं, उसे भी यहाँ से ले जाने का कुचक्र रचा गया जो खैरागढ़ के जागरूक नागरिकों के भारी विरोध, आंदोलन व बंद के करण रुक पाया। पांडे ने प्रति प्रश्न करते हुए कहा की जब बघेल को इस क्षेत्र से इतनी नफरत हैं, वे यहा के विकास को लेकर घोर विरोधी रहें हैं, अपने शासनकाल में लगातार सौतेला व्यवहार करते रहें हैं, इस क्षेत्र की विकास के लिए कोई फंड उपलब्ध नहीं कराया उल्टे यहाँ विकास कार्यों के लिए आये फंड को वापस बुला लिया फिर वे किस मुंह से इस क्षेत्र की जनता से वोट मांगने आये हैं। पांडे ने क्षेत्र के विकास के विरोधी ऐसे कांग्रेस प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में बुरी तरह पराजित करने का आवाहन करते हुए कहा कि अब समय आ गया हैं जब हम अपने वोट के जरिये क्षेत्र की घोर उपेक्षा करने वाले व्यक्ति को सबक सिखाने के लिए यह आवश्यक हैं की हमसब 26 अप्रैल को कमल फूल छाप का बटन दबाए। पांडे आज राजनांदगाँव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण मण्डल के ग्राम डिलापहरी, पर्रीकला, सोमनी, इंदावानी, कोपेडीह, बिरेझर पहुचे, अनेक ग्रामों में पांडे का स्वागत किया गया, उन्हे फूल मालाये पहनाई गई, माताओं ने मंगल तिलक लगाया और विजय का आशीर्वाद दिया।



# भाजपा की गारंटी चाइनीज माल की तरह झूठी : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने गुरुवार को अपने जनसंपर्क के दौरान मोदी की गारंटी पर प्रहार करते हुए भाजपा को घेरा। भूपेश ने छुईखदान में अपने जनसम्पर्क कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी का दावा करने वाली भाजपा की हर एक बात झूठी निकली।

उन्होंने कहा कि - वर्तमान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किसानों के 2लाख रुपए तक के कर्ज माफ होने की बात आपसे आकर कही थी जिसका कोई अता पता नहीं है। जबकि हमने शपथ ग्रहण के 2 घंटों में ही किसानों की कर्जमाफ़ी की घोषणा पूरी कर दी थी। भाजपा ने किसानों को धान के एकमुश्त 3100 रुपए पंचायत में देने की बात कही थी लेकिन ये बात भी झूठी निकली। मजदूरों को हर साल 10,000 रूपये देने का वादा तो पूरा नहीं किया उल्टे कांग्रेस सरकार में मिलने वाले 7000 रुपए भी देने बंद कर दिए। महिलाओं से 500 रुपए में सिलेंडर देने का वादा भी कोरा झूठ निकला। भाजपा केवल और केवल झूठ बोल कर, जनता को मूर्ख बना कर सत्ता पाना चाहती है। ग्रामवासियों को कांग्रेस की न्याय गारंटी की जानकारी देते हुए भूपेश ने बताया कि कांग्रेस की सरकार महिला, युवा, किसान सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। एक ओर जहां कांग्रेस पार्टी महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने की बात कह रही है तो वहीं दूसरी ओर युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी के साथ साथ अपरेंटीस का अधिकार भी दे रही है। जिसमें युवाओं को सरकार वर्तमान जरूरतों के हिसाब से विभिन्न ट्रेंड में ट्रेन करेगी और इस दौरान उन्हें सालाना 1 लाख रुपए का भत्ता भी देगी, इसके अलावा किसानों को फसलों के डेढ़ गुना दाम देने के लिए स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करने का वादा भी कांग्रेस पार्टी करती है।



जनसंपर्क के दौरान भूपेश बघेल ने बीरुटोला, देवरच्चा, कुम्हरवाड़ा, कबरकट्टा, चोभर, रामपुर, आमगांव, खादी, भाजी डोंगरी, देवपुरा, मोहगांव, पहाड़ी मानपुर, पैलीमेटा, ठाकुरटोला, जीराटोला, सण्डी, पण्डरिया, रोड अतरिया, साखा गांव का दौरा किया।इस दौरान भूपेश बघेल के साथ खैरागढ़ जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ,पदमा सिंह, गुलशन तिवारी, बृजेश यादव, रामकुमार पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी संजू सिंह,ममता राजेश पाल, दशमथ जंघेल, हेमंत वैष्णव, प्रमोद सिंह ठाकुर, अशोक जंघेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शोभायात्रा निकली, झांकी ने मनमोहा





**राजनांदगांव।** श्रीराम नवमीं के दूसरे दिन झांकी के साथ शहर में शोभायात्रा निकाली गई। रामनवमी शोभायात्रा समिति व विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। शोभायात्रा महावीर चौक स्थित श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से शुरु हुई जो कि मानव मंदिर चौक से होते हुए दुर्गा चौक, सदर बाजार, भारत माता चौक, रामाधीन मार्ग, सुरजन गली, कामठी लाइन से हलवाई लाइन होते हुए गुड़ाखू लाइन, भगत सिंह चौक होते हुए वापस महावीर चौक में समाप्त हुई।


### फार्मेट सी–7

अभ्यर्थी के रूप में चयनित किए गए लंबित आपराधिक मामलों वाले व्यक्तियों से संबंधित सूचना और ऐसे चयन के कारण तथा बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप में क्यों नही चुना गया, से संबंधित विवरण

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.–536 में वर्ष 2018 की अवमानना याचिका (सिविल) सं. 2192 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 13 फरवरी 2020 के आदेश अनुसरण में जारी आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम :– **इंडियन नेशनल कांग्रेस**
निर्वाचन का नाम :– **लोकसभा चुनाव वर्ष–2024**
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम :– **छत्तीसगढ़**
(1) निर्वाचन क्षेत्र का नाम :– **लोकसभा क्षेत्र कं.–06 राजनांदगांव**
अभ्यर्थी का नाम :– **श्री भूपेश कुमार बघेल**

| स.क. | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | आपराधिक पूर्ववृत | |
| | क | अपराधों की प्रकृति | 1. धारा–120 बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.दं.वि. एवं धारा 7, 11 भ.नि. अधिनियम (संशोधन) 2018,<br>2. धारा–188, 269, 270 भा.दं.वि. एवं धारा 03 महामारी अधिनियम 1897,<br>3. धारा–120 बी. सहपठित 469, 471 भा.दं.वि. एवं धारा 67 ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम |
| | ख | मामला संख्या | 1- FIR No. - 06/2024, Dt. 04.03.2024<br>2- FIR No.- 29/2022, Dt. 16.01.2022<br>3- प्रकरण कं- 5465/18, FIR No. - RC 12 & 13 (S)/2017 SCUV/SC-II/CBI New Delhi, Dt. 12.12.2017 |
| | ग | न्यायालय का नाम | 1. नही है<br>2. अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय/MPMLA कोर्ट गौतम बुध्द नगर<br>3. नही है। |
| | घ | क्या आरोप विरचित कर दिए गए है या नही(हां/नही) | नही है |
| | ङ | दोषसिद्धि की तिथि, यदि कोई हो | नही है |
| | च | भुगती गई सजा का विवरण, यदि कोई हो | नही है |
| 2 | | अभ्यर्थी के चयन का कारण, चयन अभ्यर्थी की योग्यता, उपलब्धि और उसकी मेरिट को देखते हुए किया जाएगा न कि सिर्फ मतदान में विजय प्राप्त करने की क्षमता (100 शब्द से अधिक न हो) | अभ्यर्थी का मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास पर केन्द्रीत रहा है, जिससे पार्टी को उम्मीद है कि, मतदाताओं को आकर्षित किया जा सकता है, साथ ही अभ्यर्थी का लम्बा राजनैतिक अनुभव, स्थानीय सम्पर्क और हालिया चुनावी सफलता को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। |
| 3 | | यह कारण बताएं कि बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप क्यों नही चुना गया (100 शब्द से अधिक न हों) | पार्टी उम्मीद्वार के चयन के लिये आंतरिक विचार विमर्श और बातचीत करती है। उम्मीद्वार की पसंद मतदाता पर निर्भर करती है। उम्मीद्वार के पास कांग्रेस के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आवश्यक कौशल, अनुभव और समर्पण है। यह उम्मीद्वार निर्वाचित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव और प्रगति लाने की क्षमता रखता है और लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करेगा। |

राज्य सभा या विधानसभा सदस्यों (एमएलए) द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी**



फार्मेट सी–2

### दल द्वारा खड़े किए गये अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.–536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम – **इंडियन नेशनल कांग्रेस**
निर्वाचन का नाम – **लोकसभा क्षेत्र कं.– 06 राजनांदगांव**
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम – **छत्तीसगढ़**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | लंबित आपराधिक मामले | | आपराधिक मामलों के लिए दोष सिध्दि | |
| स.क. | अभ्यर्थी का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | न्यायालय का नाम, मामले की सं. एवं मामलों की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख | अपराध(धों) और अधिरोपित किए गए दण्ड का विवरण |
| 1 | भूपेश कुमार बघेल | 6 राजनांदगांव | न्यायालय वर्तमान में निरंक (पुलिस थाना–ईओडब्ल्यू, रायपुर) प्रकरण कं. वर्तमान में निरंक (FIR No. 06/2024, Dt. 04.03.2024) | धारा–120 बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.दं.वि. एवं धारा 7, 11 भ.नि. अधिनियम (संशोधन) 2018, **संक्षित विवरण** :– | लागू नही | लागू नही |
| | | | प्रवर्तन निदेशालय के उपरोक्त प्रतिवेदन एवं साथ में संलग्न दस्तावेज, पूर्व में प्रेषित प्रतिवेदन कं. ECIR/RPZO/10/2020/AD (MK), दिनांक 08.01.2024 व साथ में संलग्न दस्तावेज तथा प्रतिवेदन कं. ECIR/RPZO/10/2020/AD (MK), दिनांक 30.01.2024 साथ में संलग्न प्रेविजनल अटैचमेंट आर्डर एवं अन्य दस्तावेजों के अध्ययन व परिशीलन के आधार पर पाया गया कि महादेव बुक एप के प्रमोटर श्री रवि उप्पल, श्री शुभम सोनी, श्री सौरभ चंद्राकर, श्री अनिल कुमार अग्रवाल के द्वारा विभिन्न लाईव गेम्स में अवैध शॉपिंग की गयी। ऑनलाईन प्लेटफार्म के विकल्प के रूप में ऑनलाईन प्टेफार्म का निर्माण कर व्हाट्अप, फेसबुक, टेलीग्राम जैसे माध्यमों से विभिन्न वेबसाईटों के जरिये सट्टा खिलाए जाने लगा। इन प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग के लिए विभिन्न प्लेटफार्म तैयार कर पैनल ऑपरेटरों/ब्रांच संचालाकों के माध्यम से ऑनलाईन बैटिंग एप के संचालन से प्रमोटर्स एवं ऑनलाईन बैटिंग एप से जुडे पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स एवं उनके साथियों द्वारा वर्ष 2020 में लॉकडाउन के बाद से ऑनलाईन सट्टा खिलाकर 450 करोड़ रू. मासिक की अवैध आय अर्जित की जा रही है।<br>महादेव बुक एप के प्रमोटर्स एवं पैनल ऑपरेटर्स के द्वारा इस अवैध अर्जित आय के ट्रांजेक्शन के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक अकाउंट्स खोले गए तथा सैंकड़ों बैंक अकाउंट्स कमीशन के आधार पर लेकर सट्टा से प्राप्त राशि का संचालन किया गया महादेव बुक एप के प्रमोटर्स को पैनल ऑपरेटर्स द्वारा सट्टा की अवैध राशि विभिन्न बैंक अकाउन्ट के माध्यम से ट्रांसफर किया जाकर संयुक्त अरब अमीरात तक पहुंचाया गया है । | | | |
| | | | महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन सट्टा से प्राप्त अवैध राशि से ऑनलाईन सट्टा के प्रमोशन के लिए सट्टे बाजी वेबसाईटों का विज्ञापन हेतु भारी मात्रा में नगद रकम खर्च की गयी। इस हेतु वार्षिक स्टार स्टैंडेड कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे जिसमें शामिल मशहूर हस्तियों को सट्टेबाजी से प्राप्त अवैध राशि से भुगतान किया जाता था ।<br>महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग से प्राप्त अवैघ राशि को भारी मात्रा में कई कंपनियों, शैल कंपनियाों एवम शेयर मार्केट में निवेश किया गया है । इसी तरह इन प्रमोटर्स के द्वारा क्रिप्टो करेंसी में भी निवेश किया गया है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा महादेव ऑनलाईन बुक के साथ जुडे हरिशंकर तिबरेवाल के द्वारा इसी तरह का स्काई एक्सचेंज नामक बैटिंग प्लेटफार्म चालया जा रहा था जिसके पास से अवैध कमाई द्वारा अर्जित लगभग 580 करोड़ रू. की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अटैच की गयी है।<br>महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग एप के इस आपराधिक कृत्य के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही को रोकने के लिए विभिन्न पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्त्यिों का संरक्षण प्राप्त किया गया , जिसके एवज में उन्हे नियमित तौर पर प्रोटेक्शन मनी के रूप में भारी राशि दी गयी । उक्त अवैध राशि की व्यवस्था एवं वितरण हेतु हवाला ऑपरेटरों का इस्तेमाल किया गया साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवैध प्रोटेक्शन मनी वितरण हेतु पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों का भी उपयोग किया गया । यह प्रोटेक्शन मनी की राशि हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से राशि वितरण करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तक पहुंचती थी जिसे उनके द्वारा संबंधित पुलिस / प्रशासनिक अधिकारियों तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों को वितरित की जाती थी । विभिन्न पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा अपने पद का दुरूपयोंग करते हुए प्रोटेक्शन मनी के रूप में अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करते हुए अवैध संपत्ति अर्जित की गयी है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कई अचल संपत्तियों का प्रोविजनल अटैचमेंट किया गया है ।<br>इस प्रकार महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा अपने सहयोगी पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स, पार्टनर्स, लोकसेवकों और अन्य लोगों के साथ मिलकर अपराधिक शडयंत्र करते हुए ऑनलाईन सट्टा एप के जरिए भारी मात्रा में अवैध आय अर्जित की गई । इस संपूर्ण आपराधिक कृत्य में शमिल लोगो के विरूद्ध प्रथम दृष्टया धारा 120बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. तथा धारा 7, 11 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्र.नि. (संशोधन) अधिनियम 2018 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा ................. (वर्तमान में लागू नही) को विवचना हेतु सौंपा गया या क्षेत्राधिकार में दृष्टिगत थाना............. (वर्तमान में लागू नही) जिला .........(वर्तमान में लागू नही) को स्थानांतरित किया गया, या दं.प्र.सं.की धारा "ब" के अंतर्गत की गई। अभियोगी / सूचनाकर्ता को प्र.सू.पढ़वाकर / पढ़कर सुनाया गया जिन्होने सही – सही अभिलिखित होना स्वीकार किया । इसकी एक प्रति सूचनाकर्ता को निः शुल्क प्रदाय की गयी। | | | |
| | | | अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय/ एम.पी.एम.एल.ए. कोर्ट गौतम बुध्द नगर, पुलिस थाना–नोएडा (सेक्टर–49, कमिश्नरेट गौतम बुध्द नगर) वर्तमान सम्मन दिनांक 06.12.2023 में वर्णित अनुसार वाद संख्या 16422/23 CC No.- 29/22 दर्शाया गया है (FIR No.- 29/2022, Dt. 16.01.2022) | धारा–188, 269, 270 भा.दं.वि. एवं धारा 03 महामारी अधिनियम 1897, **संक्षित विवरण** :– | लागू नही | लागू नही |
| | | | कार्यालय रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 गौतम बुद्ध नगर पत्रोंक 37/एसटी–एसडीएम विधान सभा निर्वाचन 2022 दिनांक 16.01.2022 प्रभारी निरीक्षक थाना सेक्टर 113 नोएडा आप को अवगत ही है कि, मा. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी की चुकी है जिसके अनुसार जनपद गौतम बुद्ध नगर में आदर्श आचार संहिता लागू है । आज दिनांक–16.01.2022 को मा. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थनों पर 05 व्यक्तियों से अधिक व्यक्तियों को साथ लेकर लोगो के घर–घर जाकर कांग्रेस का प्रचार किया जा रहा है एवं कोविड नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है । अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप तत्काल मा. भारत निर्वाचन आयोंग के अंतर्गत दिये गये निर्देशों के क्रम में आदर्श आचार संहिता एवं कोविड नियामों का उल्लंघन किये जाने के कारण संबंधित के विरूद्ध प्रथामिकी दर्ज कराते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करे । संलग्न उपरोक्तानुसार रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र । प्रतिलिपि 1–जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महोदय गौतम बुद्ध नगर की सूचनार्थ प्रेषित, 2 – उप जिलाधिकारी निर्वाचन / उप जिलाधिकारी दादरी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र नोट में है । कांस्टेबल क्र 921 ओंकार सिंहप्रमाणित करता हूँ कि नकल तहरीर कर कायमी मेरे द्वारा बोल–बोल कर कांस्टेबल क्र 384 आकाश कुमार से टाईप करायी गयी है। | | | |
| | | | विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सी.बी.आई. रायपुर (पुलिस थाना–सीबीआई/ एससी–II, नई दिल्ली) प्रकरण कं. 5465/18, FIR No. RC 12 & 13 (S)/2017 SCUV/SC-II/CBI New Delhi, Dt. 12.12.2017) | धारा–120 बी. सहपठित 469, 471 भा.दं. वि. एवं धारा 67 ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम **संक्षित विवरण** :– | लागू नही | लागू नही |
| | | | एफ.आई.आर नं– आर.सी. नं.– 12 (एस) 2017 एस.सी.यू. / एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन थाना पंडरी रायपुर में श्री प्रकाश बजाज के द्वारा लिखाई गई एफ.आई.आर. के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उन्हे किसी अश्लील व्हिडियो उसके आधिपत्य में होने के आधार पर किसी आका को बदनाम करने, उनके एवज में राशि मांगने की धमकी देकर ब्लेकमेल करने की शिकायत की गई है, इस शिकायत पर धारा 384 एवं 506 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध किया था । तथा एफ.आई.आर नं– आर.सी. नं.– 13 (एस) 2017 एस.सी.यू. / एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन सिविल लाईन थाना रायपुर में श्री राजेश मूणत के द्वारा दर्ज प्रथम सुचना पत्र क्रमांक– 665/2017 दिनांक– 27/10/2017, धारा 67 ए. आई.टी.एक्ट के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है, जिसमें श्री राजेश मूणत ने किसी अश्लील व्हिडियों का प्रसारण मोबाईल एवं सोशल मिडिया के माध्यम से श्री भूपेश बघेल , विनोद वर्मा, आदि के द्वारा किये जाने और उसके द्वारा श्री राजेश मूणत की राजनैतिक छबि को धुमिल किये जाने की शिकायत की गई । इन दोनो प्रकरण की जांच सी.बी.आई. ने एक साथ करके उपरोक्त आरोप पत्र प्रस्तुत किया है । | | | |

राज्य सभा के निर्वाचन और विधानसभा सदस्यों द्वारा, विधानपरिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी**

# विधायक रायमुनी ने कहा बीजेपी का संकल्प पत्र देश के15 लाख सुझाओं का प्रतिबिंब

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा की महत्वपूर्ण पत्रकारवार्ता आयोजित हुई, इस दौरान मोदी की गारंटी सहित भाजपा के घोषणा पत्र पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय एवं विधायक रायमुनी भगत ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र 'मोदी की गारंटी' को विकसित भारत का संकल्प पत्र बताते हुए कहा है 76 पन्नों का यह संकल्प पत्र देशभर से मिले 15 लाख सुझावों का प्रतिबिम्ब है जिसे 24 समूहों में बाँटा गया है, इसमें 10 सोशल ग्रुप में गरीब, युवा, मध्यम वर्ग, मछुआरे, वंचित वर्ग, सीनियर सिटीजन, पिछड़े एवं कमजोर वर्ग शामिल हैं, वहीं गवर्नेंस को 14 सेक्टर्स में बाँटा गया है। कृष्ण राय ने आगे कहा कि संकल्प पत्र में भारत के अन्य देशों से संबंध, आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा, समृद्ध भारत, ईज ऑफ लिविंग, विरासत का विकास, गुड गवर्नेंस, सुशासन, स्वस्थ भारत, शिक्षा, खेल, सभी सेक्टर्स का विकास, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी और पर्यावरण को रखा है। राय ने कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और अफोर्डेबल हो, सस्ती हो। मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। अब भाजपा ने यह संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल के ऊपर के हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हों, मध्यम वर्ग के हों या फिर उच्च मध्यम वर्ग ही क्यों न हों, उन्हें 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। आगे उन्होंने कहा कि जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। यही सबका साथ, सबका विकास का भाव है और यही भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा भी है। भारत वुमैन लेड डेवलपमेंट में दुनिया को दिशा दिखा रहा है। पिछले 10 वर्ष नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं।

**महत्वपूर्ण घोषणाएं-** भाजपा के संकल्प पत्र की अन्य विशिष्ट बातों का जिक्र करते हुए राय ने कहा कि भारतीय डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का दुनिया भर में विस्तार करेंगे। घोषणा-पत्र में कहा गया है कि भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को दुनिया भर में सराहा जा रहा है। साथी देशों के साथ इस टेक्नोलॉजी को साझा करने की दिशा में काम होगा। विरासत का संरक्षण और प्रचार किया जाएगा। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के स्मरण में दुनिया भर में उत्साह के साथ रामायण उत्सव मनाया जाएगा। नशे के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत किया जाएगा। न्याय संहिता को शीघ्र से लागू किया जाएगा। वामपंथी उग्रवाद का खात्मा हमारी प्राथमिकता है। सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की क्षमता बढ़ाएंगे। एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू करेंगे। एक सामान्य मतदाता सूची प्रणाली विकसित की जाएगी। अगले 5 साल तक मुफ्त राशन देना जारी रखेंगे। आयुष्मान योजना में ट्रांसजेंडर को भी शामिल किया जाएगा। पीएम आवास के तहत 3 करोड़ नए घर बनाए जाएंगे। रसोई गैस सप्लाई पाइप से करेंगे। पीएम सूर्य घर बिजली योजना के तहत करोड़ों परिवारों को शून्य बिजली बिल का लाभ देंगे। मुद्रा ऋण के तहत ऋण सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की जाएगी। राष्ट्रीय सहकारिता नीति बनाई जाएगी। 2025 में जनजातीय गौरव दिवस आयोजित करेंगे। प्रेस वार्ता में पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, विधायक रायमुनी भगत, विधायक श्रीमती गोमती साय, जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदे, विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिन्हा, कार्यालय प्रभारी रूपेश सोनी, मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान मौजूद रहे।

## संस्कृति विकास के क्षेत्र में किया जाएगा कार्य

कृष्ण कुमार राय एवं विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि संस्कृति के क्षेत्र में काम करते हुए हमारी सरकार काशी विश्वनाथ कॉरिडोर से प्रेरित होकर धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए नई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। अयोध्या में विश्वभर से करोड़ों बद्धालु श्री रामलला के दर्शन करने आ रहे हैं। अयोध्या नगरी कर सर्वांगीण विकास किया जाएगा। भारतीय पांडुलिपियों के संरक्षण और अध्ययन को प्रोत्साहित करेंगे। प्राचीन भारतीय सभ्यता, शास्त्रीय भाषाओं, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए एक फंड स्थापित किया जाएगा। इसी प्रकार भारतीय साहित्यिक रचनाओं का विदेशी भाषाओं में अनुवाद करके भारतीय ज्ञान परंपराओं पर एक त्रिवार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हमारी सरकार करेगी। राय ने कहा कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को तैयार करने के उद्देश्य से एएसआई स्मारकों का जीर्णोद्धार और संरक्षण किया जाएगा और साथ ही भारत पर्यटन स्थलों के व्यापक विकास के लिए स्वदेश दर्शन कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम को मजबूती देने के लिए राज्य सरकारों के साथ काम किया जाएगा। महत्वपूर्ण संतों और दार्शनिकों की जीवन यात्राओं को शामिल किया जाएगा।

## पर्यटन विकास के क्षेत्र में होगा कार्य

जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने बताया कि पर्यटन के लिए एथीनेटिक सर्किट का विकास किया जाएगा। लक्षद्वीप एवं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में द्वीप पर्यटन केंद्र स्तापित करते हुए नॉर्थ-ईस्ट भारत और अन्य पहाड़ी राज्यों में एडवेंचर पर्यटन और वेड इन इंडिया को बढ़ावा दिया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम उठाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। पिछली सरकारों की अपेक्षा, हमने नागरिकों को पारदर्शी और जवाबदेह शासन प्रदान किया है। हम भ्रष्टाचार के खिलाफकानूनों का प्रौद्योगिकी के माध्यम से सख्ती से पालन करेंगे। समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता। भाजपा सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उन परम्पराओं को आधुनिक समय की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाए।

## रेलवे विकास के लिए होगा कार्य

कृष्ण कुमार राय एवं विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि रेलवे सुविधाओं का विकास और विस्तार हमारी सरकार करके नई रेलवे पटरियों का निर्माण करेंगे। यात्री और मालवाहक (कार्गो) परिवहन की क्षमता बढ़ाने के लिए रेलवे नेटवर्क का विस्तार करते हुए अगले कुछ वर्षों तक हर साल 5,000 किमी नई पटरियां जोड़ी जाएंगी। इसी तरह टिकट की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी और टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करने की प्रतिबद्धता। कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का विस्तार, विश्वस्तरीय स्टेशन का निर्माण, आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार करके विश्वस्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। इन ट्रेनों के नेटवर्क का और विस्तार किया जाएगा। आरामदायक लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे स्लीपर ट्रेन की शुरुआत के अलावा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए ट्रेनों का विस्तार करेंगे। 1,300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय मानकों पर पुनर्विकास हो रहा है। इस परियोजना का विस्तार अन्य सभी बड़े और मध्यम आकार के स्टेशनों तक किया जाएगा। पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार के लिए उत्तर, दक्षिण और पूर्व में नए कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी स्टडी किया जाएगा। नागरिकों को ट्रेनों से संबंधित सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए सुपर एप बनाया जाएगा। भारत की समृद्ध विरासत के अनुभव के लिए भारत गौरव रेल सेवा आरंभ की गई है। इसका विस्तार देश के सभी प्रमुख आस्था एवं सांस्कृतिक केंद्रों तक होगा।

# एचटीपीपी कर्मियों को आग से निपटने के सिखाए गए गुर

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा-पश्चिम के अग्निशमन सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में अग्निशामक यंत्रों की आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन कर उनके प्रचालन संबंधी डिमॉन्सट्रेशन प्रदान किया गया। जिसके उपरांत फायर एक्सीडेंट की स्थिति में त्वरित राहत व बचाव कार्यों का प्रदर्शन करते हुए आग से क्षतिग्रस्त कैजुअल्टी को रेस्क्यू कर एंबुलेंस के माध्यम से सुरक्षित चिकित्सालय पहुंचाया गया। इसी अनुक्रम में संयंत्र की कोल हस्तांतरण शाखा (बाह्य) के मोटर कन्ट्रोल कक्ष क्र.11 व 1500 मेगावॉट इकाई के ऐश हैंडलिंग प्लांट में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों व ठेका कर्मियों को सहायक अग्निशमन अधिकारी जी.पी. पनरिया व उप अग्निशमन अधिकारी जी.पी. कैथवास के नेतृत्व में फायर एक्सटिंग्विशर के सुरक्षित प्रयोग की विधि से अवगत कराया गया। उन्हें संयंत्र में आग से उत्पन्न होने वाले संभावित खतरों की प्रभावी रोकथाम के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) संजय शर्मा ने कार्यक्रम के आयोजकों का उत्साहवर्धन करते हुए फायर इंसीडेंस के प्रति जागरूकता के प्रचार प्रसार का संदेश दिया। 14 अप्रैल से प्रारंभ हुए राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के कार्यक्रमों के प्रति संयंत्र-कर्मियों में विशेष उत्साह व आकर्षण देखने को मिल रहा है।

# सोशल आउटरीच प्रोजेक्ट पर एनईएस कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय राम भजन राय एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर के स्वर्ण जयंती सभागार में प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं विज्ञान संकाय एवं आई क्यू ए सी के संयुक्त सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय स्नात्तकोत्तर कक्षा में सोशल आउटरीच प्रोजेक्ट प्रबंध का था। कार्यशाला के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने कार्यशाला आयोजन करने के उद्देश्य एवं सोशल आउटरीच प्रोजेक्ट पर अपने विचार व्यक्त करते हुये बताये यह शोध कार्य का प्रथम सीढ़ी है, आज के समय में किस प्रकार से किसी भी विषय पर सूक्ष्म अध्ययन किया जाता है। महाविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्राध्यापक डॉ हरिकेश कुमार ने उपस्थित छात्र छात्राओं को सोशल आउटरीच प्रोजेक्ट के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विषय का चयन, संबंधित विषय में पूर्व में किए गए कार्य, विषय वस्तु, अनुक्रमणिका, प्रश्नावली साक्षात्कार, अनुसूची और संदर्भ ग्रंथ सूची के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के लाइब्रेरियन विश्वनाथ प्रताप सिंह ने इलेक्ट्रॉनिक रिसोर्सेज, पूर्व में किये गए शोध पेपर, पीएचडी थीसिस, लघु शोध प्रबंध, एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट को ऑनलाइन प्राप्त करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दिए।

उन्होंने छात्र छात्राओं को इस संबंध मे विशेष रूप से जानकारी दी कि आपको अपने विषय संबंधी जानकारी कहां से और कैसे प्राप्त किया जायेगा। इसके पश्चात् विभागाधयक्ष अंग्रेजी कु रिजवाना खातून ने पीजी कक्षाओं के द्वितीय सेमेस्टर के उपस्थित छात्र छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से शोध कार्य में सूचना प्रौद्योगिकी का किस प्रकार से उपयोग किया जा सकता है बताया। इसके अलावा आईसीटी का उपयोग मोबाइल फोन में करके किस प्रकार से प्रोजेक्ट को बनाए जाते हैं। कार्यक्रम का सम्पूर्ण संचालन महाविद्याल ज्योति तिर्की द्वारा किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला में डॉ विनय के तिवारी, कु प्रिंसी कुजूर,कु आइलीन एक्का, मनोरंजन कुमार, अजय राजवाड़े, घनसुन्दर प्रधान, अलका सिंह, किरण रजवाड़े, अलीमा सोनी, जयंती सन्यासी और विज्ञान संकाय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने कार्यशाला के सभी स्त्रोत प्राध्यापको को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में भी आशा व्यक्त किया कि आगामी समय में इसी प्रकार का छात्र हितेषी कार्यक्रम आयोजित किए जाए।

# चाय पे चर्चा के माध्यम से रजोली शक्ति केंद्र भाजपा ने किया प्रचार



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

भाजपा मंडल गुंडरदेही के शक्तिकेंद्र रजोली में भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने शक्ति केंद्र संयोजक, सहसंयोजक व सभी कार्यकर्ताओं के साथ चाय पे चर्चा कार्यक्रम के तहत आमजनों से संवाद किया तथा सभी से लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मोदी ने अपनी गारंटी पूरी कर दी है। प्रति क्विंटल 3,100 रुपये में धान हम लोगों ने बेचा है। दो साल का बकाया बोनस भी मिल गया है और क्या चाहिए। डबल इंजन की सरकार का फायदा ही फायदा है। हमारा बोनस अटका हुआ था। डबल इंजन की प्रदेश में सरकार बनी तो अटका बोनस मिल गया है। भाजपा के नेतृत्व में प्रदेश अब विकास की ओर अग्रसर है। एक बार फिर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाकर पुनः डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए आप सभी अपना आशीर्वाद दे और कांकेर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजयी बनाने सभी सहयोग करें। इस दौरान प्रमुख रूप से अश्वनी यादव देवनारायण सिन्हा मिलन साहू गोरे सिन्हा पुरसोतम साहू त्रयोदय मुकेश गोविन्दा बघेल वागि़श बघेल आदि उपस्थित रहे।

# तिल्दा के रेत तस्कर डोंगरीडीह में लगे खनिज कमचाँरियों के जाते ही, रात में रेत की अवैध खनन में जुट रहे हैं तस्कर

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा विकास के मामले में भले ही सुर्खियों में नहीं है लेकिन रेत की अवैध खनन एवं परिवहन के मामले में विगत कुछ समय से लगातार सुर्खियों के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिये हैं। जिसके चलते खनिज विभाग के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी के रातों की नींद को यंहा के रेत तस्करों ने उड़ा दिए हैं।इन दिनों नौबत यहां तक आ गई है कि रेत तस्करी को रोकने के लिए जिला गठन के बाद पहली बार खनिज विभाग चौकन्ना होकर तिल्दा डोंगरीडीह मुख्य मार्ग एवं डोंगरीडीह महानदी ब्रिज के पास एक एक कर्मचारी सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक ड्यूटी में लगा रखें हैं ताकि कोई भी रेत तस्कर तिल्दा से एक चम्मच रेत अवैध एवं चोरी छिपे बाहर परिवहन न कर सके।सबसे रोचक जानकारी यह भी है कि रेत तस्करी से जुड़े तस्कर खनिज विभाग के कर्मचारियों के ड्यूटी अवधि तक तो रेत की अवैध खनन एवं परिवहन नहीं कर रहा है लेकिन जैसे ही कर्मचारियों की ड्यूटी 6बजे के बाद समाप्त होती है वैसे ही रेत तस्कर तिल्दा में रात 7 बजे के एकत्रित होकर तस्करी में जुड़ रहे हैं। जिससे खनिज विभाग सहित मीडिया, ग्रामीणों की मेहनत को रेत तस्कर पानी फेरते हुए नजर आ रहे हैं। गॉव के कुछ पुराने रेत तस्कर खनिज विभाग के हर मोमेंट पर नजर टिकाए हुए हैं। ऐसे में क्या खनिज विभाग पेनाल्टी शुल्क काटने के अलावा रेत तस्कर से जुड़े लोगों पर अपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाएंगे और रेत लोडिंग करने वाले मजदूर भी उतना ही दोषी है जितना रेत के अवैध खनन एवं परिवहन को बढ़ावा दे रहे हैं, निश्चित ही रुपये की लालच में अवैध खनन के कारोबार में संलिप्त मजदूरों पर भी गाज गिरने की मांग ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से किये गए हैं। विगत दिनों 12 अप्रेल को रेत के अवैध परिवहन करते हुए तिल्दा से 2 ट्रैक्टर पर कार्रवाई खनिज विभाग ने किये थे। जिला खनिज अधिकारी कुंदन बंजारे एवं खनिज निरीक्षक भूपेंद्र भक्त ने मीडिया कर्मियों को बताया कि वह ट्रैक्टर तिल्दा निवासी मनोज कैवर्त के नाम पर है। जिसका खनिज अधिनियम के तहत पेनाल्टी काटे गए हैं।आगे भी अवैध खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई करते रहने की बात कहा है। आपको बताते चलें कि रेत तस्करी में तिल्दा के कुछ तस्कर साल के 12 महीने लगे हुए हैं और राजश्व नुकसान पहुचाने के अलावा राज्य सरकार द्वारा निर्मित कम भार क्षमता वाली डोंगरीडीह तिल्दा की सड़कों को खराब कर चलने अयोग्य बनाने में लगे हुए हैं। वहीं कुछ रेत तस्कर परिवार सहित दादागिरी पर उतारू होने की खबर भी मीडिया मिलते रहा है।इतना ही नहीं रेत तस्करी में जुड़े लोग घर पहुँचकर शिकायत नहीं करने की धमकी भी अपनी पत्नियों को सामने ढाल बनाकर करने की रिपोर्ट प्राप्त हो रही है। निश्चित ही ऐसे तस्करों पर कानूनी शिकंजा कसने की भी जरूरत है ताकि इनके हौसले पस्त हो जाए। आने वाले दिनों में खनिज विभाग का रेत तस्करों के प्लान पर कैसे गाज गिरेगी ये देखने वाली बात होगी। फ्लिहाल रेत की तस्करी तिल्दा में रात में जोरों से जारी है। सरपंच सुरेश्वर पैकरा का कहना है कि कोई भी उनकी बातों को नहीं मान रहे हैं, रेत की तस्करी हो रही है।

# डुबान क्षेत्र में मिली युवती की लाश की नहीं हुई शिनाख्त, हत्या की जताई जा रही आशंका

## सतरेंगा जाने वाले मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालेगी पुलिस

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिलान्तर्गत पर्यटन के लिए प्रसिद्ध सतरेंगा के डुबान क्षेत्र में एक युवती की लाश तैरते मिली थी। पुलिस ने शव का बारिकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उसके सिर पर चोंट के निशान मिले। घटनास्थल से थोड़ी दूर खून के धब्बे और चप्पल मिले हैं। मृतिका के दाऐं हाथ में गोदना से अंग्रेजी में शंकर लिखा है। मृतिका के शव को मेडिकल कालेज अस्पताल के मर्च्यूरी में सुरक्षित रखवाया गया है। यह सनसनीखेज मामला सोमवार की सुबह सामने आया था। दरअसल सतरेंगा के ग्रामीण खैरभवना डूबान की ओर नित्यकर्म के लिए गए हुए थे। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों की नजर डुबान क्षेत्र में एक युवती पर पड़ी, जो लाल रंग का सलवार सूट पहनी थी। वह पानी में पेट के बल पड़ी थी, जिससे ग्रामीण नहाने की बात सोंच रहे थे, लेकिन काफी देर तक उसके एक ही स्थान पर होने से ग्रामीणों को आशंका हुई। उन्होंने करीब जाकर देखा तो युवती के मृत होने की बातें सामने आई। यह खबर देखते ही देखते सतरेंगा के अलावा आसपास के क्षेत्र में फैल गई। ग्रामीण भारी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए। मामले की सूचना सतरेंगा के कोटवार राकेश दास ने लेमरू थाना पहुंचकर दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। शव का निरीक्षण करने पर मृतिका के सिर में गंभीर चोंट के निशान मिले। उसके दाएँ हाथ में गोदना से अंग्रेजी के अक्षरों में शंकर लिखा हुआ था। पुलिस ने मौके का बारिकी से मुआयना किया तो थोड़ी ही दूर मृतिका के चप्पल पड़े मिले। वहीं घटनास्थल पर खून के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने आसपास मौजूद ग्रामीणों से मृतिका की शिनाख्ती कराई, तो ग्रामीणों ने मृतिका को पहचानने से इंकार कर दिया। जिससे संभावना जताई जा रही है कि मृतिका अपने साथियों के साथ घूमने फिरने के लिए आई होगी। यहां उसकी हत्या कर शव को डूबान में ठिकाने लगाया गया होगा। बहरहाल पुलिस ने मृतिका के शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मर्च्यूरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मृतिका की शिनाख्ती के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। जिले भर के थाना चौकियों को उसकी तस्वीर भेजे गए हैं, वहीं पड़ोसी जिलों के थानों में भी अवगत कराया गया है। मृतिका की पहचान होने पर उसकी मौत से रहस्य का पर्दा उठ सकता है। ग्रामीणों की मानें तो मृतिका लाल रंग का शूट पहनी है।

**महतारी वंदन योजना के तहत शक्ति केंद रेंगाकठेरा के ग्राम पंचायत खुटेरी में पॉकेट मीटिंग लिया**

# केंद्र प्रभारी ने खुटेरी में पॉकेट मीटिंग, योजनाओं की दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com





शक्ति केंद्र रेंगाकठेरा, पैरी, लिमोरा एवं खुटेरी के प्रभारी प्रमोद जैन ने महतारी वंदन योजना के तहत शक्ति केंद्र रेंगाकठेरा के ग्राम पंचायत खुटेरी में पॉकेट मीटिंग लिया। जिसमें आस पास के गांवों की मनरेगा में काम करने वाली और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। और प्रत्याशी भोजराज नाग के लिए समर्थन मांगा। महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रमोद जैन ने कहा कि जिस प्रकार से मोदी की गारंटी के तहत विष्णु देव सरकार ने आप सब के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, जिसमे महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह शादीशुदा महिलाओं को 1 हजार रुपए दिया जा रहा है। जिसकी दो किस्त आपको मिल चुकी है। मनरेगा योजना के मजदूरी की राशि बढ़ाई गई है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मुफ्त में गैस सिलेंडर प्रदान किया जा रहा है। बीपीएल कार्ड धारियों को मुफ्त में चावल दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास आपको मिल रहा है। हमारी डबल इंजन की सरकार आप सभी के हित में काम कर रही है। भगवान श्री राम का मंदिर बनाया, जो सभी हिन्दुओं के आस्था का केंद्र है। उनके दर्शन के लिए श्री रामलला दर्शन योजना बनाया गया है। धान की कीमत बढ़ाकर 3100 रुपए किया गया। दो साल के बकाया बोनस की राशि का भुगतान किया गया। इन सभी कल्याणकारी योजनाओं को ध्यान में रखते हुए आप सभी 26 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में वोट देकर लोकसभा कांकेर से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजयी बनाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आने वाले 26 तारीख को लोकसभा कांकेर से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को तीसरे नंबर पर कमल छाप के बटन को दबाकर भारी मतों से विजयी बनाना है। इसके लिए आप सभी 26 तारीख को पहले मतदान फिर जलपान के नियम को अपना पूरे परिवार के साथ जिनका नाम वोटर लिस्ट में है उनके साथ जाकर मतदान करिए। इस चुनई त्योहार में अपना बहुमूल्य वोट देकर राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य पूरा करना है। इस कार्यक्रम में सरपंच नविता साहू, पृथ्वी साहू, नरेश साहू, केशवरी साहू, विमल सोनकर, मोहन साहू, झुमुक, कौशल ठाकुर, गिरेंद्र साहू, रूपेश्वरी साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कुम्हारी को मिली सौगात राष्ट्रीय राजमार्ग पर नव निर्मित फ्लाई ओवर से आवागमन प्रारंभ



पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नवरात्रि पर्व की नवमी तिथि पर सायं 7:15 बजे से आवागमन प्रारंभ किए जाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग में बरसों से कच्छप गति से निर्मित फ्लाईओवर जनता के लिए खोल दिया गया है। इस फ्लाईओवर से आवागमन प्रारंभ होने से टोल प्लाजा से डी एम सी तक ट्रेफिक जाम से आम जनता को राहत मिली है ।

# भाजपा, कांग्रेस ने किया जोरदार शक्ति प्रदर्शन

## बिलासपुर में तेज धूप के बाद भी दोनों दलों के प्रत्याशियों ने हजारों की संख्या में समर्थकों के साथ निकाली रैली

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की तीन हाई प्रोफाइल सीटों बिलासपुर, कोरबा और जांजगीर में बीजेपी-कांग्रेस के नेता नामांकन रैली के बहाने जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। बिलासपुर में भाजपा के तोखन साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा भाजपा विधायकों की मौजूदगी में नामांकन जमा किया तो कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव ने भी कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और फायर ब्रांड नेत्री सुप्रिया श्रीनेत तथा अन्य दिग्गज नेताओं के साथ नामांकन जमा किया। उसके पहले दोनो दलों ने शहर में बाजे गाजे के साथ जबरदस्त रैली निकालकर जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। दोनो दलों के उम्मीदवारों ने जिस तरह अपनी ताकत दिखाई उससे स्पष्ट हो गया है कि बिलासपुर में मुकाबला तगड़ा रहेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कांग्रेस की स्थिति अच्छी नहीं, इसलिए 75 साल रहने के बाद भी जनता ने नकारा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भाजपा के सांसद प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में नामांकन भरने बिलासपुर पहुंचे। इस दौरान यह मीडिया से उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति प्रदेश क्या पूरे देश में अच्छी नहीं है। यही कारण है कि 75 साल रहने के बाद भी उन्हें जनता नकार रही है। बिलासपुर कलेक्ट्रेट में नामांकन भरने के बाद में जगन्नाथ मंगलम में आम सभा को संबोधित करने पहुंचे। उनके साथ डिप्टी सीएम अरुण साव समेत भारतीय जनता पार्टी के तमाम दिग्गज मौजूद रहे। समय अभाव के कारण मुख्यमंत्री साय बिलासपुर में रोड शो नही कर पाए और वे कोरबा चले गए। बिलासपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम विष्णु देव साय ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में पांच साल रही कांग्रेस सरकार ने हर योजना में भ्रष्टाचार किया। इसी का नतीजा है कि कई अफसर और नेता जेल में हैं। उन्हें जमानत तक नहीं मिल रही है। उधर कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के नामांकन रैली में इंडिया गठबंधन से जुड़े अन्य दलों के नेता भी शामिल रहे। कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली में शामिल होने आई कांग्रेस की तेज तर्रार नेत्री और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रधानमंत्री मोदी, केंद्र सरकार और भाजपा नेताओं पर जोरदार हमला बोला। शहर वासियों को कांग्रेस की रैली एक नए अंदाज में देखने को मिला। दोनों प्रत्याशियों की रैली ने यह बता दिया है कि बिलासपुर से चुनाव जीतना आसान नहीं है। दोनों उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना दिख रही। दोनों उम्मीदवारों के समर्थन में बिलासपुर, मुंगेली, लोरमी, कोटा, बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी कई बसों, मंहगी कारो, ऑटो, ट्रेक्टर से बिलासपुर पहुंचे थे। रैली मुख्यमार्ग से निकलने के कारण चारों तरफ सड़क जाम की स्थिति रही।

# कांग्रेस का प्रत्याशी नहीं बनाया तो विष्णु यादव ने भाजपा का दामन थाम लिया

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर लोकसभा सीट से टिकट की मांग करते हुए 3 दिन पहले कांग्रेस से नामांकन फॉर्म खरीदने वाले प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य विष्णु यादव ने कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर भाजपा की शरण ले ली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में वे भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान विष्णु यादव के साथ बिलासपुर, बेलतरा, बिल्हा और मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के कई लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया।भाजपा प्रत्याशी तोखनराम साहू की नामांकन रैली के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर पहुंचे हुए थे। यहां उनकी मौजूदगी में विष्णु यादव ने बीजेपी में प्रवेश किया। नामांकन रैली के बाद जगन्नाथ मंगलम में कार्यकर्ताओं को सीएम विष्णुदेव साय ने संबोधित भी किया। इस मौके पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि अब दो-दो विष्णु पार्टी के लिए काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि विष्णु यादव ने नामांकन फॉर्म खरीदने के बाद कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि बार-बार उनके साथ अन्याय हो रहा है। एक बार उनका नाम घोषित हो जाने के बाद टिकट में बदलाव कर दिया जाता है। वे पूर्व में एआईसीसी के डेलिगेट रह चुके हैं। बिलासपुर लोकसभा सीट से शुरू में विष्णु यादव को ही कांग्रेस से टिकट मिलने की चर्चा थी, लेकिन ऐन वक्त पर देवेंद्र यादव के नाम की घोषणा हो गई। इसके बाद से कांग्रेस में विरोध के स्वर सुनाई देने लगे। सबसे पहले पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष जगदीश कौशिक ने आमरण अनशन किया और इसके बाद विष्णु यादव कांग्रेस से नामांकन फॉर्म खरीदने पहुंच गए। 2 दिन पहले पूर्व पार्षद अखिलेश चंद्र और प्रदीप वाजपेयी ने भी कांग्रेस से नामांकन फॉर्म खरीदा था। पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू और विजय केशरवानी का दावा भी कोरा साबित हुआ। विष्णु यादव की दावेदारी कितनी गंभीर थी। इसका इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि विष्णु के नाम पर ही बिलासपुर से यादव समाज को प्रतिनिधित्व देने का निर्णय कांग्रेस आलाकमान ने लिया था। खबर है कि इसके बाद ऊपर के स्तर पर लॉबिंग हुई और ये बात राहुल गांधी तक पहुंचाई गई कि देवेंद्र यादव 17 शहरी सीटों से अकेले जीतने वाले युवा नेता हैं। इसके बाद टिकट बदल दिया गया। विष्णु यादव द्वारा बिलासपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस की ओर से नामांकन फॉर्म खरीदने के बाद संगठन के कान खड़े हो गए थे। कांग्रेस की संवाद एवं संपर्क समिति के अगुवा धनेंद्र साहू ने बिलासपुर पहुंचकर संगठन के नेताओं के साथ कांग्रेस भवन में बैठक की थी। इसके बाद रात में विष्णु यादव से उनके घर पहुंचकर उन्हें मनाने का प्रयास भी किया था। हालांकि विष्णु यादव ने उनकी बात नहीं मानी और बीजेपी ज्वाइन कर लिया।वैसे विष्णु यादव का भाजपा में जाना कोई आश्चर्य कर देने वाली बात नही है। उसने जानबूझकर नामांकन फार्म खरीदा था जबकि कई धार्मिक कार्यक्रमों में वे उपमुख्यमंत्री अरुण साव और कई भाजपा नेताओ के साथ नजर आए तभी से अंदाजा हो गया था कि वह अब कांग्रेस में नहीं रह पाएगा और देर सबेर भाजपा की शरण में चला जायेगा।

# गटर साफ करने उतरे होटल के 2 कर्मियों की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के होटल अशोका बिरयानी में गटर की सफाई करने उतरे दो कर्मियों की मौत हो गई। इस घटना के बाद होटल में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पुलिस पहुंची और मामले की जांच में लग गई। जानकारी के मुताबिक, घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अशोका बिरयानी की है। अशोका बिरयानी सेंटर के दो कर्मचारियों के शव गटर में मिले। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर तेलीबांधा पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गटर के अंदर दो शव मिलने से बिरयानी सेंटर में काम करने वाले अन्य कर्मचारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है। मृतकों की पहचान अशोका बिरयानी में काम करने वाले इलेक्ट्रिशियन के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की शिनाख्त डेविड साहू पिता यशवंत राम उम्र 19 साल निवासी खामहरिया जिला धमतरी और नीलकुमार पटेल पिता जगदीश पटेल उम्र 30 साल निवासी खुटादरहा जांजगीर जिला जांजगीर के रूप में हुई है। मृतक कमलेश चांपा जांजगीर और डेविड धमतरी का निवासी था। बताया जा रहा है कि तेलीबांधा स्थित अशोका बिरयानी के कर्मचारी बिना कोई सेफ्टी के गटर में साफ सफाई करने उतरे थे। इस दौरान शायद गड्ढे में जहरीले गैस के संपर्क में आ गए और दम घुटने से उनकी मौत हो गई होगी। रायपुर के लाभंडी स्थित अशोका बिरयानी रेस्टोरेंट में गटर साफ करने उतरे दो कर्मचारियों की मौत हो गई।

# आचार संहिता उल्लंघन पर नागरिक कर सकते हैं सी-विजिल एप में शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नागरिकों के निर्वाचन उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के त्वरित कार्रवाई के लिए सी-विजिल एप देश में चालू है। आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित सी- विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफ एवं वीडियो के साथ-साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक राज्य में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी-विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है या एप्प में पंजीकृत होकर भी की जा सकती है। पंजीकृत उपयोगकर्ता के रूप में शिकायत करने पर उपयोगकर्ता को शिकायत निराकरण के पश्चात उसकी सूचना भी दी जाएगी। यह एप्लीकेशन आम नागरिकों के लिए एंड्राइड/ आईओएस दोनो पर उपलब्ध है। सामान्य मामलों में शिकायतों पर कार्यवाही 100 मिनिट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी। सीविजिल एप का उपयोग करते हुए नागरिक निर्वाचन अवधी के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाए बिना ही आनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सी विजिल एक आसान ऐप है जो प्रयोक्ता अनुकूल तथा उपयोग करने में आसान है। यह एप्लिकेशन सतर्क नागरिक को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी तथा फिल्ड सत्यापन इकाई से जोड़ती है जिसके द्वारा एक तेज तथा सटीक रिपोर्टिंग, कार्रवाई व अनुवीक्षण तंत्र तैयार होता है।

### भाजपा के संकल्प पत्र में ई-कोर्ट स्थापित करने का निर्णय स्वागतेय : विकास तिवारी

**राजनांदगाँव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए पार्टी का विधि प्रकोष्ठ भी खासा सक्रिय हैं, प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता बौद्धिक वर्ग के लोगों से मेल मुलाकात कर उन्हे भाजपा के विचारों से तो अवगत करा ही रहें हैं साथ ही साथ भाजपा के संकल्प पत्र - मोदी गारंटी 2024 का बुद्धजीवियों पर हो रहे असर को भी बता रहें हैं। प्रकोष्ठ के संयोजक विकास तिवारी ने बौद्धिक वर्ग के लोगों से चर्चा करते हुए कहा की वन नेशन - वन इलेक्शन की बड़ी गारंटी मोदी सरकार ले रही है, इससे जहां देश के संसाधनों की बड़ी बचत होगी वही एक साथ चुनाव कराने से विकास कार्यों को गति मिलेगी, साथ ही साथ मतदाताओं और देश को बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। तिवारी ने आगे बताया की देश के अदालतों की व्यवस्था अंग्रेजो की जमाने से चली आ रही है। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीमकोर्ट से लेकर हाई कोर्ट सहित स्थानीय अदालतों में लाखों-लाख प्रकरण लंबित पड़े हैं, हालत यह हैं की पक्षकार जीवन पर्यंत केवल अदालत के चक्क र ही काटता रह जाता हैं, उसे न्याय समय पर नहीं मिल पाता, आम लोगों को सदियों से हो रही।

# सुप्रिया ने 'शहीद' वाले बयान पर दी सफाई, कहा : बीजेपी कर रही दुष्प्रचार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के नामांकन रैली में शामिल होने के बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत रायपुर पहुंची। इस दौरान राजीव भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने नक्सलियों को शहीद बताए जाने वाले बयान पर सफाई देते हुए बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि, बीजेपी की फेक न्यूज फैक्ट्री मेरे बयान को गलत तरीके से चला रही है। साल 2013 में झीरम घाटी में हमने कांग्रेस के पूरे नेतृत्व को इन्हीं नक्सलियों के हाथ खोया था। क्या ऐसे नक्सलियों के साथ हमारी जरा सी भी सहानुभूति हो सकती है? कांग्रेस ने अपने दो-दो प्रधानमंत्री को हिंसा की बलिवेदी में चढ़ते हुए देखा है। प्रदेश की बीजेपी कुत्सित है और वे काट-छांट कर मेरे बयान को चला रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, मंगलवार को कांकेर में पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया था। इस मुठभेड़ पर कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने विवादित बयान दिया था। जहां उनसे नक्सली मुठभेड़ और भूपेश बघेल के बयान के संदर्भ में सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा था कि, इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। मुझे लगता है कि, इसकी गहन जांच होनी चाहिए और उन सब लोग जो शहीद हुए हैं और हमारे कुछ सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं। उन सबको हमारी संवेदना है और इसमें राजनीति का कोई सवाल ही नहीं है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के इस बयान के बाद से सियासत गरमा गई थी।

# भाजपा सरकार ने किसानों के धान का 1600 करोड़ नहीं दिया

## राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त भाजपा सरकार हजम कर गई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों से धोखा कर रही। किसानों के द्वारा पिछले वर्ष बेचे गये धान की कीमत की अंतिम किस्त जो सरकार को देना था भाजपा सरकार ने उसको भी नहीं दिया। जिससे किसानों का 1600 करोड़ का नुकसान हो गया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त के लिये पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा बजट का प्रावधान करके रखा था साय सरकार ने किसानों को भुगतान नहीं किया जिसके कारण किसानों को मिलने वाली किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की बजट राशि को लेप्स हो गयी। यह भारतीय जनता पार्टी की किसान विरोधी सोच का नतीजा है किसानों ने अपना धान 2680 रू. में सरकार के पास बेचा था यह छत्तीसगढ़ सरकार और किसानों के बीच का अनुबंध था। सरकार चलाने वाला दल भले ही बदल गया हो किसानों से सरकार द्वारा किया गया अनुबंध (वादा) तो यथावत है। किसान न्याय योजना का पैसा किसानों का हक है उन्हें मिलना ही चाहिये। साय सरकार किसानों को उनके धान का पैसा तत्काल भुगतान करें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद जनकल्याणकारी योजनायें दम तोड़ रही। किसानों को मिलने वाली राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त नहीं दिया गया। गौठानों को बंद कर दिया गया जिससे 27 लाख से अधिक बहनें जो स्व-सहायता समूह के माध्यम से गौठानों में काम करती थी बेरोजगार हो गयी। 13800 से अधिक राजीव युवा मितान क्लबों को बंद कर दिया गया जिससे युवाओं के सर्वागीण विकास के लिये मिलने वाली एक लाख रू. की सहायता बंद हो गयी। बेरोजगार युवाओं को मिलने वाली बेरोजगारी भत्ता को बंद कर दिया। ग्रामीण रोजगार योजना के लिये चलाई जाने वाली ''रीपा'' रूरल इंडस्ट्रियल पार्क को बंद कर दिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि आदतन किसान विरोधी भाजपाई चुनाव जीतते ही वादाखिलाफी पर उतर आए हैं। डिप्टी सीएम विजय शर्मा सहित भाजपा के तमाम प्रत्याशी चुनाव प्रचार के दौरान छत्तीसगढ़ के सभी किसानों का 2 लाख तक का कर्ज माफ करने का वादा करते दिखे लेकिन सरकार बनते हैं भाजपा नेताओं ने यू टर्न ले लिया। धान और किसान का विषय भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के लिए केवल चुनावी है, चुनाव खत्म मुद्दा खत्म। आदतन वादाखिलाफी करने वाले भाजपाई अब छत्तीसगढ़ के किसानों के प्रति अपने दायित्व से भाग रहे हैं। 100 दिन में महंगाई कम करने के वायदे, 2 करोड़ रोज़गार हर साल, 2022 तक किसानों की आय दुगनी करने, स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश लागू करने के वादे और सभी के बैंक खातों में 15-15 लाख़ के समान ही छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी का हश्र जुमला साबित होते हुआ दिख रहा है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403